
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 16 जून 2026
वर्ष 07, अंक 249, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

ड्यूटी से गायब सफाई कर्मी के खिलाफ सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत ...02

निर्माण के नाम पर 1. 25 करोड़ खाते से निकालने में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज..11

# सड़क निर्माण पर सवाल उठाने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट को सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली जमानत

- कहा-ये नया धंधा बन गया
- सुप्रीम कोर्ट ने एक लोक सेवक के काम में बाधा डालने और सरकारी सड़क निर्माण परियोजना में हस्तक्षेप करने के आरोपी आरटीआई कार्यकर्ता राकेश कुमार बहल को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया
- सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि आरटीआई एक्टिविस्ट एक नया बिजनेस बन गया है



सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोप में फंसे आरटीआई कार्यकर्ता राकेश कुमार बहल को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है. कोर्ट ने सोमवार (15 जून) को उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है. जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने सुनवाई के दौरान तीखी टिप्पणियां करते हुए कहा कि आरटीआई एक्टिविज्म अब नया धंधा (बिज़नेस ) बन गया है। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें राकेश कुमार बहल की जमानत याचिका खारिज की गई थी. सुनवाई के दौरान जस्टिस मेहता ने सख्त लहजे में कहा 'आरटीआई एक्टिविस्ट एक नया बिजनेस बन गया है. केंद्र सरकार ने फंड जारी किया है, वह सड़क निर्माण देख लेगी. आप कोई नहीं हैं. तथाकथित आरटीआई एक्टिविस्ट! येलो जर्नलिज्म'।

### जस्टिस बिश्नोई ने उठाए सवाल

वहीं जस्टिस बिश्नोई ने भी सवाल उठाया कि राकेश बहल सड़क निर्माण की निगरानी क्यों कर रहे थे. उन्होंने पूछा कि आप कौन होते हैं जो सड़क निर्माण या उसकी प्रगति की निगरानी कर रहे हैं?.क्या आप कोई उच्च अधिकारी हैं?. कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के अग्रिम जमानत न देने के आदेश को बरकरार रखा।

### क्या है आरोप

जानकारी के मुताबिक राकेश कुमार बहल और एक अन्य आरोपी पर निर्माणाधीन सड़क का काम रोकने और काम की निगरानी कर रहे शिकायतकर्ता एवं मजदूरों को धमकाने का आरोप है. इसके साथ ही आरोप है कि बहल ने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की, जबकि दूसरे आरोपी ने उसे लात मारी. इसके अलावा मजदूरों के खिलाफ जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणी करने का भी आरोप लगाया गया है।

### हाईकोर्ट ने भी जमानत देने से किया इनकार

इसके बाद बीएनएस, 2023 की धारा 304(2), 132, 221, 121(1), 351(2), 351(3) (बीएनएस, 2023 की धारा 3(5), 121(2) और एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(1)) के तहत एफआईआर दर्ज की गई. पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने भी माना था कि स्नद्धक्र में लगे आरोप सरकारी काम में बाधा डालने की सीधी और स्पष्ट संलिप्तता दिखाते हैं. इसी आधार पर हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था. वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने भी बहल को जमानत देने से इनकार कर दिया है।

# जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीप्के पर हमला, युवक ने मारा थप्पड़

- राजस्थान के जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के अभिजीत दिपके को थप्पड़ मारा गया है
- बताया जा रहा है कि प्रदर्शन के दौरान एक अज्ञात युवक ने अभिजीत दिपके पर हमला कर दिया
- वहीं इस पूरे प्रकरण के बाद अभिजीत ने अपने कार्यकर्ताओं सेशांति बनाए रखने को कहा



जयपुर। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके पर दो युवकों ने अचानक हमला कर दिया। भीड़ में से दो युवकों ने निकलकर अभिजीत दीपके को थप्पड़ मारे। अभिजीत दीपके जयपुर में नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच भीड़ में से दो युवक निकले और उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर पर थप्पड़ मारने शुरू किए। इसके बाद CJP के समर्थकों ने दोनों युवकों को पकड़कर पीटा।

राजस्थान के जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के अभिजीत दीप्के को थप्पड़ मारा गया है. बताया जा रहा है कि प्रदर्शन के दौरान एक अज्ञात युवक ने अभिजीत पर हमला कर दिया. युवक ने अभिजीत को थप्पड़ मार दिया. युवक ने एक के बाद एक कई थप्पड़ मारे. इसके बाद अभिजीत के समर्थकों ने युवक को पकड़कर जमकर पीटा. इसके बाद वहां हंगामा मच गया।

जयपुर के शहीद स्मारक पर कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ता सोमवार को प्रदर्शन कर रहे थे. इसी बीच पार्टी फाउंडर अभिजीत दिपके सभा स्थल पर पहुंचे. सभा स्थल में प्रवेश के दौरान कई युवकों ने उन पर हमला कर दिया. युवकों ने अभिजीत को एक के बाद एक कई थप्पड़ रसीद कर दिए. इसके बाद वहां से फरार हो गए. इस बीच सीजेपी के कार्यकर्ताओं ने युवकों को पकड़कर जमकर पीट दिया. हालांकि मौके पर मौजूद भारी पुलिस ने बल ने आरोपियों को पकड़ लिया. पुलिस ने फिलहाल 3 से 4 युवकों को हिरासत में लिया है. हालांकि पुलिस ने अभी आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की गई है. इस घटना के बाद घटना के बाद कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई. वहीं इस पूरे प्रकरण के बाद अभिजीत ने अपने कार्यकर्ताओं सेशांति बनाए रखने को कहा।

### देशभर में प्रदर्शन कर रही है कॉकरोच पार्टी

जयपुर से पहले अभिजीत इससे पहले दिल्ली, लखनऊ समेत कई जगहों पर अपनी पार्टी के प्रदर्शन में शामिल हो चुके हैं. बता दें कि देशभर के अलग-अलग शहरों कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है. प्रदर्शन के माध्यम में सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं. देश की शिक्षा व्यवस्था, नीट पेपर लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर कॉकरोच पार्टी लगातार सरकार को निशाने पर ले रही है।

### कैसे बनी कॉकरोच जनता पार्टी?

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) एक वास्तविक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि देश में बढ़ती बेरोजगारी और पेपर लीक जैसी समस्याओं के खिलाफ युवाओं द्वारा शुरू किया गया एक व्यंग्यात्मक (Satirical) सोशल मीडिया आंदोलन है. इसकी शुरुआत मई 2026 में हुई है. इसके फाउंडर अभिजीत दीप्के हैं।

### हमला, हमले, डर और कायरता की निशानी

कॉकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीप्के ने कहा कि शारीरिक हमले, डर और कायरता की निशानी हैं. हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

## तेज धूप और उमस के बाद हल्की राहत, 41 किमी की रफ्तार से आई आंधी, छाया धूल का गुबार

**आगरा।** शहर में सोमवार को सुबह से तेज धूप निकली। दिनभर उमस और चुभने वाली धूप की वजह से शहरवासी परेशान रहे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि देखने को मिली। शाम 4:30 बजे के करीब मौसम में बदलाव आया। आंधी के साथ आसमान में धूल के गुबार छा गए। आंधी के बाद ठंडी हवा चलने से गर्मी से परेशान शहरवासियों को राहत मिली। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। 18 व 19 जून को वर्षा हो सकती है। रात का तापमान बढ़ने से शहर में सोमवार को सुबह से उमस और गर्मी अधिक रही। दिन चढ़ने के साथ धूप भी तेज होती चली गई। घर से बाहर निकलने पर धूप चुभती रही। दिनभर यही स्थिति रही। शाम को मौसम में बदलाव आया। आसमान में काले बादल घिर आए और तेज हवा चलने लगी। धूल उड़ने से राहगीरों के कदम जहां के तहां ठिठक गए। आंधी में कई बैनर व होर्डिंग भी उखड़ गए। एक घंटे तक यही हाल रहा। आंधी ने सुबह से गर्मी से परेशान शहरवासियों को कुछ राहत प्रदान की।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पाली गांव में अवैध खनन का आरोप, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**उन्नाव।** अजगैन क्षेत्र के पाली गांव में मानकों को दरकिनार कर लगातार अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्क ऑर्डर की अनुमति की आड़ में खनन माफिया धड़ल्ले से मिट्टी खनन कर रहे हैं, जबकि संबंधित विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रात के समय खनन माफिया अधिक सक्रिय हो जाते हैं और दर्जनों डंपरों के माध्यम से मिट्टी का परिवहन किया जाता है। रातभर डंपरों की आवाजाही से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। वहीं भारी वाहनों के संचालन से गांव की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं तथा उड़ने वाली धूल से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन कार्य में एनजीटी के नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि खनन क्षेत्र का सीमांकन नहीं कराया गया, न ही निर्धारित क्षेत्र में झंडियां लगाई गई और न ही सूचना बोर्ड स्थापित किया गया। इसके अलावा मिट्टी से भरे डंपरों को त्रिपाल से ढककर परिवहन करने के नियम का भी पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लेखपाल की कथित मिलीभगत और खनन विभाग की उदासीनता के चलते अवैध खनन को बढ़ावा मिल रहा है। उनका कहना है कि संबंधित अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण खनन माफिया रात के समय अवैध खनन करने में सफल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और गंभीर हो सकती हैं।

### आगरा में बवाल: पुलिस पर पथराव में 11 जवान घायल, मंत्री के समझाने के बाद भी नहीं माने ग्रामीण

**आगरा।** फतेहाबाद में ख्वासपुरा के युवक की हादसे में मौत के बाद सोमवार शाम 5.45 बजे बवाल हो गया। रोड पर शव रखकर बैठे ग्रामीणों को हटाने की कोशिश करने पर ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। 15 मिनट तक चले पथराव में 11 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद कई थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। पथराव करने वालों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बवाल से कुछ देर पहले मत्य पालन मंत्री डॉ. संजय निषाद ग्रामीणों को समझाने पहुंचे थे।उनके कहने पर भी लोग नहीं उठे तो वे वापस चले गए।

# बस्ती में 94 क्विंटल राशन कम मिला:कोटेदार का लाइसेंस निलंबित, DM की मंजूरी पर दर्ज होगी FIR

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बस्ती।** बस्ती जिले के कुदरहा ब्लॉक अंतर्गत भंगुरा गांव में उचित दर विक्रेता द्वारा राशन की बड़े पैमाने पर हेराफेरी का मामला सामने आया है। भौतिक सत्यापन के दौरान रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में भारी अंतर पाए जाने के बाद पूर्ति विभाग ने दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद कोटेदार और उसके सहयोगी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पूर्ति निरीक्षक अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि 10 जून को भंगुरा गांव की उचित दर दुकान का भौतिक सत्यापन किया गया था। जांच के दौरान दुकान पर केवल 8.87 क्विंटल गेहूं और 15.50 क्विंटल चावल उपलब्ध मिला। जबकि स्टॉक रजिस्टर के अनुसार, दुकान में 47.52 क्विंटल गेहूं और 70.69 क्विंटल चावल होना चाहिए था। जांच में कुल 38.65 क्विंटल गेहूं और 55.19 क्विंटल चावल कम पाया गया। इस प्रकार, लगभग 94 क्विंटल खाद्यान्न की कमी सामने आई, जिससे राशन वितरण प्रणाली में गंभीर अनियमितता उजागर हुई। विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से उचित दर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी की मंजूरी के बाद उचित दर विक्रेता रामानंद और उनके सहयोगी संजय कुमार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। विभागीय स्तर पर भी आगे की कार्रवाई की जाएगी। भंगुरा गांव के कार्डधारकों को राशन वितरण में कोई परेशानी न हो, इसके लिए उपभोक्ताओं को अस्थायी रूप से ग्राम पंचायत चकदहा की उचित दर दुकान से संबद्ध कर दिया गया है। अगले आदेश तक सभी पात्र लाभार्थियों को वहीं से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्ति विभाग की इस कार्रवाई से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी करने वालों को सख्त संदेश गया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसी अनियमितताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर खजनी में जन कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित कार्यक्रम हुआ समपन्न

» विधायक श्रीराम चौहान व जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने फीटा काट कर आयोजन का किये श्रीगणेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



खजनी गोरखपुर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खण्ड खजनी के अंतर्गत वीर बहादुर सिंह महुराँव हरनही पीजी कॉलेज परिसर में जन कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खजनी के लोकप्रिय विधायक माननीय राम चौहान एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा गोरखपुर के जिलाध्यक्ष आदरणीय जनार्दन तिवारी रहे। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों, गरीब कल्याण, सेवा एवं सुशासन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और जनसेवा के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं तथा सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श की सुविधा भी प्रदान की गई। उपस्थित लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अंशुमाली धर द्विवेदी ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, अधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिकेश राम त्रिपाठी, जगदीश चौरसिया, धारणीधर राम त्रिपाठी, भाजपा उनवल मंडल के अध्यक्ष इंद्र कुमार निगम अवध बिहारी मिश्रा धर्मेन्द्र मिश्रा, विजय कुमार तिवारी, ब्रजेन्द्र चतुर्वेदी, श्री योगेश वर्मा, चंद्रभान मद्धेशिया, गजेन्द्र राम त्रिपाठी सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ सम्पन्न हुआ।

# सिद्धार्थनगर में ग्राम रोजगार सेवकों का फूटा दर्द, प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा



**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय पर सोमवार को ग्राम रोजगार सेवकों ने प्रभारी मंत्री अनिल राजभर को कलेक्ट्रेट परिसर में घेर लिया। केंद्र सरकार के '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के समापन के बाद जनपद प्रभारी मंत्री जैसे ही बाहर निकले, प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घेर लिया। मंत्री को कड़ी धूप में करीब 15 मिनट तक खड़े होकर उनकी मांगें सुननी पड़ीं। ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री कुलदीप द्विवेदी के नेतृत्व में जिले भर से आए रोजगार सेवक अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी 10 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, राज्य कर्मचारी का दर्जा, मानव संसाधन नीति लागू करना, बकाया मानदेय भुगतान, सामाजिक सुरक्षा और न्यूनतम 24 हजार रुपये मासिक मानदेय शामिल हैं। यह घटना कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के बाद हुई। इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री अनिल राजभर के साथ जिले के कई अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम समाप्त होने पर मंत्री जैसे ही सभागार से बाहर आए, रोजगार सेवक उनकी ओर बढ़े और नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी मंत्री के चारों ओर जमा हो गए। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन सहित जिले के लगभग सभी वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद थे। अचानक बनी इस स्थिति को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों ने मोर्चा संभाला, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर डटे रहे। कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया और अधिकारियों की निगाहें मंत्री और प्रदर्शनकारियों के बीच चल रही बातचीत पर टिकी रहीं। प्रदर्शनकारियों ने मंत्री को बताया कि प्रदेश में लगभग 36 हजार ग्राम रोजगार सेवक पिछले कई वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे हैं। वे लंबे समय से अपनी मांगों को पूरा करने की अपील कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने ग्राम रोजगार सेवकों को आश्वासन दिया कि मांगों पर विचार होगा।

# चकबंदी अधिकारियों की मनमानी, दलित परिवार के आशियाने को ही वृक्षारोपण के लिए किया चयनित

- 50 वर्षों से बसे दलित परिवार पर संकटः चकबंदी आदेश से उजड़ने की कगार पर पहुंचा पट्टाधारक परिवार, मनमानी के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी मुस्तहकम क्षेत्र में चकबंदी विभाग के एक आदेश को लेकर भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। आरोप है कि वर्षों से पट्टे की जमीन पर मकान बनाकर रह रहे और उसी भूमि पर खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले एक दलित परिवार की आजीविका पर प्रशासनिक निर्णय के कारण गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दलित जुग्गीलाल और रामलाल पुत्रगण विश्राम का परिवार लगभग 50 वर्षों से गाटा संख्या 33 की भूमि पर निवास कर रहा है। बताया जाता है कि यह भूमि विश्राम को सरकार की ओर से 99 सालों के लिये पट्टे पर मिली थी, जिस पर उन्होंने स्थायी आवास बनाया और खेती-बाड़ी के माध्यम से अपने परिवार का जीवनयापन करते रहे।

आरोप है कि समय के साथ कुछ लोगों की नजर इस जमीन पर पड़ गई और चकबंदी प्रक्रिया के दौरान कथित रूप से प्रभाव का इस्तेमाल कर इस भूमि पर अपना चक बैठवाने का प्रयास किया गया। जब जुग्गीलाल और रामलाल को इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने विभिन्न स्तरों पर आपत्ति दर्ज कराई और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाए, और उनके पक्ष में निर्णय भी आया।

आरोप है कि विवादित स्थिति बनने के बाद भी मामले का निष्पक्ष समाधान नहीं निकाला गया। इसके बजाय उपचकबंदी अधिकारी की संस्तुति पर चकबंदी अधिकारी हरैया द्वारा गाटा संख्या 33, रकबा 0.524 हेक्टेयर को वृक्षारोपण के लिए रिजर्व करने का आदेश पारित कर दिया गया। इस निर्णय के बाद प्रभावित परिवार के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। परिवार का दावा है कि जिस जमीन पर उनका मकान और आजीविका दोनों निर्भर हैं, उसी को वृक्षारोपण हेतु आरक्षित कर दिए जाने से उनके सामने भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि आदेश पर अमल हुआ तो परिवार के पास जीवनयापन का कोई साधन नहीं बचेगा।

मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि गांव में अन्य ग्राम सभा भूमि उपलब्ध होने के बावजूद इसी पट्टे की भूमि को वृक्षारोपण के लिए क्यों चुना गया। वहीं आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव और व्यक्तिगत रंजिश के चलते चकबंदी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दबाव में लेकर इस भूमि को वृक्षारोपण के लिये चयनित करवाया गया है। एक तरफ सरकार लोगों को छत मुहैया करवा रही है वहीं एक दलित परिवार के आशियाने को उजाड़ने की तैयारी चकबंदी विभाग ने कर की है। लोगों का कहना है कि यदि वास्तव में भूमि पर दशकों से परिवार निवास कर रहा है और उसका जीवनयापन उसी पर निर्भर है, तो ऐसे मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्णय लिया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि विवादित आदेश की समीक्षा कर प्रभावित परिवार को राहत प्रदान की जाए तथा पूरे प्रकरण में चकबंदी प्रक्रिया की जांच कराई जाए।

अब यह मामला स्थानीय स्तर से निकलकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनने लगा है। यदि आरोपों में सच्चाई पाई जाती है तो यह सवाल खड़ा होगा कि आखिर सरकारी पट्टे पर वर्षों से जीवन गुजार रहे परिवार के अधिकारों की रक्षा कौन करेगा और चकबंदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पाल्हा गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाना क्षेत्र के पाल्हा गांव में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार पाल्हा गांव निवासी रामा निषाद ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी शिखा निषाद (21) का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना रविवार दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। परिजनों के अनुसार शिखा की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। पति ने पुलिस को बताया कि दंपति के बीच समय-समय पर घरेलू विवाद भी होते रहते थे। हालांकि विवाहिता द्वारा यह कदम उठाए जाने के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलते ही करहली चौकी प्रभारी सर्वेश चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सिद्धार्थनगर: प्रभारी मंत्री ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां



**सिद्धार्थनगर।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास खंड नौगढ़ में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला का कार्यक्रम मुख्य अतिथि मंत्री श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने फीता काटकर जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया तथा द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कार्यक्रम में उपस्थित माता बहनों का उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण हुए है देश एवं प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।भगवान गौतम बुद्ध का प्रसाद कहा जाने वाला काला नमक चावल का भी स्टाल यहां पर लगा है। सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ समस्त पात्र लाभार्थियों को दिया जा रहा है । प्रधानमंत्री द्वारा 82 करोड लोगों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 5 लाख तक का निः शुल्क इलाज के सुविधा दी जा रही है जिन लोगों के पास अपना मकान नहीं है उन्हें पक्का मकान दिया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्य,विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही ने संबोधित किया। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसएसपी डॉ.अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी नौगढ़ राहुल सिंह, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ड्यूटी से गायब सफाई कर्मी के खिलाफ सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत

**● ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर में गंदगी का अंबार, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी ग्रामीणों ने सफाई कर्मी पर ड्यूटी से गायब व साफ- सफाई न करने का लगाए गंभीर रूपसीएम पोर्टल पर हुई शिकायत की जांच सहायक विकास अधिकारी कप्तानगंज को मिली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्तीजिले केविकासखंड कप्तानगंज के अंतर्गत बहुचर्चित ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर में तैनात सफाई कर्मी लगातार ड्यूटी से गायब है। सफाई कर्मी के ड्यूटी से गायब रहने के कारण ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर ड्यूटी से गायब चल रहे सफाई कर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आपको बता दें कि ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर में काफी दिनों से सफाई कर्मियों की गलत तरीके से की गई तैनाती थी और बाद गलत तरीके से की गई सफाईकर्मियों का स्थानांतरण अन्य स्थानों पर कर दिया गया है अब सफाई कर्मियों की तैनाती तो ठीक है लेकिन सफाई कर्मियों की ड्यूटी में बड़ा खेल चल रहा है। राजस्व गांव महुआ लखनपुर में तैनात सफाईकर्मी की मनमानी ड्यूटी से साफ - सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। ग्रामीणों ने साफ सफाई व्यवस्था ठीक न होने से नाराज होकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया है जो शिकायत संख्या- 92618500022305 है जिसकी जांच सहायक विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत) कप्तानगंज सुशील कुमार श्रीवास्तव को मिली हुई है।

सूत्रों की माने तो राजस्व गांव महुआ लखनपुर में तैनात सफाईकर्मी ड्यूटी पर कभी आता ही नहीं है और ड्यूटी पर ना आने के बावजूद प्रतिमाह घर बैठकर वेतन प्राप्त करना है। जो एक जांच का विषय बना हुआ है। राजस्व गांव महुआ लखनपुर में




कौन सफाईकर्मी तैनात है? ग्रामीणों को पता ही नहीं है और न ही कभी सफाईकर्मी को ग्राम पंचायत में आते देखा है और न ही कभी साफ सफाई कार्य करते देखा है। अब देखना यह है कि राजस्व गांव महुआ लखनपुर में तैनात सफाई कर्मी लंबे समय से ड्यूटी से गायब रहने के मामले में सहायक विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है?

## फिलिंग स्टेशन में तोड़फोड़ के साथ उत्पीड़न को लेकर डीएम से पीडिता ने की फरियाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फिलिंग स्टेशन की डीलरशिप मिलने से रंजिश के चलते आरोपी द्वारा पीड़िता को हैरान व परेशान किये जाने को लेकर डीएम को शिकायती पत्र दिया गया है। लीलापुर थाना के हण्डौर निवासी ओम सांई फिलिंग स्टेशन की प्रोपाइटर विमला साहू ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसे डीलरशिप मिलने के कारण जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे खपरैलन निवासी अभिषेकमणि तिवारी पुत्र परमानंद आये दिन हैरान व परेशान किया करते हैं।

पीड़िता ने शिकायती पत्र में कहा है कि आरोपी द्वारा पीड़िता की डीलरशिप प्रभावित करने के लिए उसके फिलिंग स्टेशन में आये दिन तोड़फोड़ के साथ नुकसान के जरिए व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। आरोपी द्वारा स्वयं को खरगपुर लीलापुर के एक फिलिंग स्टेशन का प्रबंधक बताते हुए पीड़िता को बदनियती से परेशान किया जा रहा है। शिकायती पत्र में पीड़िता ने आरोपी पर रंगदारी की मांग का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीएम से इंसाफ की फरियाद की है।

## बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**● ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत बाजार शुक्ल पुलिस को मिली सफलता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत थाना बाजार शुक्ल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त मनोज कुमार पाल (33 वर्ष) पुत्र विजयपाल एवं सपना पाल (31 वर्ष) पुत्री विजयपाल, निवासी ग्राम धनेश पाठक, थाना बाजार शुक्ल, जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त



विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दुर्गा माता मंदिर मोड़, धनेश पाठक के पास घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक पूछताछ एवं विधिक औपचारिकताएं पूरी करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## दबंग पट्टीदार कर रहे सरकारी जमीन गडही पर कब्जा, डीएम से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में लालगंज थाना क्षेत्र के बनकटी निवासिनी सुधा पाल पत्नी ओम प्रकाश पाल ने जिलाधिकारी और तहसील दिवस में पत्र देकर दबंग पट्टीदार द्वारा जबरिया गड़ही की भूमि को पाटकर निर्माण कराये जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाये जाने की मांग किया है। आजकल राजस्व विभाग के मिली भगत के कारण सरकारी जमीन एवं गरीबों की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा हो रहे हैं कुछ तो पुलिस कर्मी के हिसाब से सरकारी जमीन एवं गरीबों की जमीन पर कब्ज हो रहे हैं ताजा मामला बनकटी गांव का है शिकायत करतासुधा पाल ने अनेकों पत्र लिखे किन्तु निर्देशों के बावजूद स्थानीय पुलिस मामले में चुप्पी साधे हुये हैं। उन्होने पत्र में कहा है कि गांव के हनुमान पाल पुत्र राम प्रताप पाल, विष्णु पाल पुत्र हनुमान पाल द्वारा गांव के गाटा संख्या 110 रक्वा 0.162 जो खतौनी में गड़ही के रूप में अंकित है उसे पाटकर नव निर्माण कर रहे



हैं।

यही नहीं वे आस पास के आबादी की जमीन पर जबरिया कब्जा कर लेने का षड्यंत्र कर रहे हैं। विरोध करने पर गाली और जान से मारने की धमकी देते हैं। उनके द्वारा पुरानी दीवाल को तोड़कर नई दिवाल बढकर बनवाया जा रहा है। सुधा ने अपने सहन की जमीन से जबरिया कब्जा हटाने की मांग करते हुये दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार उच्चाधिकारियों से लगाया है।

## सिद्धार्थनगर में छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटकी मिली विवाहिता की शव

**मायके में 6 माह पहले ससुराल से आई थी, पुलिस जांच में जुटी**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जुड़वनिया के ढढुआ टोला में बीती शाम एक विवाहिता ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर भवानीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान राजमन की 22 वर्षीय पुत्री खुशबू के रूप में हुई है। खुशबू की शादी 29 अप्रैल 2024 को थाना क्षेत्र के ही नगर पंचायत बढ़नी चाफा डाल डीह निवासी पंकज पुत्र दशरथ के साथ हुई थी। वह पिछले करीब छह माह से अपने मायके में ही रह रही थी। रविवार देर शाम करीब 7 बजे जब घर के लोग बाहर से वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि दरवाजा बाहर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई और दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर खुशबू छत के कुंडी में साड़ी के फंदे पर लटकी मिली। इस संबंध में प्रभारी थाभवानीगंज राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि उन्हें तहरीर मिली है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ, जनपद भर में हुए सामूहिक योग कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद अमेठी में सोमवार को मुख्यालय सहित सभी तहसीलों, विकास खंडों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, स्टेडियम अमेठी, वृद्धाश्रम पार्क गौरीगंज, टीकर माफी आश्रम तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 15 जून से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम 'Yoga for Healthy Ageing (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग)' निर्धारित की गई है। इस थीम का मुख्य उद्देश्य बढ़ती आयु में लोगों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। योग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक रूप से भी संतुलित और सकारात्मक बना रहता है। मुख्यालय स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात योगा मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार वर्मा एवं प्रेम सुधा सिंह द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगा मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाने की एक संपूर्ण पद्धति है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा व्यक्ति स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने में सक्षम बनता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग की उपयोगिता और भी बढ़ गई है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर न केवल वर्तमान को स्वस्थ बनाया जा सकता है, बल्कि वृद्धावस्था को भी अधिक सक्रिय, ऊर्जावान एवं सम्मानजनक बनाया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी, जिला पंचायती राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, क्षेत्रीय वन अधिकारी रणवीर मिश्रा, आयुर्वेद विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, होम्योपैथी विभाग के




डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, आयुष विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक माधवेन्द्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं योग साधक उपस्थित रहे। जनपद के सभी तहसील एवं विकास खंड मुख्यालयों पर भी योग सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां लोगों को योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। आयोजकों ने बताया कि 21 जून तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, योग शिविर एवं सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किए जाएंगे। योग सप्ताह के प्रथम दिन आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से जनपदवासियों को योग को दैनिक जीवन में अपनाने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

## 2027 में बस्ती में होगी बागेश्वर धाम सरकार की दिव्य कथा, पैदल संकल्प यात्रा हुई सफल- गोविंद दास

**● 36 दिन में 600 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर बागेश्वर धाम पहुंचे गोविंद दास**

**2027 में बस्ती में होगी बागेश्वर धाम सरकार की दिव्य कथा, पैदल संकल्प यात्रा हुई सफल- गोविंद दास**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के पैदल धाम के संस्थापक गोविंद दास ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि गुरु वशिष्ठ की धरती बस्ती में वर्ष 2027 में परमपूज्य बागेश्वर धाम सरकार की भव्य एवं दिव्य कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने बस्ती से बागेश्वर धाम तक 36 दिनों में लगभग 600 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी की, जिसका उद्देश्य बस्ती में सनातन का महाकुंभ आयोजित कर समाज को एकजुट करना था। गोविंद दास ने कहा कि उनकी यह पदयात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं थी, बल्कि इसका उद्देश्य समाज में बिखरे सनातन समाज को एक सूत्र में पिरोना, गौमाता के संरक्षण का संदेश देना और राष्ट्रहित के कार्यों के लिए जनजागरण करना था। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान उन्होंने बागेश्वर धाम सरकार तक अपनी भावनाएं और संकल्प पहुंचाया।

प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम पहुंचने पर उनकी मुलाकात परमपूज्य महाराज जी से हुई, जहां उन्होंने बस्ती में कथा आयोजन का प्रस्ताव रखा। गोविंद दास के अनुसार, महाराज जी ने उनकी पूरी बात गंभीरता से सुनी और आश्वासन ही नहीं बल्कि वचन दिया कि वर्ष 2027 में मार्च-अप्रैल के दौरान बस्ती में कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए परमपूज्य राजू दास महाराज का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनकी बात को महाराज जी के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों और व्यवधानों का सामना करना पड़ा। कुछ असामाजिक तत्वों ने यात्रा में बाधा डालने का प्रयास किया और इसी दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते उन्हें अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने भगवान श्रीराम का स्मरण करते हुए अपना संकल्प नहीं छोड़ा और यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

गोविंद दास ने बस्ती जनपद के सभी सनातन धर्मावलंबियों से आह्वान किया कि



वे वर्ष 2027 में प्रस्तावित कथा आयोजन के लिए अभी से तन, मन और धन से तैयार हो जाएं। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए शीघ्र ही एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें समाज के बुद्धिजीवी एवं प्रबुद्ध लोगों को शामिल कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। समय-समय पर प्रेस वार्ता के माध्यम से आयोजन की तैयारियों और रूपरेखा की जानकारी साझा की जाएगी। अंत में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम और ऋषि-मुनियों ने अपने तप एवं संकल्प के मार्ग में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, उसी प्रकार वे भी भगवान का नाम लेकर आगे बढ़ते रहेंगे और अपने संकल्प को पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 100 वाहनों का ई-चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बलरामपुर यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 100 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा कुल 4,29,500 का समन शुल्क लगाया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी यातायात वीरसेन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात उमेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन संचालन करने तथा तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वाले चालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध चालान एवं समन की कार्रवाई की गई। इसके अलावा ड्रंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों और मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाकर आवश्यक कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने



तथा सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे औचक निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनुशासित होकर यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं तथा सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## डीआईजी संजीव त्यागी ने सुनी जनता की आवाज, सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने पर दिया जोर

**» साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और नशा उन्मूलन पर किया जागरूक, अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश**

**बस्ती।** पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिमरन लॉज में कम्यूनिटी पुलिसिंग के संबंध में जनचौपाल का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, महिलाओं, व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं डीआईजी के समक्ष रखीं। जनचौपाल के दौरान डीआईजी संजीव त्यागी ने उपस्थित लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग जनता की सुरक्षा, सुविधा और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य पुलिस और समाज के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना है, जिससे अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में आमजन की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि नागरिक किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अपराध अथवा सामाजिक समस्या की जानकारी समय रहते पुलिस को उपलब्ध कराएं तो उस पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सकती है।

जनचौपाल के दौरान साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, नशा उन्मूलन, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग तथा सामुदायिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीआईजी ने लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और साइबर अपराध के नए तरीकों से सावधान रहने की सलाह दी। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी गई। डीआईजी संजीव त्यागी ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि समाज और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से ही सुरक्षित एवं अपराधमुक्त वातावरण का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम के दौरान डीआईजी ने संबंधित सीपीयू प्रभारी को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर आमजन, वृद्धजनों एवं दिव्यांग व्यक्तियों से संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित करें। इसके




साथ ही महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, मिशन शक्ति अभियान एवं बहू-बेटी सम्मेलन कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग देने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े स्वच्छ छवि वाले गैर सरकारी संगठनों के कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी संवेदनशील प्रकरण की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए तथा समयबद्ध, पारदर्शी और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी। जनचौपाल कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पुलिस द्वारा किए जा रहे जनसंपर्क एवं जागरूकता प्रयासों की सराहना करते हुए सामुदायिक पुलिसिंग को समाज के हित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## जर्जर सड़क पर सियासत गरम: सपा का विशाल धरना, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**● सड़क निर्माण नहीं हुआ तो सड़क से सदन तक होगा संघर्ष': नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गैसड़ी (बलरामपुर)।** उतरौला-पचपेड़वा-चंदनपुर-जैतापुर मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर सोमवार को गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक तापमान बढ़ गया। वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी ने गनेशपुर बाजार स्थित रामजानकी मंदिर के सामने विशाल धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। हजारों लोगों की मौजूदगी में आयोजित धरने में नेताओं ने क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि सड़क निर्माण शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

धरने को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता की बुनियादी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस सड़क से हजारों लोगों का आवागमन होता है, वह आज गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, लेकिन सरकार और जनप्रतिनिधि मौन हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी और जरूरत पड़ी तो आर-पार की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने सत्ता के दबाव में लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करते हुए कार्यक्रम की अनुमति देने में बाधाएं खड़ी कीं। मंच से ही उन्होंने अधिकारियों से सवाल किया कि आखिर जनता की आवाज उठाने से क्यों रोका जा रहा है। श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि इस सड़क का मुद्दा कई बार दिशा समिति की बैठकों में उठाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र के साथ लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यदि यही सड़क किसी अन्य क्षेत्र में होती तो अब तक उसका निर्माण पूरा हो चुका होता।

धरने के बाद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और गैसड़ी विधायक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी तुलसीपुर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि उतरौला-पचपेड़वा-चंदनपुर मार्ग केवल एक सड़क नहीं बल्कि हजारों लोगों की जीवनरेखा है। यह मार्ग अयोध्या धाम को जोड़ने के साथ-साथ नेपाल सीमा से सटे अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों–चंदनपुर, धोबहा, गनवरिया और जैतापुर–को मुख्यधारा से जोड़ता है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और मरीजों, विद्यार्थियों तथा श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये की योजनाओं और विकास के दावों




के बीच यह सड़क सरकार की विफलता की जीती-जागती तस्वीर बन चुकी है। क्षेत्र की जनता वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और सरकार आंखें मूंदे बैठे हैं। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अब्दुल मशहूद खान, पूर्व विधायक रामसागर अकेला, अनवर महमूद, ओंकारनाथ पटेल, नूरुल हसन खां, कौशर हुसैन, भानू त्रिपाठी, विक्रम यादव एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नीम करौली बाबा धाम स्थापना दिवस पर बाँटा प्रसाद



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के नई बाजार मोहल्ला स्थित तेजगांव परिसर में सोमवार को बाबा नीम करौली धाम (कैंची धाम) के स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन पूजन से हुई। बाबा नीम करौली के भक्तों ने श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद मालपुआ, चना, केला और आम का प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि बाबा नीम करौली साक्षात हनुमान जी के अवतार माने जाते हैं। कैंची धाम की ख्याति देश विदेश तक फैली हुई है। बाबा की कृपा से भक्तों का कल्याण होता है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुखेंद्र बहादुर सिंह, जेपी सिंह, संतोष तिवारी, सनी सिंह, संजय तिवारी, अनूप सिंह, भूपेंद्र फौजी, शुभम तिवारी, बबलू, भैयाजी, सार्थक सिसोदिया, अरविंद अग्निहोत्री, जय हिंद, दीपक तथा परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### सफर के दौरान महिला का जेवर से भरा पर्स गायब

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला के बैग से सोने चांदी के जेवरात से भरा पर्स गायब हो गया। महिला ने अज्ञात महिलाओं पर चोरी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। चांदा टीकर गांव निवासी रत्ना पत्नी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि वह उन्नाव के टेढ़ा से बस द्वारा कस्बे के गांधी चौराहा पहुंची थीं। वहां से वह डलमऊ मार्ग पर जाने वाले एक ऑटो में अपने गांव के लिए बैठ गईं। ऑटो में उनके अलावा तीन अन्य महिलाएं भी सवार थीं। महिला के मुताबिक घर पहुंचने पर उन्होंने बैग देखा तो उसमें रखा छोटा पर्स गायब था। पर्स में मंगलसूत्र, एक जोड़ी झाली, सोने का लॉकेट और तोड़िया रखी हुई थी। रत्ना ने ऑटो में साथ बैठी तीन महिलाओं पर बैग से पर्स निकाल लेने की आशंका जताई है। महिला ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस जांच कर रही है।

### लखनऊ के निगोहां में डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में घुसी बस, हादसे में बाइक सवार की मौत

**निगोहां/लखनऊ।** रायबरेली से लखनऊ जा रही रोडवेज बस सोमवार सुबह निगोहां में अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में घुस गई। सामने से आ रही बाइक और कार को टक्कर मारने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और बस में सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। सोमवार सुबह करीब नौ बजे रायबरेली डिपो की रोडवेज बस रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही थी। निगोहां के दखिना शेखपुर स्थित एक ढाबा के पास अचानक बस अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर तोड़ते हुए लखनऊ से रायबरेली जाने वाली लेन में पहुंच गई। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक और कार बस की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों वाहन अनियंत्रित हो गए। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार और बस को भी काफी नुकसान पहुंचा। हादसे में बाइक सवार पिंटू निवासी छोटीखेड़ा, थाना बछरावां, जनपद रायबरेली गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बस में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि बस में सवार करीब 15 यात्रियों को मामूली चोटें आईं। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं लगी। घबराए यात्री प्राथमिक उपचार कराने की बात कहकर पुलिस की मदद से अन्य बसों में सवार होकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। साथ ही, बस की टक्कर के बाद अनियंत्रित हुई स्विफ्ट डिजायर सड़क किनारे लगे हाईटेंशन लाइन के डबल पोल से जा टकराई। गनीमत रही कि बिजली लाइन से जुड़ी कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई, अन्यथा हादसा और भी गंभीर रूप ले सकता था। उधर, घटना की सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बस, बाइक और कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए बस चालक समेत अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हुई है, दुर्घटना के कारणों की भी जांच कर रही है।

# लखनऊ में दो महिलाओं ने विधान भवन के सामने किया आत्मदाह का प्रयास, हरदोई में पुलिस पर अनदेखी का आरोप

● महिलाओं का कहना है कि उक्त मामले में न्याय न मिलने एवं स्वयं को असुरक्षित महसूस करने के कारण वे अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए लखनऊ आई थीं। पुलिस ने दोनों महिलाओं की बात को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** हरदोई के संडीला थाना क्षेत्र के ककरहिया गांव की दो महिलाओं ने सोमवार को लखनऊ में विधान भवन के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। इनका अपने चाचा के साथ विवाद चल रहा है और पुलिस ने इस प्रकरण में केस भी दर्ज किया है। लखनऊ में हजरतजंग थाना क्षेत्र में विधानभवन के पास दो महिलाओं ने आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस ने जानकारी दी कि विधान भवन के पास दो महिलाओं (मां एवं बेटी) ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल ने त्वरित सतर्कता, संवेदनशीलता एवं सूझबूझ का परिचय देकर दोनों महिलाओं को तत्काल सुरक्षित रूप से रोक लिया गया। जिससे अप्रिय घटना बच गई। इन दोनों महिलाओं को सुरक्षित रूप से थाना हजरतगंज लाया गया, जहां उनसे घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पूछताछ में पता चला कि दोनों महिलाएं हरदोई के थाना संडीला क्षेत्र की निवासी हैं। उनका एक प्रकरण थाना संडीला क्षेत्र से संबंधित है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिलाओं ने अपने गांव के मकान में चोरी, संपत्ति विवाद के प्रकरण में स्थानीय थाने पर कार्रवाई न होने संबंधी शिकायतों को लेकर अपनी व्यथा व्यक्त की गई है। महिलाओं का कहना है कि उक्त मामले में न्याय न मिलने एवं स्वयं को असुरक्षित महसूस करने के कारण वे अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए लखनऊ आई थीं। पुलिस ने दोनों महिलाओं की बात को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उनके आरोपों एवं शिकायतों के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्रित की जा रही है। संबंधित जनपद एवं स्थानीय पुलिस सम्पर्क किया जा रहा है। महिलाएं सुरक्षित हैं तथा स्थिति नियंत्रण में है।

**जान से मारने की धमकी देने का मामला**

पारिवारिक विवाद के कारण अभिषेक सिंह उर्फ अरविंद सिंह ने अपने चाचा सर्वदमन सिंह के साथ शराब के नशे में गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में घटना सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं आरोपित की मां मिथिलेश कुमारी के लगाए गए चोरी के आरोप जांच में गलत पाए गए। जांच में सामने आया कि घरेलू विवाद के कारण आरोपी की पत्नी घर से गेहूं बेचकर मायके चली गई थी। पुलिस के अनुसार आरोपित अभिषेक सिंह का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले से नौ मुकदमे दर्ज हैं। इसके साथ ही मिथिलेश कुमारी पर बार-बार झूठी शिकायतें करने का भी आरोप है।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव की योजना सफल नहीं होने वाली, कांग्रेस के सांसद बोले-बराबरी पर होगी बात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के संकेत दे रहे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की योजना पर कांग्रेस के नेता ही पानी फेर सकते हैं। आगरा में अखिलेश यादव से मीडिया ने पूछा था कि कांग्रेस तो 403 सीट पर अकेले लड़ने की बात कर रही है तो सपा मुखिया ने जवाब दिया था कि हम भी 403 सीट पर लड़ेंगे तो दोनों की ताकत से 806 सीट जैसी मजबूती मिल जाएगी। सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2027 में सपा-कांग्रेस गठबंधन को लेकर कहा कि कांग्रेस की 403 सीटों पर तैयारी है। हम तो समाजवादी पार्टी से भीख नहीं मांगते हैं कि वो हमें कितनी सीट देंगे, बराबरी पर बात होगी। कांग्रेस सांसद ने कहा कि समाजवादी पार्टी कौन है हमें सीट देने वाली, हम कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की तैयारी पूरी है। पश्चिम बंगाल में ममता के साथ जो हुआ उसकी सीख सबको लेनी चाहिए। चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारियों के सवाल पर इमरान मसूद ने कहा कि हम सभी 403 सीटों पर तैयारी कर रहे हैं और 70 प्रतिशत बूथों पर हमारी तैयारी हो चुकी है। जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस यूपी में सपा के साथ कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह काम तो पार्टी का है वो ही बताएंगे कि कितनी सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा। वहीं जब कांग्रेस सांसद से पूछा गया कि समाजवादी पार्टी जितनी सीटें देंगी उतनी पर ही लड़ेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि देगी क्या मतलब। देगी से क्या मतलब क्या भीख मांग रहे, हम किसी से भीख नहीं मांग रहे। भाई गठबंधन होता है तो गठबंधन के अंदर आपस में बैठकर तय किया जाता है। लेना और देना नहीं होता, यह तो टेबल पर तय किया जाता है। ये देगा कि दे देगी छोड़ देगी ये क्या शब्द है, हम भिखारी हैं क्या। उन्होंने कहा कि गठबंधन होगा तो बड़े नेता बैठकर कर के तय करेंगे। अगर समझौता नहीं हो पाया तो हम तो लड़ाई की तैयारी कर ही रहे हैं, लेकिन देश के अंदर तस्वीर बिल्कुल साफ है। बंगाल से सबक ले लीजिए कि क्या हुआ है बंगाल में। अगर ममता जी ने पहले हाथ थामा होता तो यह हाल ना होता वहां।

## अपनी कार्यशैली से अपने कार्यकाल को यादगार बना गए एसीपी कृष्णानगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** कृष्णानगर लखनऊ में सहायक आयुक्त रजनीश वर्मा का तबादला होने से व्यापारी और क्षेत्रीय लोगों उदासी सी देखने को मिली। बहुत कम ऐसा होता है कि किसी पुलिस अधिकारी का तबादला आम नागरिक को उदास कर दे। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में वर्ष 2014 बैच के पीपीएस अधिकारी रजनीश वर्मा ने कृष्णानगर लखनऊ में सहायक आयुक्त के पद पर 25 अक्टूबर 2025 में कार्य भार संभाला था। इसके पूर्व मोहनलाल गंज में रहकर उन्होंने जनमानस में अपनी कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार व पीड़ितों के प्रति मददगार के रूप में एक यादगार छवि छोड़ी थी। एसीपी रजनीश वर्मा ने अपने कार्यक्षेत्र में 07 माह के कार्यकाल में जहाँ थानों में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाकर मजबूती प्रदान की वहीं किसी भी घटना में तत्काल मौके पर पहुँचकर कर्तव्यों का निर्वहन करके लोगों में विश्वास पैदा किया। उन्होंने थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर पुलिस की छवि को निखारने का भरसक प्रयास भी किया जिसे एक बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है। वे कार्यालय में फरियाद लेकर गये पीड़ितो की समस्याओं को सुनकर उसके त्वरित निवारण में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। यहाँ तक फरियादी गरीब हो या अमीर उसके साथ एक जैसा व्यवहार करना उनकी जीवनशैली में रचा बसा था। क्षेत्र की छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी समस्या के निदान होने तक सुलझाने की कोशिश में लगे रहते थे।

### खड़े ट्रक की खिड़की का शीशा हटाकर नगदी और मोबाइल उड़ाया

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बाईपास रोड पर कोरिहरा गांव के निकट शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने खड़े ट्रक की खिड़की कर शीशा हटाकर उसमें रखा मोबाइल और नगदी पार कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। कोरिहरा गांव निवासी शिवबोध सिंह पुत्र स्वदेश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शाम करीब 6 बजे गांव के ही निकट बाईपास पर उसने अपना ट्रक खड़ा कर दिया और घर खाना खाने चला आया। थोड़ी देर बाद वह आकर ट्रक में सो गया। रात करीब 4 बजे जब वह उठा तो देखा मोबाइल गायब है ट्रक की मरम्मत के लिए पैंट की जेब में रखे 40 हजार रूपये भी गायब थे। पीड़ित ने बताया कि चोर साइड खिड़की के रबड़ हटाकर केबिन में घुसे और रुपए और मोबाइल चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की है।

## बाइक सवार को टक्कर मार भाग रही कार को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा

● चालक को किया पुलिस के हवाले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लगंज (रायबरेली)।** उन्नाव हाईवे पर मुबारकपुर गांव के पास रविवार देर शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने उसका पीछा किया और कस्बे के अस्पताल मोड़ के पास पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। हादसे में निहस्था गांव निवासी मोहम्मद आरिफ (55) पुत्र अब्दुल घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने मुबारकपुर गांव के पास बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। इसके बाद चालक कार लेकर भागने लगा। स्थानीय लोगों ने कार का पीछा किया। पीछा कर रहे लोगों का आरोप है कि भागने के दौरान कार चालक ने रास्ते में कई अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी। अस्पताल मोड़ स्थित नई बाजार पहुंचने पर सब्जी बाजार में भीड़ होने के कारण कार की रफ्तार धीमी हो गई। इसी दौरान लोगों ने उसे घेर लिया। घटना के बाद बाजार में कुछ देर अफरा तफरी का माहौल रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार कार चला रहे युवक की पहचान घोसियाना मोहल्ला निवासी संजय के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत का भव्य विमोचन व कवि सम्मेलन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर/** तत्सत सेवा संस्थान सीतापुर के द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम व कवि सम्मेलन मुशायरा में सीतापुर के युवा शायर, कवि, पत्रकार व समाजसेवी यासीन इब्ने उमर के हिंदी काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत का भव्य विमोचन किया गया। साईं गेस्ट हाउस तरीनपुर में आयोजित कार्यक्रम श्री कृष्णा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस और आई इंडिया न्यूज़ चैनल के सहयोग से संपन्न हुआ। अभय श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में आई इंडिया न्यूज़ चैनल के डायरेक्टर डॉ पंकज सिंह गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, तथा नगर पालिका अध्यक्ष हरगांव गफ्फार खान, मानस मेला समिति अध्यक्ष विशंभर दयाल तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्राम सागर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक व शायर मस्त हफीज रहमानी, बार एसोसिएशन सीतापुर के पूर्व अध्यक्ष विजय अवस्थी, बार एसोसिएशन सीतापुर कोषाध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा, जूही जयसवाल भाजपा महिला मोर्चा आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पंकज सिंह गौड़ ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि अनिल द्विवेदी ने बरसों पहले जिस पौधे को लगाया था वह आज यासीन इब्ने उमर और अभय श्रीवास्तव आदि के रूप में पल्लवित हो रहा है। जो समाज, शिक्षा, संस्कृति, भाषा और साहित्य की सेवा कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यासीन इब्ने उमर के काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत के द्वारा एक अच्छा संदेश लोगों तक पहुंचेगा। इस अवसर पर अब्दुल गफ्फार खान, मस्त हफीज रहमानी, विशंभर दयाल तिवारी, विजय अवस्थी, विश्राम सागर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय प्रकाश पांडे कंठ ने वाणी वंदना से किया और मुजीब सीतापुरी ने नाते पाक पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर मुजीब सीतापुरी ने की और संचालन तुषार मिश्रा व अभय श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मस्त हफीज रहमानी, डॉक्टर तनवीर इकबाल बिस्वानी, मंजर यासीन, नदीम सीतापुरी, एपी गौतम, मुजीब सीतापुरी, कार्तिकेय शुक्ला, ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, तुषार मिश्रा, खुश्तर रहमानी, अमित कैथवर, अफजल युसूफ, सुमन मिश्रा, कमर खैराबादी, अख्तर मुजीबी, रामकिशोर श्रीवास्तव, अनामिका वैश्य आईना, विजय प्रकाश पांडे कंठ, रियाजुद्दीन रियाज, रौनक सीतापुरी, गीता किशोर श्रीवास्तव, रईस रहमानी, वसी खैराबादी, आलोक आदर्श, आयुष आयु आदि ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर प्रगति बाजपेई, सुरेंद्र सिंह, कान्हा बाजपेई, सरताज खान एडवोकेट, सिराज अहमद गौरी, चंदन वैश्य, मोहम्मद ओसामा अंसारी, मोहम्मद बिलाल अंसारी, मोहम्मद शाहनवाज, शहाब कमर, जाहिद अंसारी, मोहम्मद हसन, कारी मोहम्मद असद, एसके तूफानी, इरफान अहमद, दानिश कुरेशी, अनवर अली, मनीष मल्होत्रा, मोहित सिंह, अमन वर्मा, संतोष राव, मुत्तलिब, रेहान अंसारी, असद जुनैद, शहनवाज बेग, राकेश सक्सेना, हुसैन अंसारी आदि ने उपस्थित रहकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया।



## विराट बेकरी एण्ड जनरल स्टोर एवं श्रेया ब्यूटी पार्लर बना ग्राहकों की पहली पसंद, उद्घाटन में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** बछरावां रोड स्थित विराट बेकरी एण्ड जनरल स्टोर एवं श्रेया ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ हवन-पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन के बाद से ही यह प्रतिष्ठान क्षेत्रवासियों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और तेजी से ग्राहकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। विराट बेकरी एण्ड जनरल स्टोर में ग्राहकों को एक ही छत के नीचे केक, बिस्कुट, नमकीन, पेटीज, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक, डेयरी उत्पादों सहित दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यहां ठंडा मट्ठा, छाछ, दही एवं अन्य खाद्य सामग्री की भी विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे ग्राहकों को ताजगी और गुणवत्ता दोनों का लाभ मिल रहा है। प्रतिष्ठान के संचालक लखन वैश्य ने बताया कि ग्राहकों को बेहतर सेवा, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद एवं उचित मूल्य उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं, महिलाओं के सौंदर्य एवं श्रृंगार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संचालित श्रेया ब्यूटी पार्लर भी क्षेत्र की महिलाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। यहां आधुनिक सुविधाओं एवं प्रशिक्षित स्टाफ के माध्यम से विभिन्न प्रकार की ब्यूटी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उद्घाटन समारोह में नीरज मिश्रा, अमन शुक्ला, हिमांशु यादव, अमन, सौरभ सिंह, चंद्रभान सिंह, सचिन पाठक, सुनील माली, राम लखन गुप्ता, दीपक वैश्य, प्रभात चौधरी, राम सजीवन नाई, अलीम, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, तनु तिवारी, दीपांशु विश्वकर्मा, रवि वैश्य, नसीम भाई, अतुल, अजय गुप्ता, दिनेश लाइट, एमडी पासी, आलोक विश्वकर्मा, राजू सिंह, गब्बर सिंह, मनी, मेहता, तौसीफ कुरैशी, पिंटू होटल वाले, विवेक वैश्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने नए प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा बताया। उद्घाटन अवसर पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य एवं यादगार बना दिया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन श्रद्धालु घायल, जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज/रायबरेली।** महराजगंज थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर लगभग 11 बजे एक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हर्ष पुत्र हरिकेश (64 वर्ष), प्रकाश पुत्र दुजई (35 वर्ष) तथा लक्ष्मी पुत्र रामसुमेर (21 वर्ष), निवासी मानपुर सहावा थाना मिलएरिया, एक ही बाइक से अहोरवा भवानी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे।

इसी दौरान मोन चौराहे के आगे एक पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दुर्घटना में शामिल वाहन की तलाश की जा रही है।

### नदी में नहाने गए बालक के साथ कुकर्म का आरोप




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीय बालक के साथ कुकर्म किए जाने का मामला सामने आया है। बालक की मां ने गांव के ही किशोर पर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत पत्र दिया था। महिला का कहना है कि दो दिन पहले उसका बेटा गांव के अन्य बच्चों के साथ नदी पर नहाने गया था। घर लौटने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। पूछताछ के दौरान बालक ने रो रो कर आप बीती बताई। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद महिला ने पुलिस से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लिया और मामले की जानकारी जुटाई। घटना को लेकर गांव में भी चर्चा रही। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि महिला की ओर से पहले एक शिकायती पत्र दिया गया था। बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई और उन्होंने आपसी सहमति से मामला सुलझा लेने की जानकारी दी।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बिसवां को ज्ञापन सौंपा। संगठन के तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह पटेल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में किसानों से जुड़ी कई प्रमुख समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि तहसील क्षेत्र में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। साथ ही भूमिहीन मजदूरों को दुकानदारों द्वारा यूरिया न दिए जाने की समस्या भी उठाई गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत बोहरा मजरा डिगिहा में विद्युत संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हुआ है तथा कर्मचारियों द्वारा अवैध धन उगाही किए जाने का भी आरोप लगाया गया। भारतीय किसान यूनियन ने पशु चिकित्सालयों की अव्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पशु चिकित्सक अस्पताल में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते, जिससे बीमार पशुओं का समय पर इलाज नहीं हो पा रहा है और पशुपालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने प्रशासन से सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर मेवा लाल वर्मा, वीरेंद्र कुमार वर्मा सुशील राज राम मिलन यादव ,जिला सचिव अहमद खां ग्राम सभा सेमरा कला, अफसर अंसारी,शिव कुमार वर्मा, हरिनाम वर्मा ,ललित पटेल , शंकर, इंद्र शेखर वर्मा सोनू वर्मा शिवम् वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सवारी का बैग उड़ाने वाला ई-रिक्शा चालक दबोचा गया, तमंचा व नकदी बरामद

● महमूदाबाद पुलिस की बड़ी कामयाबी, शातिर चोर जितेन्द्र मिश्रा गिरफ्तार, चोरी का ई-रिक्शा भी जब्त, लखनऊ से लेकर सीतापुर तक फैला है आपराधिक इतिहास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महमूदाबाद-** सीतापुर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महमूदाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने ई-रिक्शा में सवारी का बैग लेकर भागने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से चोरी की नकदी, घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा, एक अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह की पुलिस टीम ने इस चोरी की घटना का सफल अनावरण किया है। विगत 4 जून 2026 को मिरजापुर, थाना बिसवां निवासी पीड़ित गुलशन लखनऊ जाने के लिए एक ई-रिक्शा पर सवार हुआ था। महमूदाबाद बाईपास के पास चालक ने उसे किसी बहाने से नीचे उतारा और मौका पाकर गुलशन का बैग लेकर फरार हो गया। बैग में ?20,000 नगद और कपड़े थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मु0अ0सं0 213/2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने सुराग रस्सी और कड़े प्रयासों के बाद 14 जून की शाम करीब 07:55 बजे नूरपुर से अगैय्या जाने वाली सड़क से अभियुक्त जितेन्द्र मिश्रा उर्फ छोटू मिश्रा उम्र 30 वर्ष, निवासी कलिमापुर, थाना रेउसा को गिरफ्तार कर लिया। चोरी किए गए रुपयों में से बचे ?4,950 नगद और एक अदद 12 बोर का अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है, घटना में इस्तेमाल किया गया ऑटो ई-रिक्शा UP -32-JN-7333 को भी पकड़ा गया है। इस बरामदगी के बाद मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 317(2) और 25(1बी) आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र मिश्रा एक शातिर किस्म का नकबजन और चोर है। उसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ लखनऊ के गुडम्बा, मडियांव और सीतापुर के रेउसा व महमूदाबाद थानो में चोरी, माल बरामदगी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत करीब 7 मामले दर्ज हैं। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक विनोद कुमार गिरी, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल विशाल गुप्ता, कांस्टेबल चन्द्रप्रकाश वर्मा और कांस्टेबल प्रशान्त कुमार शामिल रहे।

# सैन्य परंपराओं और पोशाक में ऐतिहासिक बदलाव



भारतीय सेना का इतिहास पराक्रम, शौर्य और अप्रतिम बलिदान की गाथाओं से समृद्ध है। स्वतंत्रता के बाद से ही हमारी सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा करने और राष्ट्रीय संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। हालांकि, स्वतंत्रता के कई दशकों बाद भी सेना की कुछ आंतरिक व्यवस्थाओं, नियमों, पोशाक और प्रतीकों में ब्रिटिश काल की स्पष्ट छाप दिखाई देती थी। वर्तमान समय में भारतीय सेना अपनी इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में एक युगांतकारी और अत्यंत महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। सेना द्वारा अपनी वेशभूषा नीति, औपचारिक परंपराओं और सदियों पुराने रीति-रिवाजों में किए जा रहे बदलाव इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि अब देश अपनी औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ने के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हो चुका है। इन महत्वपूर्ण और दूरगामी सुधारों का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना को विदेशी प्रभाव से मुक्त करकर विशुद्ध रूप से भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अपनी ऐतिहासिक जड़ों से गहराई से जोड़ना है। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार के उन 5 महासंकल्पों का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिन्हें पंच प्रण के नाम से जाना जाता है। इन संकल्पों में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रण गुलामी की हर सोच और उसके प्रत्येक प्रतीक से पूर्ण मुक्ति पाना है, जिसे भारतीय सेना अब धरातल पर पूरी निष्ठा के साथ उतार रही है।

सैनिक परंपराओं में सबसे पहला और प्रत्यक्ष बदलाव सैन्य कवायद और आधिकारिक समारोहों के दौरान देखा जा सकता है। ब्रिटिश शासनकाल से ही यह व्यवस्था निरंतर चली आ रही थी कि जब भी कोई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी किसी सैनिक कदमताल या विदाई समारोह की सलामी लेता था, तो वह समीक्षा अधिकारी के रूप में अपने साथ एक विशेष औपचारिक तलवार रखता था। यह तलवार ब्रिटिश काल में औपनिवेशिक शासकों द्वारा अपनी शक्ति, सर्वोच्च कमान और भारतीय सैनिकों पर अपने प्रभुत्व का प्रदर्शन करने का एक मुख्य माध्यम मानी जाती थी। स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संप्रभु राष्ट्र में इस तरह के सामंती प्रतीकों की कोई आवश्यकता नहीं रह गई थी। इसी ऐतिहासिक तथ्य को ध्यान में रखते हुए अब समीक्षा अधिकारी द्वारा सैन्य मार्च के दौरान या किसी भी अन्य औपचारिक निरीक्षण में तलवार रखने की इस पुरानी प्रथा को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी द्वारा अपनी कमान और नेतृत्व के प्रतीक के रूप में ले जाई जाने वाली बेटन की उपयोगिता की भी गहन समीक्षा की गई है और इसके इस्तेमाल को अब बेहद सीमित कर दिया गया है। यह निर्णय स्पष्ट करता है कि भारतीय सेना में नेतृत्व और सम्मान का आधार कोई बाहरी वस्तु या औपनिवेशिक दिखावा नहीं, बल्कि अधिकारी की अपनी योग्यता, कर्तव्यपरायणता और अपने देश के प्रति अटूट निष्ठा है।

इस वैचारिक परिवर्तन का सीधा और गहरा असर सैन्य अधिकारियों के पहनावे और पोशाक से जुड़े नियमों पर भी दिखाई दे रहा है। एक लंबे समय से यह देखा जा रहा था कि सैन्य अधिकारियों के भोजनालयों और अन्य महत्वपूर्ण औपचारिक आयोजनों में पश्चिमी देशों के कोट, औपचारिक वस्त्रों और गले के बंध का ही प्रचलन अनिवार्य बना हुआ था। भारतीय जलवायु और यहाँ की गौरवशाली संस्कृति के सर्वथा विपरीत इस तरह के विदेशी पहनावे को ढोना भी एक प्रकार की मानसिक परतंत्रता का ही हिस्सा माना जा सकता है। इस पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए अब अधिकारियों की औपचारिक पोशाक में पहली बार 'बंदी' नाम के पारंपरिक भारतीय परिधान को आधिकारिक तौर पर स्थान दिया गया है। यह बिना आस्तीन का एक विशेष वस्त्र है, जिसे आम बोलचाल में पारंपरिक कुर्ता या भारतीय नेहरू वेशभूषा के रूप में भी जाना जाता है। अब सैन्य अधिकारी इसे अपनी कमीज और पतलून के साथ अत्यंत गर्व से धारण कर सकते हैं। यह कदम न केवल भारतीय वस्त्र उद्योग और स्थानीय शिल्पकला को नया सम्मान देता है, बल्कि सैन्य जीवनशैली में एक विशिष्ट भारतीय पहचान का समावेश भी करता है। इसके माध्यम से यह दृढ़ संदेश दिया गया है कि हमारे अपने पारंपरिक परिधान भी दुनिया के किसी भी उच्च स्तरीय आधिकारिक आयोजन के लिए पूरी तरह से गरिमापूर्ण और सर्वश्रेष्ठ हैं।

परंपराओं के इस शुद्धिकरण के अंतर्गत केवल पहनावा ही नहीं बदला गया है, बल्कि अधिकारियों की विदाई के तौर-तरीकों में भी बड़े सुधार किए गए हैं। पूर्ववर्ती नियमों के अनुसार, जब भी सेना के शीर्ष पदों पर आसीन अधिकारी, जैसे थल सेनाध्यक्ष या सैन्य कमान प्रमुख अपनी लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त होते थे, तो उन्हें विदाई देने के लिए घोड़ों से खिंचने वाली एक पुरानी पारंपरिक बग्घी का उपयोग किया जाता था। यह घोड़ों वाली बग्घी प्रथा पूरी तरह से ब्रिटिश राजसी ठाट-बाठ और आम जनता तथा साधारण सैनिकों से दूरी बनाए रखने की औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित थी, जो एक लोकतान्त्रिक देश की सेना में उचित नहीं जान पड़ती थी। अब सेना ने इस सामंती विदाई प्रथा को भी हमेशा के लिए बंद करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। अब अधिकारियों की विदाई बेहद सादगीपूर्ण, अनुशासित और भारतीय मूल्यों के अनुरूप की जाती है। यह बदलाव सैन्य अधिकारियों और उनके अधीन काम करने वाले जवानों के बीच की दूरी को कम करने तथा सेना के भीतर एक समतावादी और आत्मीय वातावरण स्थापित करने में बहुत सहायक सिद्ध हो रहा है।

सैन्य संस्कृति का एक और बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण हिस्सा उसका संगीत होता है, जो सैनिकों के भीतर अदम्य साहस का संचार करता है। युद्ध के मैदान से लेकर शांति काल के समारोहों तक, सैन्य संगीत दल हमेशा से जवानों में जोश और देशप्रेम की भावना भरते रहे हैं। लेकिन स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी हमारे विभिन्न सैन्य संगीत दल पुरानी अंग्रेजी और स्कॉटिश धुनों को बजाने के लिए विवश थे। गणतंत्र दिवस उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में वर्षों तक एक विदेशी प्रार्थना धुन बजाई जाती थी, जिसका भारतीय जनमानस से कोई भी भावनात्मक जुड़ाव नहीं था। अब इस व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए उस पुरानी विदेशी धुन के स्थान पर 'ऐ मेरे वतन के लोगों' जैसी अमर, लोकप्रिय और हृदयस्पर्शी भारतीय देशभक्ति धुन को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, सेना के सभी संगीत दल अब विदेशी धुनों की बजाय भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत और देश की माटी से जुड़ी देशभक्ति की धुनों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। जब सैन्य वाद्यों से भारतीय राग और लोक धुनें निकलती हैं, तो वे न केवल सैनिकों का मनोबल बढ़ाती हैं बल्कि पूरे देश को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने का काम करती हैं।

इस प्रकार, सैन्य व्यवस्था और उसकी जीवनशैली में किए गए ये सभी बदलाव केवल ऊपरी या सतही परिवर्तन नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय समाज और राष्ट्र की सोच में आ रहे एक व्यापक गुणात्मक सुधार को रेखांकित करते हैं। वर्ष 1947 में भले ही हमें राजनीतिक स्वतंत्रता मिल गई थी, लेकिन प्रशासनिक और सैन्य स्तर पर अपनी जड़ों को पहचानकर पूर्ण मानसिक स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में यह एक अत्यंत ठोस कदम है। भारतीय सेना द्वारा उठाए गए ये कदम 21वीं सदी के आत्मनिर्भर, सशक्त और स्वाभिमानी भारत की नई तस्वीर प्रस्तुत करते हैं।

जब दुनिया की सबसे शक्तिशाली, अनुशासित और आधुनिक सेनाओं में शुमार हमारी सेना अपनी प्राचीन संस्कृति, परंपराओं और जड़ों की ओर लौटती है, तो इससे देश के प्रत्येक नागरिक में एक नया आत्मविश्वास और अपनी साझी विरासत के प्रति गहरा आदर भाव जागृत होता है। इन सुधारों के माध्यम से सेना ने यह साबित कर दिया है कि वह आधुनिकतम तकनीकों और घातक हथियारों से लैस होने के साथ-साथ वैचारिक रूप से पूरी तरह भारतीय मूल्यों, सिद्धांतों और राष्ट्रभक्ति के प्रति समर्पित है। यह युगांतरकारी बदलाव भविष्य की पीढ़ियों को भी अपनी अनूठी संस्कृति पर गर्व करने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# पेट्रोल में एथेनॉल: सस्ते ईंधन का सपना या गाड़ियों के लिए खतरा? लोगों में बढ़ता डर

**संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला**




कानपुर। 2020 से सरकार ने श्व20 यानी 20% एथेनॉल वाला पेट्रोल पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य रखा है। 2025 तक ज्यादातर शहरों में यही पेट्रोल मिल रहा है। मकसद साफ है: तेल आयात कम करना, किसानों को फायदा पहुंचाना और प्रदूषण घटाना। लेकिन सड़कों पर एक अलग बहस चल रही है - 'क्या एथेनॉल मेरी गाड़ी का इंजन खराब कर देगा?' अभी तक ईरान - इजरायल युद्ध से पहले पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथेनॉल मिला कर बेचा जा रहा था। एक्सपर्ट बताते हैं कि दस फीसदी मिलावट को भारत की सभी गाड़ियां सह लेंगी लेकिन जैसे ही ईरान - इजरायल युद्ध शुरू हुआ और देश में पेट्रोल की कमी हुई सरकार ने ई- 20 पेट्रोल सभी पेट्रोल पंप पर बेचना शुरू कर दिया। सरकार की इस नीति से लोगों में एक नई बहस छिड़ गई है। बहुत से एक्स्पर्ट बताते हैं कि ई-20 पेट्रोल 2023 से पहले की गाड़ियों के लिए ठीक नहीं है एक तो इससे माइलेज पर असल पड़ रहा है और दूसरा यह इंजन के कई पार्ट्स को भी ख़राब कर देगा। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोगों की इस बात को गलत बताया है और कहा है कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। ई-20 के बाद, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ई-85 और इसके बाद 100 फीसदी एथेनॉल को भी मंजूरी दे दी। सरकार का मानना है कि इससे करोड़ों डालर का फायदा होगा जिसे हम अन्य विकास कार्यों में लगा सकते हैं।

एथेनॉल क्यों बढ़ाया जा रहा है? आर्थिक कारण - भारत हर साल 85% कच्चा तेल आयात करता है। 2024 में इस पर .180 बिलियन खर्च हुए। ई-20 से हर साल 4-5 बिलियन डॉलर की बचत का अनुमान है। किसान हित- एथेनॉल गन्ना, मक्का और अनाज से बनता है। इससे चीनी मिलों और किसानों को नया बाजार मिला है। पर्यावरण- एथेनॉल जलने पर ष्ह्व और ष्ह्व2 कम निकलता है। सरकार का दावा है कि ई20 से सालाना 50 लाख टन ष्ह्व2 कम होगी।

लोगों का डर कहां से आ रहा है? सोशल मीडिया और मैकेनिकों की दुकानों पर 4 बातें सबसे ज्यादा सुनाई देती हैं: माइलेज घट रहा है- एथेनॉल की कैलोरी वैल्यू पेट्रोल से 30% कम होती है। यानी ई-20 पर गाड़ी को उतनी ही पावर के लिए ज्यादा ईंधन जलाना पड़ता है। टेस्ट में 3-6% तक माइलेज ड्रॉप दिखा है। रोज 50 द्मद्व चलने वाले के लिए महीने का खर्च 200-400 रु बढ़ सकता है। रबर और प्लास्टिक पार्ट्स का खराब होना- पुरानी गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाले रबर होज, सील और गैस्केट एथेनॉल से जल्दी घिसते हैं। 2010 से पहले की गाड़ियां ई-10 के लिए भी डिजाइन नहीं थीं। अगर टैंक में पानी चला गया तो एथेनॉल उसे एब्जॉर्ब कर लेता है और इंजन में जंग लग सकती है। स्टार्टिंग और परफॉर्मेंस इश्यू- ठंड में एथेनॉल ब्लेंड स्टार्ट होने में दिक्कत करता है। कुछ लोग कहते हैं कि गाड़ी 'खींचती' नहीं है, खासकर पहाड़ों और हाईवे पर।

पारदर्शिता की कमी- पंप पर अक्सर ये नहीं लिखा होता कि टैंक में श्व10 है या श्व20। लोग अनजाने में भरवा लेते हैं और बाद में दिक्कत होने पर एथेनॉल को दोष देते हैं। सरकार और ऑटो कंपनियां क्या कहती हैं? सड़क परिवहन मंत्रालय और आईओसी का कहना है कि 2023 के बाद बनी सभी गाड़ियां श्व20 कम्पैटिबल हैं। मारुति, हुंडई, टाटा, महिंद्रा ने अपनी नई गाड़ियों को श्व20 रेडी बताया है। पुरानी गाड़ियों के लिए सरकार ने 'श्व20 मैटेरियल कम्पैटिबल' किट का ऑप्शन दिया है, जिसमें रबर पार्ट्स बदलने पड़ते हैं। खर्च 3,000-8,000 रु तक आ सकता है। तकनीकी हकीकत क्या है? इंजन- अगर गाड़ी श्व20 कम्पैटिबल है तो इंजन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। ईसीयू सॉफ्टवेयर एथेनॉल के हिसाब से फ्यूल मिक्स एडजस्ट कर देता है। फ्यूल सिस्टम- पुरानी गाड़ियों में नायलॉन और स्टेनलेस स्टील पार्ट्स होते हैं जो ठीक रहते हैं। लेकिन पुराने रबर वाले पार्ट्स 2-3 साल में बदलने पड़ सकते हैं। लॉन्ग टर्म इफेक्ट- अभी श्व20 देश में सिर्फ 2-3 साल हुआ है। 10 साल बाद इंजन पर क्या असर होगा, इसका बड़ा डेटा उपलब्ध नहीं है। दुनिया में क्या हो रहा है? ब्राजील 40 साल से श्व27 चला रहा है। वहां 90% गाड़ियां Flex Fuel हैं जो E0 से E100 तक चलती हैं। अमेरिका में श्व10 स्टैंडर्ड है। भारत ने सीधे श्व10 से E20 पर छलांग लगाई, इसलिए लोगों को झटका लगा। आम आदमी क्या करे? गाड़ी के फ्यूल लिड या मैनुअल पर लिखा होता है - E10, E20 या E20 कम्पैटिबल । पुरानी गाड़ी है तो- अगर गाड़ी 2015 से पुरानी है और रोज 80-100 द्मद्व चलती है, तो रबर पार्ट्स की जांच करवा लो। जरूरत लगे तो बदल दो। पंप पर पूछो भरवाने से पहले पूछ लो कि E10 है या E20।

पैनिक मत करो- 2-3% माइलेज ड्रॉप और थोड़ी मेंटेनेंस के अलावा ज्यादातर नई गाड़ियों में दिक्कत नहीं आ रही। एथेनॉल नीति देश के लिए जरूरी है - विदेशी मुद्रा बचती है, किसान को फायदा होता है, प्रदूषण घटता है। लेकिन सरकार ने कम्युनिकेशन में कमी रखी। लोगों को लगा कि उनकी 5 साल पुरानी गाड़ी एक दिन में 'आउटडेटेड' हो गई। अगर ऑटो कंपनियां फ्री सर्विस कैंप लगाकर पुरानी गाड़ियों की जांच करें और पंप पर क्लियर लेबलिंग हो, तो ये डर काफी हद तक कम हो सकता है। अभी समस्या तकनीक से ज्यादा भरोसे की है।

# लिव-इन रिलेशनशिप, समाज में पनपता विकृत मानसिकता का दौर



आज समाज तीव्र गति से सामाजिक आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वैश्वीकरण, शहरीकरण, पाश्चात्य जीवनशैली, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और तकनीकी विकास ने व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचनाओं को गहराई से प्रभावित किया है। इन्हीं परिवर्तनों के बीच लिव-इन रिलेशनशिप एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था के रूप में उभरी है, जिसे चाहें या न चाहें, समाज के एक वर्ग में स्वीकार्यता मिलती जा रही है। जो की सामाजिक संरचना के खतरनाक दौर को भविष्य में इंगित करती है। लिव-इन रिलेशनशिप का अर्थ है कि एक स्त्री और पुरुष बिना विवाह के साथ रहें और वैवाहिक जीवन जैसी परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करें। यद्यपि इसके समर्थक इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आपसी समझ का माध्यम मानते हैं, किंतु इसके विरोधियों का मानना है कि यह व्यवस्था भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है तथा इससे अनेक असामाजिक और पारिवारिक समस्याएँ जन्म ले सकती हैं।

भारतीय समाज की आधारशिला परिवार संस्था रही है। यहाँ विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का सामाजिक और सांस्कृतिक बंधन माना जाता है। विवाह संबंधों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक प्रतिबद्धता और पारिवारिक स्थायित्व निहित होता है। इसके विपरीत लिव-इन रिलेशनशिप में यह स्थायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व अपेक्षाकृत कम दिखाई देता है। यही कारण है कि अनेक बार ऐसे संबंध थोड़े समय बाद समाप्त हो जाते हैं। जब दो व्यक्तियों के बीच मतभेद बढ़ते हैं या जीवन की प्राथमिकताएँ बदलती हैं, तो वे बिना किसी सामाजिक बंधन के अलग हो जाते हैं। इसका प्रभाव केवल उन दोनों व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार और समाज पर भी पड़ता है।

लिव-इन रिलेशनशिप के समर्थक तर्क देते हैं कि इससे विवाह से पूर्व एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलता है और असफल वैवाहिक जीवन की संभावना कम होती है। किंतु व्यवहारिक स्तर पर अनेक ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जहाँ यह व्यवस्था अस्थिर सिद्ध हुई है। कई बार भावनात्मक शोषण, आर्थिक विवाद, विश्वासघात, घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। जब संबंधों में कानूनी और सामाजिक प्रतिबद्धता का अभाव होता है, तब उत्तरदायित्व से बच निकलना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है। यही कारण है कि कई बार व्यक्तिगत स्तर पर उत्पन्न विवाद गंभीर अपराधों का रूप भी ले लेते हैं।

इन सबके बीच सबसे अधिक चिंता का विषय उन बच्चों का भविष्य है, जो ऐसे संबंधों से जन्म लेते हैं। बच्चे किसी भी समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनका स्वस्थ मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास परिवार की स्थिरता पर निर्भर करता है। जब माता-पिता के संबंधों में स्थायित्व नहीं होता और वे अलग हो जाते हैं, तो इसका सबसे गहरा प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। बाल मन अत्यंत संवेदनशील होता है। माता-पिता के बीच तनाव, झगड़े और अलगाव की स्थिति बच्चों के मन में असुरक्षा, भय और अकेलेपन की भावना पैदा कर देती है।

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बचपन में प्राप्त पारिवारिक वातावरण व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। जिन बच्चों को माता-पिता का संयुक्त स्नेह और मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, उनमें आत्मविश्वास की कमी, अवसाद, चिंता और व्यवहार संबंधी समस्याएँ विकसित होने की संभावना अधिक रहती है। वे स्वयं को अन्य बच्चों से अलग महसूस कर सकते हैं। कई बार सामाजिक प्रश्नों और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उनके मन में हीनभावना भी उत्पन्न हो जाती है। यह स्थिति उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, सामाजिक संबंधों और भविष्य के निर्णयों को प्रभावित कर सकती है।

सामाजिक दृष्टि से भी यह विषय महत्वपूर्ण है। परिवार केवल व्यक्ति के पालन-पोषण का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों का प्रथम विद्यालय भी है। परिवार में ही बच्चे प्रेम, त्याग, अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को सीखते हैं। जब पारिवारिक संरचना कमजोर होती है, तो इन मूल्यों के विकास में बाधा आ सकती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रत्येक लिव-इन रिलेशनशिप असफल ही हो, किंतु इसकी अस्थिरता की संभावना पारंपरिक विवाह की अपेक्षा अधिक मानी जाती है। इसलिए समाज के सामने यह चुनौती है कि वह बदलती परिस्थितियों में बच्चों के हितों और उनके भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।

यह भी सत्य है कि आधुनिक जीवन में व्यक्तिगत स्वतंत्रता का महत्व बढ़ा है। प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को अपने जीवन से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अनावश्यक हनन उचित नहीं माना जा सकता। किंतु स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। यदि किसी संबंध से बच्चों का जन्म होता है, तो उनकी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास की जिम्मेदारी माता-पिता पर समान रूप से आती है। किसी भी परिस्थिति में बच्चों को उपेक्षा या असुरक्षा का शिकार नहीं होने देना चाहिए। सरकार और न्यायपालिका ने भी समय-समय पर ऐसे संबंधों से जुड़े बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए विभिन्न प्रावधान किए हैं। बच्चों को वैधानिक अधिकार, संरक्षण और सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि उनके जन्म की परिस्थितियों के लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। समाज का भी यह दायित्व है कि वह ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाए और उन्हें किसी प्रकार के भेदभाव का सामना न करना पड़े।


अंततः कहा जा सकता है कि लिव-इन रिलेशनशिप आधुनिक सामाजिक परिवर्तन का एक यथार्थ है, किंतु इसके साथ अनेक सामाजिक, नैतिक और पारिवारिक प्रश्न भी जुड़े हुए हैं। विशेष रूप से बच्चों का भविष्य इस व्यवस्था का सबसे संवेदनशील पक्ष है। संबंधों की अस्थिरता का सबसे बड़ा मूल्य अक्सर बच्चों को चुकाना पड़ता है।

इसलिए आवश्यक है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। किसी भी संबंध का मूल्यांकन केवल वयस्कों की इच्छाओं के आधार पर नहीं, बल्कि उससे प्रभावित होने वाले बच्चों और समाज के व्यापक हितों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। एक स्वस्थ, संवेदनशील और उत्तरदायी समाज वही होगा, जहाँ बच्चों के अधिकार, उनका मानसिक स्वास्थ्य और उनका सुरक्षित भविष्य सर्वोपरि माना जाए।

**संजीव ठाकुर**

# कविता

## नन्हे उजाले की सुबह।



विश्वास का दीपक जलने दो।
सूरज सा अबाध बढ़ने दो पथ में,
फूलों का सौरभ भरने दो नभ में।

मन की कोमल धरती पर फिर,
आशा के अंकुर उगने दो,
सूखे रिश्तों की डालों पर
स्नेहिल पत्ते सजने दो।

सूरज सा अबाध बढ़ने दो पथ में,
फूलों का सौरभ भरने दो नभ में।

थके हुए सपनों की आँखों में
थोड़ा उजियारा रहने दो,
भटके हुए पथिक के मन में
विश्वास का दीपक जलने दो।

कड़वाहट की धूल हटाकर
स्वच्छ हवाएँ बहने दो,
मनुष्यता की नर्म नदी को
हर आँगन तक बहने दो।

सूरज सा अबाध बढ़ने दो पथ में,
फूलों का सौरभ भरने दो नभ में।

नन्हे हाथों की रेखाओं में
रंगीन भविष्य सँवरने दो,
हर बेटी के सपनों को भी
पंख लगाकर उड़ने दो।
धरती के हर दुखते कोने में
करुणा का स्पर्श उतरने दो,
प्रेम, दया और सद्भावों से
जीवन को फिर निखरने दो।

सूरज सा अबाध बढ़ने दो पथ में,
फूलों का सौरभ भरने दो नभ में।

**संजीव ठाकुर**

# दैनिक राशिफल

**मेष** कल का दिन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।
शुभ रंग: लाल 7 शुभ अंक: 9

**वृषभ** धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंग: सफेद 7 शुभ अंक: 6

**मिथुन** व्यापार में लाभ के संकेत हैं। संचार कौशल के कारण आपके कार्य बनेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।
शुभ रंग: हरा 7 शुभ अंक: 5

**कर्क** भावनाओं पर नियंत्रण रखें। परिवार में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।
शुभ रंग: चांदी 7 शुभ अंक: 2

**सिंह** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। निवेश के लिए समय अनुकूल है।
शुभ रंग: सुनहरा 7 शुभ अंक: 1

**कन्या** कार्यस्थल पर मेहनत का फल मिलेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंग: हरा 7 शुभ अंक: 5

**तुला** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नए लोगों से संपर्क भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखें।
शुभ रंग: गुलाबी 7 शुभ अंक: 6

**वृश्चिक** महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लें। करियर में प्रगति के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
शुभ रंग: लाल 7 शुभ अंक: 9

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। यात्रा के योग बन सकते हैं।
शुभ रंग: पीला 7 शुभ अंक: 3

**मकर** धन निवेश में सावधानी बरतें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, लेकिन आपकी मेहनत रंग लाएगी।
शुभ रंग: नीला 7 शुभ अंक: 8

**कुंभ** साझेदारी के कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।
शुभ रंग: आसमानी 7 शुभ अंक: 4

**मीन** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी और व्यवसाय में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। पुराने विवाद समाप्त हो सकते हैं।
शुभ रंग: पीला 7 शुभ अंक: 7

# भारत अब सिर्फ विकसित नहीं हो रहा, विश्व को विकसित कर रहा है

**[नया भारत- जो दुनिया के सवालों के जवाब गढ़ता है]**

**[2047 का सपना नीस से शुरू: भारत अब विश्व-निर्माता बन रहा है]**

तकनीक की वैश्विक बिसात पर भारत अब मोहरा नहीं, चाल चलने वाला खिलाड़ी बनता दिख रहा है। फ्रांस के नीस में 14-16 जून 2026 को आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना कि भारत अब 'समाधान का उपभोक्ता नहीं, समाधान प्रदाता' है, केवल एक वक्तव्य नहीं बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन की घोषणा थी। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की उपस्थिति, 120 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप्स, 15 अग्रणी शिक्षण संस्थानों और सैकड़ों निवेशकों की भागीदारी ने इस दावे को मजबूती दी। यह वह क्षण था जब भारत ने दुनिया को जता दिया कि वह तकनीकी परिवर्तन का दर्शक नहीं, बल्कि उसकी दिशा तय करने वाली शक्ति बनने की ओर बढ़ चुका है। भारत की तकनीकी उड़ान किसी एक घटना नहीं, वर्षों की तैयारी का परिणाम है। 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' ने इसकी मजबूत नींव रखी। जो देश कभी तकनीक खरीदता था, वह आज समाधान विकसित कर दुनिया को दे रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदर्शित 120 डीप-टेक कंपनियों के पास सामूहिक रूप से 1,500 से अधिक पेटेंट हैं और उन्होंने 1.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा पूंजी जुटाई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, जैव-प्रौद्योगिकी स्वच्छ ऊर्जा के अलावा स्वास्थ्य, जलवायु प्रौद्योगिकी, एयरोस्पेस, एग्रीटेक आदि 13 अग्रणी क्षेत्रों में भारतीय कंपनियाँ नई राह बना रही हैं। बढ़ते पेटेंट, निवेश और स्टार्टअप्स बताते हैं कि भारत अब केवल सेवा प्रदाता नहीं रहा। विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए भारत ऐसे तकनीकी मॉडल प्रस्तुत कर रहा है जो किफायती भी हैं और बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकते हैं। यही बदलाव भारत को वैश्विक विकास की नई धुरी बना रहा है।

भारत-फ्रांस संबंधों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे अब कूटनीति से आगे बढ़कर नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी की साझेदारी में बदल रहे हैं। 'इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन 2026' और विस्तारित रणनीतिक साझेदारी भविष्य की उसी रूपरेखा को रेखांकित करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्टार्टअप्स और वैज्ञानिक अनुसंधान में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की निरंतर पहल ने दोनों देशों को स्वाभाविक सहयोगी बना दिया है। फ्रांस अब भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि तकनीकी सह-निर्माता के रूप में देख रहा है। यही सोच इस रिश्ते को पारंपरिक द्विपक्षीय सहयोग से कहीं अधिक महत्वपूर्ण और दूरगामी बनाती है।

भारत का उभरता तकनीकी सामर्थ्य कई पुराने शक्ति-केंद्रों के लिए चुनौती बन रहा है। कारण यह है कि वह तकनीक पर स्थापित एकाधिकार की दीवारों में दरार डाल रहा है। दशकों तक नवाचार कुछ देशों और कंपनियों के इर्द-गिर्द सिमटा रहा, लेकिन भारत अब अपनी अलग तकनीकी राह बना रहा है। एआई और उन्नत प्रौद्योगिकियों पर बढ़ते नियंत्रण के बीच भारत-फ्रांस सहयोग बदलते वैश्विक समीकरणों का संकेत है। सेमीकंडक्टर, उन्नत सामग्री और महत्वपूर्ण खनिजों में बढ़ती साझेदारी बता रही है कि भविष्य की तकनीकी आपूर्ति पर अब कुछ हाथों का वर्चस्व नहीं रहेगा। भारत का 'सॉल्व्ड इन इंडिया' मॉडल धीरे-धीरे 'सॉल्यूशन फॉर द वर्ल्ड' की अवधारणा में बदल रहा है।

भारत-फ्रांस सहयोग का सबसे मजबूत चेहरा अब रक्षा और रणनीतिक तकनीक में दिखता है। राफेल कार्यक्रम ने तकनीक हस्तांतरण और संयुक्त उत्पादन को नई दिशा दी है। दोनों देश अब रक्षा खरीद से आगे बढ़कर साझा निर्माण और उन्नत अनुसंधान की राह पर हैं। स्कॉर्पीन पनडुब्बियों से लेकर समुद्री सुरक्षा तक और साइबर सुरक्षा से लेकर क्वांटम अनुसंधान तक, सहयोग के नए द्वार खुल रहे हैं। परमाणु ऊर्जा में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर चर्चा ऊर्जा सुरक्षा की नई संभावनाएँ प्रस्तुत करती है। अंतरिक्ष, विज्ञान और स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग यह स्पष्ट करता है कि यह रिश्ता अब भविष्य की तकनीकी सभ्यता गढ़ने की साझी परियोजना बन चुका है।




भारत की यह तकनीकी प्रगति 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को मजबूत आधार दे रही है। भारतीय स्टार्टअप अब केवल मुनाफा नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान प्रस्तुत कर वैश्विक निवेश आकर्षित कर रहे हैं। जलवायु संकट के लिए क्लाइमेट टेक, स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार और वित्तीय समावेशन में फिनटेक भारत की उभरती ताकत बन चुके हैं। ग्लोबल साउथ के कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाने की दिशा में देख रहे हैं। अमेरिका-चीन तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है। उसकी सबसे बड़ी ताकत उसका लोकतांत्रिक, विविध और खुले नवाचार पर आधारित 'तकनीकी मानववाद' है, जो तकनीक को केवल शक्ति नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनाता है।

तकनीकी प्रगति की इस तेज़ दौड़ में चुनौतियाँ भी उतनी ही वास्तविक हैं। तकनीक हस्तांतरण की गति बढ़ाना, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा मजबूत करना, कुशल मानव संसाधन तैयार करना और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ बनाना अभी भी प्रमुख आवश्यकताएँ हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि मजबूत संस्थागत ढांचा और निरंतर निवेश भी जरूरी है। भारत को अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाना, विश्वविद्यालय-उद्योग सहयोग को गहरा करना और उभरती तकनीकों में वैश्विक मानक स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। फिर भी, सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत इन चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना के साथ कर रहा है।

आज वैश्विक परिदृश्य में जो सबसे बड़ा बदलाव दिख रहा है, वह भारत की बढ़ती भूमिका से उपजा है। एक विशाल लोकतंत्र जब नवाचार, रक्षा, ऊर्जा और डिजिटल तकनीक में नेतृत्व करने लगता है, तो वैश्विक शक्ति-संतुलन अपने आप पुनर्गठित हो जाता है। नीस में मोदी का संदेश इसी परिवर्तन का उद्घोष था। यह घोषणा थी कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य आत्मकेंद्रित होना नहीं, बल्कि विश्व को नए समाधान देना है। मोदी-मैक्रों साझेदारी उस नए युग की रूपरेखा बन रही है, जहाँ भारत भविष्य का सहभागी नहीं, उसका निर्माता है। यदि यह गति बनी रही, तो आने वाले वर्षों में दुनिया भारत को एक विशाल बाजार नहीं, बल्कि उन समाधानों के स्रोत के रूप में पहचानेगी जो मानवता की अगली सदी का मार्ग तय करेंगे।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता सूची में नाम कटने पर डीएम सहित स्थानीय सम्बंधित अधिकारियों से लगाई गुहार

**गोलाबाजार गोरखपुर:** गोला ब्लॉक में बीते दस जून को जैसे ही ग्राम पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट प्रकाशित हुई उसे देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि सौ से डेढ़ सौ वोट कटे हुए हैं। इतना ही नहीं गोला ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुकुरहा की प्रधान विन्दु देवी उनके पति सुरेश पाल और पुत्रों सहित इनके कुटुंब के पैसठ लोगों का नाम कट गया है। प्रधान पुत्र अनुज पाल ने डीएम, जिला निर्वाचन अधिकारी को डाक द्वारा और तहसील गोला से लगायत विकास खण्ड गोला पर शिकायत पत्र दे कर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने हेतु गुहार लगाई है। प्राप्त विवरण के अनुसार गोला ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुकुरहा, डाड़ी खास, माफी और पटौहा में नई वोटर लिस्ट में नाम कटने को लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है कि आखिर पहले वाली वोटर लिस्ट में हम लोगों का नाम था। लेकिन जब दुसरी वोटर लिस्ट बनकर आई है तो इसमें हम लोगों का नाम नही है। आखिर इसका कारण क्या है? ग्राम पंचायत कुकुरहा के प्रधान पुत्र अनूज पाल ने बताया कि हमारे गांव में करीब 250 वोट कटा है।, हमारी माता बिंदु देवी जो गांव की प्रधान है, हमारे पिता सुरेश पाल जो प्रधान प्रतिनिधि है इनका भी वोटर लिस्ट में नाम नहीं है। इतना ही नहीं हमारे पुरे कुटुंब (खानदान) से 65 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से गायब है। इसे लेकर हम डी एम, जिला निर्वाचन अधिकारी और सभी सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर नाम बढ़वाने की गुहार लगाया हूं। इस प्रकरण पर खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह ने कहा कि यह कार्य बीएलओ और सुपरवाइजर देखते है। जांच होगी समय लगेगा चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नाम जोड़ा जाएगा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान बना जनभागीदारी का प्रतीक

**देवरिया।** पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अब जनांदोलन का स्वरूप लेता जा रहा है। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत रविवार को पूर्व सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने सोमनाथ मंदिर परिसर में पौधरोपण कर अभियान को गति दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर की थी। इसका उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि मां और प्रकृति दोनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना भी है। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बीच यह अभियान समाज को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहा है। पूर्व सांसद ने कहा कि पेड़ लगाना पहला कदम है, लेकिन उसकी देखभाल और संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसके पालन-पोषण का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम में अंबिकेश पांडेय, सतेंद्र मणि त्रिपाठी, मारकंडेय गिरी, राकेश सिंह, राहुल शुक्ला, रामाशीष मौर्य और शशिकांत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का आह्वान किया गया।

### गोंडा : सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को जल्द मिलेगी आर्थिक सहायता

**कर्नलगंज (गोंडा)।** हाईवे पर हुई भीषण दुर्घटना में जान गंवाने वाले पांच मृतकों के परिजनों को सरकारी आर्थिक सहायता दिलाने के लिए प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है। एसडीएम नेहा मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम आवश्यक अभिलेख जुटाने और पत्रावली तैयार करने में जुट गई है। एसडीएम ने बताया कि प्रभावित परिवारों को बैंक खाते खुलवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे में प्रभावित कुछ परिवार अत्यंत आर्थिक रूप से कमजोर हैं। कई परिवारों में दो-दो सदस्यों की मृत्यु हुई है, जबकि उनके पास जीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है। किसी के पास केवल तीन बिस्वा तो किसी के पास एक बीघा भूमि ही उपलब्ध है। ऐसे परिवारों की आर्थिक स्थिति का आकलन करने के लिए खतौनियों की जांच कराई जा रही है। प्रशासन द्वारा सहायता स्वीकृत कराने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पुलिस रिपोर्ट, आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज एकत्र किए जा रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि ग्राम तरहटा निवासी संजय कुमार तिवारी तथा भालियनपुरवा निवासी हसन मोहम्मद, शाकिर अली, गुलशन और अंशुमान के परिजनों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। उधर कांग्रेस के प्रदेश सचिव त्रिलोकी नाथ तिवारी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार दुबे समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई।

# गोरखपुर: नकाब पहनकर करते थे चोरी, दोस्त की मां की सलाह पर रचते थे वारदात

**● कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचा, 22 हजार नकद समेत चोरी का सामान बरामद**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही दुकानों में चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के 22 हजार रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन, नौ सफेद धातु के सिक्के तथा एक सफेद धातु का टुकड़ा बरामद किया गया है। मामले का खुलासा रविवार को पुलिस अधीक्षक नगर निमिष पाटिल ने प्रेस वार्ता के दौरान किया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी रात के समय सुनसान इलाकों में स्थित दुकानों को निशाना बनाते थे। वे पहले दुकान की रेकी करते थे और फिर मौका मिलते ही शटर, ताला या दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश कर जाते थे। चोरी के दौरान अपनी पहचान छिपाने के लिए दोनों नकाब पहनते थे, जिससे सीसीटीवी कैमरों या राहगीरों की नजर में आने पर भी उनकी पहचान न हो सके।

पूछताछ में आरोपियों ने एक हैरान करने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि नकाब पहनकर चोरी करने का तरीका उन्हें उनके एक दोस्त की मां ने सुझाया था। इसी सलाह के बाद दोनों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए चेहरा ढंकना शुरू किया। पुलिस अब इस पहलू की भी जांच कर रही है कि आरोपियों को इस तरह की सलाह देने में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं रही। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने 11 और 12 जून की रात, 13 और 14 जून की रात तथा 14 जून को अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। चोरी के बाद वे नकदी और सामान को आपस में बांट लेते थे। कुछ सामान अपने पास रखते थे, जबकि बाकी को बेचकर रुपये हासिल कर लेते थे।

कोतवाली पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। बरामद सामान की पहचान कराई जा रही है और अन्य संभावित वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है। पुलिस अधीक्षक नगर निमिष पाटिल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि कहीं इनका संबंध किसी बड़े चोरी गिरोह से तो नहीं है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में सोमवार को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने मिशन शक्ति फेज-5.0 और 'शक्ति दीदी' अभियान के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी गई तथा हेल्पलाइन नंबरों वाले पंपलेट वितरित किए गए। भटनी, महुआडीह और लार थाना क्षेत्रों समेत विभिन्न स्थानों पर टीमों ने महिलाओं व बच्चियों को डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेंटर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं और बालिकाएं तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। अभियान के दौरान महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे आने तथा किसी भी घटना की सूचना बिना संकोच पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

## कप्तान का नहीं समझ पाये प्रदर्शनकारी तेवर, सैकड़ों प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रशासन की अनुमति के बिना धरना प्रदर्शन तथा उत्तेजक माहौल बनाने के प्रयास में एसपी की भृकुटी तन उठी। एसपी दीपक भूकर के तेवर को देखते हुए लालगंज कोतवाली पुलिस ने मामले में कोतवाली क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर समेत अड़तीस नामजद व तीन सौ अज्ञात आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओ में केस दर्ज किया है। पुलिस की तगड़ी कार्रवाई की गिरफ्त में लखनऊ के भी तीन प्रमुख आरोपियो को भी नामजद किया गया है। पुलिस की कार्रवाई से सोमवार को हडकंप का माहौल दिखा। रविवार को कोतवाली क्षेत्र के मोठिन गांव के पूरे ब्रम्हचारी में हाल ही में बुल्डोजर से मकान गिराने की घटना के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया था। धरना प्रदर्शन की आयोजको द्वारा पहले से प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गयी थी। इसके बावजूद एहतियातन नायब तहसीलदार पंकज कुमार के साथ लालगंज समेत उदयपुर, संग्रामगढ़ व महेशगंज, जेठवारा की फोर्स तैनात दिखी थी। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियो ने बिना प्रशासनिक अनुमति के सड़क जाम कर कई घण्टे प्रदर्शन किया। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तब आरोपियों द्वारा पुलिसकर्मियों




से धक्कामुक्की की गयी। आरोपियो द्वारा फोर्स के साथ गालीगलौज भी की गई। घटनाक्रम की जानकारी एसपी दीपक भूकर को हुई। इस पर एसपी का तेवर तल्ख हो उठा। एसपी के तेवर को देखते हुए कोतवाली के दरोगा ध्रुव सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अड़तीस नामजद तथा तीन सौ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओ मे रविवार की रात ही केस दर्ज कर लिया। पुलिस द्वारा कसे गए शिकंजे मे लालगंज कोतवाली के रायपुर तियांई निवासी हिस्ट्रीशीटर वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीरू पासी पुत्र राजाराम तथा लखनऊ जिले के सनी पटेल तथा अमरेंद्र सिंह बाहुबली, अंजलि सैनी एवं अशोक पटेल सहित कुछ अधिवक्ता भी हैं। केस दर्ज होने की जानकारी होने पर इलाके में हडकंप का माहौल बन गया दिखा। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, प्रेमी संग युवती फरार; आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर:** सहजनवा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती एक परिवार के लिए परेशानी का कारण बन गई। सहजनवा क्षेत्र की एक 21 वर्षीय युवती कथित रूप से अलीगढ़ निवासी युवक के साथ घर छोड़कर चली गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सहजनवा के एक वार्ड की रहने वाली 21 वर्षीय युवती का कुछ समय पूर्व इंस्टाग्राम के माध्यम से अलीगढ़ जिले के एक युवक से संपर्क हुआ था। सोशल मीडिया पर शुरू हुई बातचीत धीरे-धीरे गहरी मित्रता में बदल गई और दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। परिजनों का आरोप है कि युवक ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की योजना बनाई।

बताया जा रहा है कि बीते 11 जून की सुबह युवती घर से सहजनवा बाजार जाने की बात कहकर निकली थी। परिवार के लोग दिनभर उसके वापस लौटने का इंतजार करते रहे, लेकिन देर रात तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। इसके बाद परिवार के



सदस्यों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। खोजबीन और युवती के मोबाइल फोन की जानकारी जुटाने पर परिजनों को पता चला कि वह जिस युवक से लंबे समय से बातचीत कर रही थी, उसी के साथ चली गई है। इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित परिवार की शिकायत पर सहजनवा पुलिस ने मनोज चौधरी पुत्र रामगोपाल चौधरी निवासी फतेहगढ़ी, जनपद अलीगढ़ के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा युवती और आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। युवती की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## गोंडा: सुविधा होने के बावजूद PNG कनेक्शन में नहीं ले रहे लोग, लापरवाही करने पर 8000 परिवारों को नोटिस



**गोंडा।** आसपास सुविधा होने के बावजूद पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन नहीं ले रहे आवास विकास कालोनी समेत विभिन्न मुहल्लों के आठ हजार परिवारों को कंपनी नोटिस भेजेगी। इसमें उन्हें एलपीजी कनेक्शन समर्पण कर पीएनजी कनेक्शन लेने को कहा जाएगा। कंपनी के विक्रय अधिकारी दिलीप मिश्र ने बताया कि शहर में करीब 15 हजार परिवार हैं,जिनके आसपास पीएनजी कनेक्शन की सुविधा है। इनमें सात हजार परिवारों ने कनेक्शन के लिए आवेदन किया है जबकि आठ हजार ने आवेदन नहीं किया है। इन्हें नोटिस भेजते हुए चेतावनी दी जा रही है कि यदि तीन माह के अंदर कनेक्शन न लिया तो एलपीजी कनेक्शन निष्क्रिय कर सिलिंडर आपूर्ति रोक दी जाएगी।

## सहजनवां लाखों की लागत से बना सरकारी बाजार पड़ा निष्क्रिय

**● निजी भूमि पर हाट लगने से पंचायत को राजस्व नुकसान का दावा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जहाँ उत्तर प्रदेश सरकार गांव के विकास के लाखों खर्च कर सुविधाओ से लैस हाट बाजार बनवाकर आम जनता को मूल भूत सविधाओं से लैस करना चाह रही है ,वही स्थानीय अधिकारियों के उदासीन रवैए से कुछ लोग अपनी भूमि और बगल में बाजार लगवाकर सरकारी योजनाओं पानी फेर रहे है , ऐसे गांव के प्रधान ने मुख्य मुख्यमंत्री से शिकायत कर हाट बाजार को संचालित करने का गुहार लगाई है।

सहजनवा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहीदीनपुर के राजस्व ग्राम बेलौरा-चौरा में बने सरकारी हाट-पैट बाजार को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा सरकारी हाट-पैट बाजार के संचालन में बाधा उत्पन्न की जा रही है, जिसके चलते पंचायत की आय प्रभावित हो रही है और सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रधान के अनुसार मंडी समिति द्वारा लाखों रुपये की लागत से बेलौरा-चौरा में हाट-पैट बाजार का निर्माण कराया गया था। इसका लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया था। लोकार्पण के बाद यहां सब्जी एवं अन्य फुटकर दुकानों का संचालन शुरू हुआ, लेकिन बाद में बाजार का संचालन प्रभावित हो गया।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव के ही श्रीप्रकाश सिंह और चंद्रप्रकाश सिंह सरकारी हाट-पैट परिसर में बाजार लगने से रोक रहे हैं तथा अपनी निजी भूमि पर बाजार संचालित करा रहे हैं। इससे न केवल सरकारी हाट-पैट का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि ग्राम पंचायत को मिलने वाले राजस्व में भी कमी आ रही है। ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि मामले की शिकायत पूर्व में कई स्तरों पर की जा चुकी है। 28 जनवरी 2025 को उपजिलाधिकारी सहजनवा, 10 फरवरी 2025 को मंडलायुक्त गोरखपुर तथा 3 मार्च 2025 को जिलाधिकारी गोरखपुर को भी प्रार्थना पत्र




दिया गया था। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है।

प्रधान का कहना है कि सरकारी धन से निर्मित हाट-पैट बाजार उपयोग के अभाव में अपनी उपयोगिता खो रहा है, जबकि पंचायत को मिलने वाली संभावित आय भी लगातार प्रभावित हो रही है। शिकायत के साथ पूर्व में हुई जांच और पत्राचार से संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं। ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने तथा सरकारी हाट-पैट बाजार में नियमित रूप से बाजार संचालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। इधर, मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और ग्रामीण प्रशासनिक हस्तक्षेप की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## अवैध सम्बंध में चचेरे भाई ने युवक को चाकू मार मौत के घाट उतारा

**● मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा- गोरखपुर:** गीडा थाना क्षेत्र के बनगावां में रविवार की रात्रि में 8.30 बजे के करीब अवैध सम्बंध को लेकर चचेरे भाई और उसके चार दोस्तों ने मिलकर एक युवक को चाकू से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल विजय पाल को सीएचसी सहजनवा से जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कालेज भेजा गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के बनगावां निवासी 28 वर्षीय विजय पाल बेंगलूरु में रह कर पेंट पालिश का कार्य करता था। मृतक एक सप्ताह पहले ही घर आया था। रविवार की रात को गांव में बारात आई थी। विजय भी खाना खाने के बाद टहल रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान चचेरा भाई विनय अपने चार दोस्तों के साथ विजय के पास पहुंचा और शादी वाले घर जाने की बात कही। चचेरे भाई पर विश्वास करके विजय उसके साथ चला गया।

आरोपियों ने विजय को ईट भट्ठा के पास लेकर गए और शराब पिलाने के बाद चाकुओं से ताबड़तोड़ वार करने लगे। चाकू के हमले से विजय गंभीर रूप से घायल हो गए और भागते हुए सड़क पर पहुंचे। सड़क पर गिरने के बाद चिल्लाने लगे, जिसपर गांव के लोग और परिजन भी पहुंच गए। घायल को परिजन सीएचसी लेकर आए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान विजय की मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में तनाव बढ़ गया है और पुलिस कैम्प कर रही है। घटना के पीछे अभियुक्त के मौसी से अवैध सम्बंध को कारण बताया जा रहा है। आरोप है कि विनय की मौसी से विजय के अवैध सम्बंध थे, जिसको विनय के अलावा उसके मौसी के लड़के को भी जानकारी थी। चचेरे भाई की पत्नी के बहन के घर था आना जाना बनगांवा निवासी अभियुक्त विनय का ननिहाल सूबा बाजार में पड़ता है, जबकि मौसी की शादी चिलुआताल थाना क्षेत्र के



मोहम्मदपुर में हुई है। बनगांवा से मोहम्मदपुर नजदीक होने के कारण विजय का अक्सर आना जाना लगा रहता था।

साथ ही आरोपित की मौसी का भी अक्सर बनगांवा आना जाना लगा रहता है। दो भाई में बड़े विजय की शादी नहीं हुई थी। कृष्ण कुमार के दो पुत्रों में विजय सबसे बड़ा है। विनय अपने भाई के साथ पेंट पालिश कर परिवार का भरण पोषण करता था और अभी शादी नहीं हुई थी। इस संदर्भ में सीओ गीडा योगेन्द्र सिंह ने कहा की मृतक का अभियुक्त के मौसी से प्रेम प्रसंग था। जिसमें अभियुक्त विनय,मौसी का लड़का,दो अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पुलिस अधीक्षक ने नव निर्मित कक्षों का लोकार्पण, भर्ती प्रक्रिया का भी लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने सोमवार को पुलिस कार्यालय परिसर में नव निर्मित एवं सुसज्जित प्रधान लिपिक कक्ष, आंकिक कक्ष तथा गार्ड रूम का विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोकार्पण किया। इस दौरान विधिवत पूजा-अर्चना के बाद संबंधित कक्षों का शुभारंभ किया गया। इन कक्षों का शिलान्यास पूर्व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा कराया गया था। लोकार्पण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के सुदृढ़ीकरण से प्रशासनिक कार्यों में दक्षता, पारदर्शिता और सुगमता बढ़ेगी। इससे पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और जनसेवा संबंधी कार्यों का निष्पादन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय, प्रधान लिपिक भुवनेश कुमार राय, प्रतिसार निरीक्षक रामजनम राम सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी दिन पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में आयोजित उप निरीक्षक नागरिक



पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 के तहत अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) प्रक्रिया का निरीक्षण भी किया। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षण प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराना प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन/सलेमपुर मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## देवरिया में दुष्कर्म का फरार आरोपी हरिकेश यादव गिरफ्तार, पुलिस लंबे समय से कर रही थी तलाश

**» देवरिया पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपित को दबोचा।**

**» चंद्रिका छात्रावास के पास से हरिकेश यादव गिरफ्तार हुआ।**

**» आरोपित पर कोतवाली थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज।**

**देवरिया।** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को शहर के चंद्रिका छात्रावास के पास से पकड़ा गया। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक राकेश राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपित चंडिका छात्रावास के पास मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हरिकेश यादव 28 पुत्र राजाराम यादव के रूप में हुई है। वह बरडीहा अली, पकड़ी बाजार, थाना सुरौली, जनपद देवरिया का निवासी है। उसके विरुद्ध कोतवाली थाने में दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

## बाराचवर में सौ दिवसीय सघन टीबी स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाराचवर गाजीपुर।** रविवार को बाराचवर पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग के तरफ से प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बाराचवर व आसपास गांव के लोग पहुंच कर अपने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया की बाराचवर पंचायत भवन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था, मोबाइल मेडिकल यूनिट, चेस्ट एक्स रे की बीपी शुगर बलगम की जांच की गई। उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को टीबी संक्रमण के बारे में जानकारी दी गई वहीं इस स्वास्थ्य शिविर में मौजूद लोगों को बताया गया की टीबी होने का क्या लक्षण है। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया की अगर खांसी लम्बे समय तक हो तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर अपने बलगम की जांच अवश्य कराएं जिससे समय रहते इलाज



हो सकें। उन्होंने कहां की इस शिविर में पहुंचे लोगों के बलगम परिक्षण के लिए नमूने लिए गए हैं। उन्होंने बताया की सभी आशाओं को निर्देशित किया गया है की अपने अपने क्षेत्र में लोगों से संपर्क कर इस आयोजन के बारे में जानकारी दें। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया की दिनांक 15 जून को भांपा ,16 जून टोडरपुर,17 जून को अमहट, असावर आदि जगहों पर सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। अतः क्षेत्रीय लोगों से निवेदन है की इस शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंच अपने स्वास्थ्य की जानकारी ले।

## देवरिया में बुजुर्गों को अब नहीं लगाने होंगे थाने के चक्कर, घर आकर समस्या सुनेगी 'कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट'

**देवरिया।** बुजुर्गों को थाना या कोतवाली का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। समस्या को देखते हुए शासन के निर्देश पर अब थाना से पुलिस गांव में बुजुर्गों के घर पहुंचेगी व उनकी समस्या सुनकर समाधान करेगी। बुजुर्गों को अगर किसी ने परेशान किया तो पुलिस उससे निपटेगी। थानों पर कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट का शुभारंभ कर दिया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर मुथा अशोक जैन के निर्देश पर प्रत्येक थाने पर कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (सीपीयू) बनाया गया है। थानों पर गठित कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट ने कार्य करना भी शुरू कर दिया है। शनिवार को इसका शुभारंभ के क्रम में दिन में थानों से पुलिस कर्मी अपने-अपने थाना क्षेत्र के गांवों में जाकर बुजुर्गों एवं वरिष्ठ नागरिकों से संवाद किए और उनकी समस्या सुनी। बुजुर्गों से उनसे संपर्क के लिए मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान किया गया। पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मी वरिष्ठ नागरिकों के घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर उनसे आत्मीय वार्ता की।

## रिमिशन पर बाहर घूम रहे मधुमिता केस के दोषी अमरमणि त्रिपाठी , MP-MLA कोर्ट ने किया फरार घोषित

**● पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने ष्ठलक्कसे गिरफ्तारी की मांग की**

**रिमिशन (परिहार) में सजा की अवधि कम होती है लेकिन व्यक्ति दोषी ही रहता है। इसके विपरीत, पूर्ण क्षमा (Pardon) में व्यक्ति के सभी अपराध, सजा और दोष पूरी तरह से मिटा दिए जाते हैं मानो उसने कोई अपराध किया ही न हो।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज, लखनऊ।** मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की रिहाई के बाद एक नया कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। महराजगंज के पूर्व जिला पंचायत सदस्य और हियुवा पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक DGP को प्रार्थना पत्र भेजकर अमरमणि की तत्काल गिरफ्तारी और रिमिशन निरस्त करने की मांग की है।

नरसिंह पाण्डेय ने पत्र में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश दिनांक 10.02.2023 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने 25.08.2023 को अमरमणि त्रिपाठी को रिमिशन पॉलिसी 2018 के तहत कारागार से रिहा किया था। रिमिशन आदेश में स्पष्ट शर्त थी कि रिहा होने के बाद दोषी को अपने विरुद्ध लंबित सभी मुकदमों में संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर जमानत मुचलका भरना अनिवार्य होगा। शर्त भंग होने पर रिमिशन स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

**बड़ी बात : कोर्ट ने घोषित किया फरार**

प्रार्थी के अनुसार, बस्ती जिले के थाना कोतवाली का केस क्राइम नं. 1207/2001, धारा 363/364/364/216/212/120B IPC व 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट में अमरमणि त्रिपाठी अभी भी फरार हैं। यह मुकदमा वर्तमान में बस्ती की विशेष MP-MLA कोर्ट में सत्र वाद संख्या 02/2022 के रूप में विचाराधीन है। 7 वें अपर जिला जज/विशेष जज MP-MLA कोर्ट बस्ती ने 01.11.2023 को अमरमणि त्रिपाठी को फरार घोषित करते हुए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82/83 के तहत उनकी चल-अचल संपत्ति कुर्क करने का आदेश पारित किया था। इस आदेश को माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी Application U/S 482 No. 3614/2024 में 22.03.2024 को सही ठहराते हुए याचिका खारिज कर बस्ती कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया था।

**हियुवा पूर्व जिलाध्यक्ष की DGP से 2 मांग**

नरसिंह पाण्डेय ने DGP से अनुरोध किया है कि 1. NBW व कुर्की वारंट का अनुपालन कराते हुए अमरमणि त्रिपाठी की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। 2. रिमिशन शर्त भंग की सूचना संबंधित कारागार व गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित कर रिमिशन नियमावली 2018 के नियम 7 के तहत रिमिशन निरस्तीकरण की कार्यवाही कराई जाए, ताकि न्यायालय की अवमानना न हो और कानून का राज स्थापित रहे।

**क्या है रिमिशन नियम 2018 का नियम 7?**

उत्तर प्रदेश बंदी रिमिशन नियमावली 2018 के नियम 7 के अनुसार यदि कोई बंदी रिमिशन की किसी भी शर्त का उल्लंघन करता है तो उसकी रिमिशन स्वतः समाप्त मानी जाएगी और उसे शेष सजा काटने के लिए पुनः कारागार भेजा जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### कुल्हाड़ी से काटकर बेटी की हत्या, बचाने आई पत्नी को भी किया घायल



**फिरोजाबाद।** ऑनर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक माह पूर्व बेटी के किसी युवक के साथ घर जाना से नाराज राकेश राठौर ने रविवार रात आठ बजे 19 वर्षीय बेटी मुस्कान को कुल्हाड़ी से काट डाला। यह देखकर बीचबचाव को पहुंची पत्नी 48 वर्षीय पुष्पा पर भी कई वार किए। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे अंदर का मंजर देख कर सन्न रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेटी के शव को पोस्टमार्टम और गंभीर रूप से घायल पत्नी को एंबुलेंस से सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। हालत गंभीर देख कर चिकित्सक ने पुष्पा को एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा रेफर कर दिया। आरोपी राकेश को पुलिस ने मौके गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में बताया कि बेटी के घर से जाने से समाज में काफी बेइज्जती हुई थी। बाहर निकलने पर ताने सुनने पड़ते थे। एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी ने बताया कि आरोपी राकेश राठौर को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

### असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में शुरू किया चुनावी अभियान, सपा की राह मुश्किल करना ही लक्ष्य



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगे सभी दलों के बीच में प्रत्याशी घोषित करने के मामले में ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन(एआईएमआईएम) ने बाजी मार ली है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को बहराइच के मटेरा से प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को प्रत्याशी घोषित किया है। ओवैसी ने शंकरपुर में जनसभा को संबोधित किया और भाजपा के साथ समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। असदुद्दीन ओवैसी ने जिले के शंकरपुर में देर शाम को जनसभा को संबोधित की। उन्होंने मटेरा से विधायक समाजवादी पार्टी की मारिया शाह को आरामदायक नेता बताया। ओवैसी ने कहा कि यूपी में एनकाउंटर के नाम पर मासूमों को तकलीफ दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 40 से 60 फीसद बीफ एक्सपोर्ट करता है। ऐसे में गाय के नाम पर युवाओं का एनकाउंटर और जेल भेजना गलत है। उन्होंने कहा कि सबको पता है, जहां पर भाजपा की सरकार है। वहां पर किसके घर गिराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगवाता है तो उसे सरकार हटवा देती है। आई लव मोहम्मद के पोस्टर हटवाने से मोहब्बत कम नहीं होगी। ओवैसी ने कहा कि अखिलेश यादव 2014 से लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। बिहार चुनाव के दौरान अखिलेश ने मजलिस के खिलाफ झूठा कैपेन चलाया था। मटेरा से समाजवादी पार्टी की विधायक मारिया शाह को ओवैसी ने आरामदायक नेता बताया और चुनाव का आगाज करते हुए मटेरा विधानसभा से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को मटेरा विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किया। ओवैसी ने जनता से कहा कि इंशा अल्लाह, मटेरा से लेकर बहराइच और पूरे उत्तर प्रदेश में मजलिस इत्तिहाद की ताकत से पूरा गेम बदल देगी।

## खाद, बीज और कीटनाशकों की समस्या से जूझ रहे किसान, समय पर उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर बढ़ी चिंता

● प्रशासन से कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिंगाही-खीरी।** क्षेत्र के किसान इन दिनों खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता तथा गुणवत्ता को लेकर परेशान हैं। खेती-किसानी के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी और बाजार में मनमाने दामों के कारण किसानों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही है और जहां उपलब्ध है, वहां निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूली जा रही है। यूरिया की एक बोरी अलग-अलग दुकानों पर अलग-अलग दरों पर बेची जा रही है। कहीं 400 रुपये तो कहीं 500 रुपये या उससे अधिक कीमत ली जा रही है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि कुछ दुकानदार खाद देने के बदले अन्य सामान खरीदने का दबाव भी बनाते हैं, जिससे उनकी आर्थिक परेशानी और बढ़ जाती है। वहीं बीज और कीटनाशकों की खरीद में भी किसान असमंजस की स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाजार में एक ही रोग या कीट नियंत्रण के लिए कई कंपनियों की दवाएं उपलब्ध हैं। हर दुकानदार अपनी दवा को बेहतर और अन्य कंपनियों की दवाओं को कम प्रभावी बताता है। ऐसे में किसान सही उत्पाद का चयन नहीं कर पाता और कई बार गलत दवा या निम्न गुणवत्ता वाले बीज के कारण फसल उत्पादन प्रभावित हो जाता है। डीजल, मजदूरी और कृषि उपकरणों के बढ़ते खर्च ने खेती की लागत पहले ही बढ़ा दी है। इसके बावजूद उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उनका आरोप है कि किसानों की मेहनत का लाभ बिचौलियों को अधिक मिलता है, जबकि अन्नदाता आर्थिक संकट से जूझता रहता है। क्षेत्रीय किसानों ने प्रशासन से खाद, बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने, निर्धारित दरों पर बिक्री सुनिश्चित करने तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो खेती करना और अधिक कठिन हो जाएगा।

## पीड़ित की पुस्तेनी जमीन पर अवैध कब्जा कर भगाने के लिए किया जा रहां प्रताड़ित

● प्रताड़ित ने धौरहरा कोतवाली पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**धौरहरा-खीरी-** क्षेत्र के ग्राम पंचायत करौहां के गांव लौकी पुरवा में एक गरीब परिवार को कथित रूप से गांव छोड़ने के लिए प्रताड़ित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गाली-गलौज,धमकी देने तथा उत्पीड़न करने के गंभीर आरोप लगाए है। पीड़ित परिवार का आरोप है। कि गांव निवासी राम जीवन पुत्र कामता प्रसाद आए दिन बिना किसी कारण गाली-गलौज करते है। और जान से मारने की धमकी देते है। परिवार का यह भी कहना है। कि उनके घर में आग लगाने का प्रयास किया गया तथा उनके छप्पर को भी नुकसान पहुंचाया गया। परिवार के




अनुसार लगातार हो रहे उत्पीड़न के चलते वे भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है। उनका आरोप है। कि उन्हें गांव छोड़ने के लिए मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।इस घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच भी चर्चा का बाजार गर्म है।

### लखीमपुर जेल में योग सप्ताह शुरू, बंदियों ने लिया कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास



**लखीमपुर खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम 'योग फॉर हेल्थी एजिंग' के तहत जिला कारागार में योग सप्ताह का शुभारंभ हो गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन्त कुमार के मार्गदर्शन में योग रंजन फाउंडेशन ने विशेष सत्र कराया। पहले दिन पुरुष बंदियों के 2 सत्र और महिला बंदियों का 1 सत्र हुआ। बंदियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ध्यान समेत कॉमन योग प्रोटोकॉल किया। योगाचार्य प्रिंस रंजन ने कहा - योग शरीर ही नहीं, मन और आत्मअनुशासन भी मजबूत करता है। जेल अधीक्षक पी.डी. सलौनिया, डीपीएस राठौड़ मौजूद रहे। बंदियों ने 21 जून तक रोज योग करने का संकल्प लिया।

## रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सोपा




● 1 जुलाई को विधानसभा का घिराव करेंगे मांगे पूरी न होने पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर 10 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा गया इस ज्ञापन के लिए उन्होंने एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की उन्होंने मांग की है मनरेगा योजना के तहत वह17 वर्षों से निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे हैं उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए साथ ही उनका 1 वर्ष का रुका हुआ मानदेय भुगतान भी शीघ्रय जाए। भुगतान न मिलने से रोजगार सेवकों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है साथ ही उन्होंने कम से कम 24000 प्रति माह दिया जाना निश्चित किया जाए इसके लिए प्रदेश सरकार कार्यवाही की जाए प्रदेश में करीब 36000 से अधिक रोजगार से 17 वर्षों से कार्य कर रहे हैं परंतु आज तक उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है। साथ ही उन्हें समय से मानदेय भी प्राप्त नहीं हो रहा है उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए चेतावनी दी गई यदि 30 जून तक उनकी मांगों को पूर्ण नहीं किया गया तो रोजगार सेवक संघ 1 जुलाई को लखनऊ में विधानसभा का घिराव करने को मजबूर होंगे यह जानकारी रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष गंगदीन कश्यप ने दी है इस मौके पर सैकड़ों रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### बरेली में शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, मेरठ के चौधरी अक्ष, लखीमपुर के प्रणव तिवारी और रितिशा सिंह बने शीर्ष शूटर



**बरेली।** राइफल क्लब में शूटिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन रविवार को 10 मीटर एयर राइफल और पिस्टल, 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल, स्पोर्ट्स पिस्टल, 50 मीटर फ्री पिस्टल एवं 50 मीटर प्रोन प्रतिस्पर्धाएं हुई। इनमें प्रदेश के 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। एयर राइफल पुरुष वर्ग में लखीमपुर के प्रणव तिवारी ने 622.1 अंक और बालिका वर्ग में रितिशा सिंह ने 619.8 अंकों के साथ जीत हासिल की। एयर पिस्टल जूनियर बालक वर्ग में मेरठ के चौधरी अक्ष 600 में से 574 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, जबकि रुद्रपुर के नकुल चौधरी ने 567 अंक लेकर दूसरा, लखनऊ की प्रज्ञा शर्मा ने 561 अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया। पिस्टल (एनआर) पुरुष वर्ग में हेमंत और एयर राइफल में शशांक तिवारी शीर्ष पर रहे। स्पोर्ट्स पिस्टल वर्ग में मोहित यादव, इसी श्रेणी के जूनियर वर्ग में धैर्य डांगी पहले स्थान पर रहे। पांच दिवसीय प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को होगा।

## अखिल भारत हिंदू महासभा की जिला कार्यकारिणी घोषित

● दिनेश मिश्रा बने लखीमपुर खीरी के नए जिलाध्यक्ष

संगठन की शक्ति से ही समाज में आएगा सकारात्मक बदलाव: डॉ. सचिन पांडे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।**अखिल भारत हिंदू महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. सचिन पांडे ने लखीमपुर खीरी की कमान सौंपते हुए, दिनेश मिश्रा को जिलाध्यक्ष, पद का मनोनयन पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों को उनके नए दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. सचिन पांडे ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज में संगठन की बहुत बड़ी भूमिका है। जैसा कि शास्त्रों में भी कहा गया है' संघे शक्ति कलियुगे' अर्थात् कलियुग में संगठन में ही असली शक्ति होती है, यदि हमें किसी बड़े कार्य को सिद्ध करना है, तो उसे अकेले नहीं बल्कि संगठन की सामूहिक ऊर्जा और शक्ति के बल पर ही पूरा किया जा सकता है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्रा ने पदभार ग्रहण करने के बाद शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं दिनेश मिश्रा, अपने तन, मन और धन से संगठन को मजबूत और गतिशील बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित रहूँगा। संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और समाज हित के कार्यों को आगे बढ़ाने में मैं अपनी भूमिका का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूँगा। बैठक के दौरान आए हुए सभी नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए उनका माल्यार्पण किया गया और पटका पहनाकर आदर-सम्मान किया गया। जिले में संगठन को सुचारू रूप से चलाने और जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्रा द्वारा नई कार्यकारिणी की



घोषणा की गई। इस नई टीम में, अवनीश मिश्रा, को जिला उपाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है, जबकि महिलाओं की भागीदारी को सशक्त करने के लिए, श्रीमती सविता बाजपेई, को जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन की गतिविधियों को गति देने के लिए, आदित्य मिश्रा, को जिला संगठन मंत्री बनाया गया है। वहीं, मीडिया और जनता के बीच संगठन की बात मजबूती से रखने के लिए, पुष्पेंद्र सिंह, को जिला मीडिया प्रभारी तथा, प्रमोद गुप्ता, को प्रेस प्रवक्ता के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम के समापन पर नव-मनोनीत पदाधिकारियों और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने और हिंदू महासभा को जिले में एक नई मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया।

## भारत विकास परिषद की 'छोटी काशी' का भव्य 'सम्मान एवं दायित्व ग्रहण समारोह' का आयोजन

● नवीन कार्यकारिणी व सपथ ग्रहण का आयोजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला-खीरी:** आज गोला गोकर्णनाथ के लक्ष्मी मैरिज लॉन में भारत विकास परिषद, नैमिष प्रान्त की 'छोटी काशी' शाखा द्वारा एक गरिमामय 'सम्मान एवं दायित्व ग्रहण समारोह' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिषद के सदस्यों का सम्मान करना और नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्वों से औपचारिक रूप से परिचित कराना था। सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर कुछ परपंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष (भा.वि.प., नैमिष प्रान्त) रमेश कुमार वर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वर्मा ने कहा कि 'भारत विकास परिषद सेवा और समर्पण का एक ऐसा मंच है जहाँ प्रत्येक सदस्य राष्ट्र निर्माण की मुख्य धारा से जुड़ता है। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को अपनी पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ संगठन के कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है, ताकि 'छोटी काशी' शाखा समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन सके। ' मुख्य अतिथि मा. अमन गिरि (विधायक, गोला) ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद जैसी संस्थाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का भाव पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का दायित्व समाज में नई ऊर्जा का संचार करेगा। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका गोला ने संगठन के 'स्वस्थ-समर्थ-संस्कारि त भारत' के मूल मंत्र की व्याख्या करते हुए सदस्यों को नैतिक मूल्यों का वाहक बताया। मुख्य वक्ता डॉ0 द्वारिका प्रसाद रस्तोगी (प्रान्तीय संरक्षक, भा.वि.प., नैमिष प्रान्त) ने परिषद के 'संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण' के पंच-सूत्रों को जीवन में उतारने की अपील की। समारोह में 'छोटी काशी' शाखा की नई टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ डिकर दायित्व ग्रहण कराया गया जिसमें अध्यक्ष अनुज खरे सचिव मनोज वर्मा कोषाध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा महिला संयोजिका श्रीमती प्रियंका गुप्ता के अतिरिक्त गतिविधि संयोजकों एवं सहसंयोजकों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। 'छोटी काशी परिवार' के सभी सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम 'स्वस्थ-समर्थ-संस्कारित भारत' के संकल्प को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र वर्मा ने किया। इससे पूर्व सचिव




ने गत सत्र में हुए कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। पूर्व कोषाध्यक्ष ने गत सत्र के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। अंत में शाखा अध्यक्ष अनुज खरे ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम जिला समन्वयक रामसागर वर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष संजय शुक्ला, संरक्षक शैलेंद्र सक्सेना, आदित्य पांडे, डॉ राजीव राठौर, डॉ हिमांशु मिश्रा, आदर्श सोनी, दीपक हालन, जितेश मेहता, अनिल जलोटा, डॉक्टर अवधेश सिंह, विक्रम वर्मा, आदर्श जायसवाल, गौरव राजपूत, कमलेश सिंह, रमेश चंद्र वर्मा, एडवोकेट प्रमोद वर्मा, संजीव राजपूत, पवनेश वर्मा, बी डी वर्मा, गौरव वर्मा, राजीव राजपूत, रमाशंकर कटियार, कमलेश सिंह, अरुण शर्मा, डॉक्टर आलोक वर्मा, योगेश कनौजिया, अवधेश वर्मा, विक्रम वर्मा, अजय गुप्ता, सर्वेंद्र अनुराग, श्रीमती नीरज सक्सेना, श्रीमती निधि खरे, संजय तिवारी, आलोक तिवारी, राजेश कश्यप सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लखीमपुर खीरी: उचौलिया थाना क्षेत्र में बेखौफ हुए चोर

● खोखे का ताला तोड़कर उड़ाया हजारों का माल; पुलिसिया गश्त पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उचौलिया खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के उचौलिया थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। आए दिन हो रही चोरी और लूट की घटनाओं ने स्थानीय व्यापारियों और आम जनता में दहशत का माहौल बना दिया है। इसी कड़ी में, बीती रात चोरों ने कोटरा स्थित टॉवर के पास बने एक खोखे को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है।

**खोखे को बनाया निशाना, मेहनत की कमाई पर फिरा पानी**

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित सूरज कुमार (पुत्र दाताराम, निवासी कोटरा, थाना उचौलिया) अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए टॉवर के पास बने खोखे पर दुकानदारी कर किसी तरह अपना गुजारा कर रहे थे। सूरज कुमार यह खोखा अपने फूफा की जमीन पर रखकर चलाते हैं। बीती रात, जब सूरज दुकान बंद करके घर गए, तो चोरों ने मौके का फायदा उठाकर दुकान का ताला तोड़ा और अंदर रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

**चोरों ने क्या-क्या चुराया**

चोरों ने दुकान को पूरी तरह खंगाल डाला।



चोरी गए सामान की सूची काफी लंबी है, जिससे पीड़ित दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। चोरी हुए सामान में मुख्य रूप से शामिल हैं तंबाकू उत्पादः कमला पसंद, रजनीगंधा, चम्पा और विभिन्न ब्रांड के गुटखे। पेय पदार्थः माजा, स्प्राइट, थम्स अप आदि की बोतलें। खाद्य सामग्रीः सिगरेट, नमकीन, बिस्कुट और अन्य फुटकर सामान।

**अनुमानित क्षति**

पीड़ित के अनुसार, चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 18 से 20 हजार रुपये बताई जा रही है।

बढ़ती घटनाओं से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं ने उचौलिया पुलिस की गश्त पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त केवल कागजों तक सीमित रह गई है, जिसके कारण चोर और लुटेरे बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन जल्द ही सक्रिय हो और चोरी हुई घटनाओं का खुलासा करे। यदि जल्द ही चोरों को नहीं पकड़ा गया और क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता नहीं बढ़ाई गई, तो भविष्य में और भी बड़ी आपराधिक घटनाएं घट सकती हैं।

### आंदोलन से पहले दलित पैंथर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक को हाउस अरेस्ट किया गया

मोतीपुर हिंसात्मक घटना को लेकर आंदोलन



**लखीमपुर खीरी।** बाकेगंज क्षेत्र के मोतीपुर गांव में हुई हिंसात्मक घटना को लेकर 15 जून को पलिया परिसर रोमी साहनी पलिया विधायक के खिलाफ में आंदोलन प्रस्तावित था। आंदोलन को देखते हुए प्रशासन ने भारतीय दलित पैंथर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मनोज कुमार भारती व मनोज कुमार बौध्द मंडल प्रभारी, जिला मीडिया प्रभारी योगेश कुमार, जिला महासचिव संजीव कुमार भारती, कुलदीप कुमार ब्लाक अध्यक्ष,शिवम सम्राट जिला महासचिव, को उनके निजी आवास लखीमपुर खीरी में हाउस अरेस्ट कर दिया।बताया जा रहा है कि संगठन द्वारा मोतीपुर घटना को लेकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी की गई थी। आंदोलन से पहले ही मनोज कुमार भारती को आवास पर नजरबंद किए जाने की जानकारी सामने आई।मामले को लेकर संगठन की ओर से आगे की रणनीति को लेकर जानकारी दी जाएगी। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए यह कदम उठाए जाने की बात कही जा रही है।

## बरेली में बड़ा हादसाः चाइनीज मांझे की चपेट में आए मंत्री संजय गंगवार का भतीजा, गर्दन, गाल और उंगली कटी

● बरेली में गन्ना मंत्री संजय गंगवार के भतीजे वीर सिंह गंगवार चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए, उनकी गर्दन कट गई। पुलिस ने प्रतिबंधित मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई का अभियान चलाने की बात कही है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** प्रतिबंधित (चाइनीज) मांझा के चपेट में आने से फिर से एक बड़ा हादसा हो गया। इस बार प्रदेश के गन्ना मंत्री संजय गंगवार के 15 वर्षीय भतीजे आदित्यवीर सिंह गंगवार श्यामगंज पुल पर मांझे के चपेट में आ गए। जिससे उनकी गर्दन, गाल, अंगुली काफी बुरी तरह से कट गई है। घायल अवस्था में राहगीरों ने उन्हें ईशान अस्पताल में भर्ती कराया। अभी उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही संजय गंगवार भी अपना दौरा रद कर बरेली पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में डीएम-एसएसपी से बात करेंगे कि आखिर प्रतिबंधित होने के बाद भी यह मांझा बिक कैसे रहा है। इस पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। मूल रूप से पीलीभीत के निवासी 15 वर्षीय आदित्यवीर सिंह गंगवार के पिता अजय सिंह गंगवार ललौरी खेड़ा ब्लाक के ब्लाक प्रमुख हैं। इनकी मां बरेली में रेलवे अफसर हैं। अजय गंगवार का एक मकान प्रेमनगर क्षेत्र में भी हैं। मां के साथ आदित्यवीर सिंह यहीं रहते हैं। स्वजन के मुताबिक, वह कक्षा नौ के छात्र हैं। हर दिन स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस करते हैं। स्वजन के मुताबिक, सोमवार को भी वीर सिंह गंगवार अपने दोस्त के साथ स्टेडियम गए और वहां से लौटकर श्यामगंज पुल पर चले गए। वह और उनका दोस्त स्कूटी से थे। इसी बीच पुल पर एक मांझा आदित्यवीर सिंह की गर्दन में आकर फंस गया जिससे उनकी गर्दन कट गई। हाथ से उन्होंने बचाने का प्रयास किया तो उनके हाथ की एक अंगुली भी कटी है। मांझा फंसने की वजह से उनकी स्कूटी अनियंत्रित हुई और वह लहूलुहान अवस्था में गिर पड़े। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया और उन्हें ईशान अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, दूसरी ओर जब गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार को इसी जानकारी हुई तो उन्होंने अपने दौरे को रद किया और सीधा बरेली पहुंच गए। भतीजे की हालत देखकर उन्होंने चिंता व्यक्त की कहा कि यह घटना सिर्फ इसलिए गंभीर नहीं कि क्योंकि यह उनके परिवार की है। बल्कि उनके भतीजे की जगह कोई भी हो सकता था। उन्होंने कहा है कि इस मामले में अधिकारियों से गंभीरता से बात की जाएगी।

**प्रतिबंध के बाद भी कैसे बिक रहा मांझा**

संजय गंगवार ने कहा कि वह इस बारे में डीएम और एसएसपी से भी बात करेंगे। कि आखिर जब शासन स्तर से इस मांझा की बिक्री पर पूरी तरह से रोक है तो शहर में यह बिक कैसे रहा है। आखिर बेचने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। उधर, दूसरी ओर मामले में एसएसपी अनुराग आर्य का कहना पूर्व में भी प्रतिबंधित मांझे को लेकर अभियान चलाए गए हैं। फिर से एक बार टीम बनाकर प्रतिबंधित मांझा बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**साढ़े तीन घंटे चली आदित्यवीर की सर्जरी**

ईशान अस्पताल के डाक्टर कौशल कुमार का कहना हैं कि आदित्यवीर को काफी गंभीर



चोट थीं। जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो वह खून से लथपथ थे। पूरे अस्पताल में खून बह रहा था। तत्काल उन्हें आपरेशन थियेटर में ले जाकर सर्जरी शुरू की। डाक्टर का कहना हैं कि आदित्यवीर की गर्दन में काफी गहरा घाव हुआ था। ऊपर का होंठ दाहिना गाल और बाएं हाथ की छोटी अंगुली भी कटकर लटक गई थी। गर्दन में मांझा इतना गहरा घुसा की कई नस कट गई। करीब 3:30 घंटे तक उनकी सर्जरी की गई है। डाक्टर का कहना हैं कि अभी उनकी हालत खतरे से बाहर है।

**पूर्व में भी हो चुकी हैं कई घटनाएं**

प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आने की वजह से पूर्व में भी कई घटनाएं हो चुकी है। शहर में सबसे ज्यादा घटनाएं श्यामगंज पुल पर ही होती हैं। हालांकि, अब फिर से इस पर अभियान शुरू किया जाएगा।

## भा.ज.पा. कार्यालय पर जिला पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी संगठन को जिसमें बूथ कमेटी भी शामिल है को मजबूत बनाकर केंद्र एवं प्रदेश की जनहित कारी नीतियों को नीचे तक पहुंचाने का कार्य आप सब करें हमारी प्राथमिकता है कि ईमानदारी से काम करके योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे उक्त विचार जिला प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्य ने भाजपा जिला कार्यालय पर पदाधिकारी की आयोजित बैठक में व्यक्त कर रहे थे उन्होंने कहा केंद्र का मुख्यालय मंगल है और भूत इसका प्रमुख भाग है इसलिए संगठन द्वारा किए गए कार्य बूथ स्तर पर पहुंचने चाहिए और भूत से आम जनता के बीच उनका क्रियांवा होना चाहिए उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस से आयोजित मोदी सरकार के 12 साल विश्वास की विकास की जनकल्याण के कार्यक्रमों के आयोजन की श्रृंखला में व्यक्त करते हुए कहा की सरकार एवं संगठन द्वारा दिए गए कार्यो को इसमें शासन की भी सहभागिता है इसका लाभ आम जनजीवन को मिले यही सरकार एवं संगठन दोनों का लक्ष्य है बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा किस संगठन के दिए गए कार्यो को आप सब लोग प्राथमिकता के साथ कर ही रहे हैं इसी के साथ उन्होंने कार्यक्रम में लगे लोगों को और तत्परता से कार्य करने की अपेक्षा करते हुए कहा किन कार्यों में हीला हवाली कतई बर्दाश्त नहीं होगी उन्होंने आगामी कार्यक्रम जनसंपर्क अभियान जो अभी जून तक चलाया जाएगा 12 जून को पार्टी कार्यालय पर मीडिया संवाद कार्यक्रम अच्छे ढंग से आयोजित हुआ विकसित भारत सम्मेलन जो 17 जून को होना है उन्होंने कहा इसमें प्रबुद्ध जनों की भागीदारी अच्छी हो इसके लिए आप सभी को चिंता कमी है उन्होंने इसके संयोजक से कहा कि इस प्रभु जनों में डॉक्टर वकील अच्छी संख्या में आए 18 जून को प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित होगी जो ग्रामीण विकास, विकास विभाग देवकली रोड भंसारिया में आयोजित होगी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले समेत सभी मंडलों पर एक साथ मनाया जाएगा जनकल्याण सिविल लगाया जा रहे हैं फिर मैं आम जनता को लाभ पहुंचे इसकी चिंता भी आप सभी को करनी है 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर जिला मुख्यालय समेत मंडलों पर गोष्ठी आयोजित होगी बैठक का कुशल संचालन जिला महामंत्री मनोज वर्मा ने किया बैठक की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रमेश चन्द्र मिश्र ने बताया की जिला पदाधिकारी की बैठक में जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने सभी कार्यक्रमों की निमित्त बनाए गए संयोजकों से आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी ली बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीत कुमारी महामंत्री अनुराग मिश्रा राजेश सिंह आशू मिश्रा राम जी मौर्य संजय मिश्रा श्रीमती किरण अग्रवाल जितेंद्र साहनी संतोष कुमारी संगीता पुरी शरद मिश्र रश्मि गुप्ता अमित सिंह रामभरोस वर्मा शरद मिश्रा गणेश शंकर गौतम राजीव मिश्रा संजय गुप्ता शौर्य सक्सेना अंकित अवस्थी ऋषभ पांडे, सौरभ त्रिवेदी अभिजात मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे!।

## संक्षिप्त खबरें

### योग दिवस सप्ताह का शुभारंभ



**चुनार, मीरजापुर।** 12 वें योग दिवस के उपलक्ष्य में मुहल्ला सेटेलमेन्ट एरिया गाँधी पार्क में योग दिवस सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद, अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक लालमणि यादव, प्रधान लिपिक शैलेश कुमार यादव,राम भवन सिंह राजस्व निरीक्षक, सभासद एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लोवर लाइन चुनार की बहनें व पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहें।

### खरीफ अभियान 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा, उर्वरकों की उपलब्धता पर विशेष जोर

**मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक, किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश**



**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में खरीफ अभियान 2026-27 के अंतर्गत जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक विकास भवन में आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों एवं उर्वरक आपूर्तिकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि धान रोपाई के दौरान किसानों को किसी भी केंद्र पर उर्वरकों की कमी न होने पाए। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी एवं टैगिंग की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनपद में यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित सभी प्रमुख उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा किसानों की मांग के अनुरूप नियमित वितरण किया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश उपलब्ध कराने हेतु सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी इरम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुकदमे से पहले संवाद को अपनाएं, प्री-लिटिगेशन मेडिएशन का लें लाभ : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**भदोही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही ने जनसामान्य से अपील की है कि किसी भी विवाद को न्यायालय में ले जाने से पहले प्री-लिटिगेशन मेडिएशन (पूर्व वाद मध्यस्थता) के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास करें। प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्री-लिटिगेशन मेडिएशन ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें न्यायालय में मुकदमा दायर होने से पूर्व पक्षकारों के बीच उत्पन्न विवाद का समाधान एक निष्पक्ष मध्यस्थ की सहायता से आपसी सहमति के आधार पर कराया जाता है। इस प्रक्रिया में किसी पक्ष पर कोई निर्णय थोपा नहीं जाता, बल्कि संवाद और सहमति के माध्यम से समाधान खोजा जाता है।

प्राधिकरण के अनुसार इस प्रक्रिया से समय और धन की बचत होती है, विवाद की गोपनीयता बनी रहती है तथा आपसी संबंध भी सुरक्षित रहते हैं। साथ ही न्यायालयी कार्यवाही से बचते हुए विवाद का त्वरित और स्थायी समाधान संभव हो पाता है। प्री-लिटिगेशन मेडिएशन पारिवारिक, वैवाहिक, संपत्ति, व्यावसायिक, धन वसूली तथा अन्य सिविल प्रकृति के मामलों में विशेष रूप से उपयोगी है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों से 'मुकदमे से पहले संवाद–विवाद का आसान समाधान' की भावना को अपनाने और किसी भी प्रकार के उपर्युक्त विवाद के समाधान हेतु जनपद न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क कर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष कुमार सिंह एवं अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश अखिलेश दूबे ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का सरल, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है।

## 15 दिवसीय कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मिर्जापुर।** संस्कार भारती, मिर्जापुर इकाई एवं महेश्वर साधना ललित कला प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के मध्य संपन्न हुआ। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री सोहनलाल श्रीमाली, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी, श्री दिनेश्वर पति त्रिपाठी त्रिपाठी, वेदमूर्ति आचार्य अगस्त्य द्विवेदी तथा प्लेवे स्कूल के निदेशक श्री रचित जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं संस्कार भारती गीत के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्कार भारती के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

कार्यशाला के प्रशिक्षक मनीष शर्मा ने 15 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अर्जित कला-कौशल का सुंदर प्रदर्शन कराया। बच्चों ने टुकड़ा, तिहाई, चक्कर, परन तथा छोटे ख़याल की बंदिशों पर आकर्षक कथक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी साधना और प्रतिभा का परिचय दिया। अंत में प्रशिक्षक मनीष शर्मा ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की।

इस अवसर पर संस्कार भारती, मिर्जापुर इकाई द्वारा कार्यशाला के सफल संचालन में विशेष योगदान देने वाले दोनों संयोजकों श्री सोमेश्वर पति त्रिपाठी एवं श्रीमती शालू वर्मा का सम्मान किया गया। दोनों संयोजकों ने पूरे 15 दिनों तक अत्यंत मनोयोग, समर्पण और अनुशासन के साथ कार्यशाला का संचालन कर उसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम में कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले श्रीमती कुसुम मालवीय एवं पंडित शिवांग त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर शिवलाल गुप्ता, राकेश वर्मा, संजय श्रीवास्तव, शिवबली सिंह, रामलाल साहनी, बसंत गुप्ता, पंडित ओमप्रकाश मिश्रा, राममिलन जी, राम धनी पाल ,सुरेश मौर्या, प्रमोद मिश्रा, अनिल जी, केदार नाथ सविता, लल्लू तिवारी, राम नारायण यादव, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में संस्कार भारती, मिर्जापुर के जिला महामंत्री शिवराम शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, सहयोगियों, अभिभावकों एवं कला-प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय शास्त्रीय कलाओं का संरक्षण और संवर्धन समाज के सामूहिक सहयोग से ही संभव है।

## प्राचार्य पद पर कार्यरत रहते हुए प्रोफेसर पदनाम प्राप्त करने वाले पहले प्राचार्य बने डॉ प्रदीप नारायण डोंगरे



**ज्ञानपुर, भदोही।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ प्रदीप नारायण डोंगरे को उनके विषय वनस्पति विज्ञान में उनकी शैक्षणिक एवं शोध विशेषज्ञता के आधार पर प्रोफेसर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रोफेसर पदनाम प्रदान किया गया है। डॉ डोंगरे ने 2022 में उक्त पद हेतु आवेदन किया था परन्तु वांछित आदेश जारी न होने के कारण उन्होंने सूचना के अधिकार के अंतर्गत मिली अनुमति के बाद 2025 में पुनः आवेदन किया था तथा लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद उच्च न्यायालय की शरण ली थी। प्राचार्य पद पर चयन के उपरान्त संबंधित विषय में प्रोफेसर पदनाम प्राप्त करने वाले वे प्रथम एवं एकमात्र प्राचार्य हैं।

## तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का हुआ आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री के द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे नरायनपुर ब्लाक मुख्यालय के सभागार मे सोमवार को तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलामंत्री डाँ विजय कुमार सिंह,मण्डल अध्यक्ष नरायनपुर व चन्द्रशेखर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग, महिला कल्याण विभाग, कृषि विभाग,लघु सिचाई विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को गुणो के बारे मे बताते हुए योजनाओं से लाभान्वित होने की बात बताई गई।बालविकास विभाग के द्वारा मुख्य सेविका संतोषी देवी के कुशल नेतृत्व मे आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो ने बाजरा, सैजन पत्ती, भिण्डी, केला, चौराई, चना इत्यादि का स्टाल लगाकर उपस्थित महिलाओ को इसके गुणो की विस्तृत जानकारी व महिलाओ को स्वस्थ मातृत्व के लिए नियमित रुप से सेवन करने की बात कार्यकत्रि पूर्णिमा देवी ने बताई अतिथियो ने सभी स्टालो पर पहुंच कर संबंधित स्टालो पर लगे सामानो के विषय मे विस्तृत जानकारी लिया।

इस दौरान मण्डलअध्यक्ष चुनार मंगरु साहनी, सर्वेश पटेल, पूर्वमण्डल अध्यक्ष नन्दलाल केशरी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत,ग्रामीण विकास, कृषि, कृषि रक्षा, सहकारिता,समाज कल्याण, अवर अभियंता लघु सिचाई, कुमुद, कार्यकत्री सुमन देवी, मनोरमा, ममता, सुमन गुप्ता आदि सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रिया मौजूद रही।

## भदोही में 'योग सप्ताह' का शुभारंभ, 21 जून तक होंगे विविध कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन, ज्ञानपुर में सात दिवसीय 'योग सप्ताह' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी बालगोविंद शुक्ल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष चक सहित अन्य अधिकारियों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' निर्धारित की गई है। योग सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, संगोष्ठी एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन वैज्ञानिक विरासत है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलित विकास का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, तनावमुक्त एवं ऊर्जावान बनाता है। उन्होंने जनपदवासियों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने इसे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर कहा। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कहा कि योग तनाव कम करने और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। मुख्य विकास अधिकारी बालगोविंद शुक्ल ने योग को सुख, शांति एवं अनुशासित जीवन का मार्ग बताया। कार्यक्रम के अंत में जनपदवासियों से 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह में अधिक से अधिक सहभागिता करने की अपील की गई।

## ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी शंकर यादव के स्थानांतरण के संबंध में दिया गया उप मुख्यमंत्री को पत्रक

**उपमुख्यमंत्री ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को पत्रक प्रधानों ने देकर सचिव को हटवाने का किया मांग।**

**हलिया मीरजापुर।** विकासखंड हलिया के कलस्टर गांव नदौली पटेहरा व पटेहरा कला व महुगढ़ी मे कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी लगभग 6 माह से ग्राम पंचायत में नियुक्त हैं लोगों को परेशान कर दिया है गांव में कभी आता नहीं गांव के लोग वृद्धा पेंशन राशन कार्ड जन्म प्रमाण पत्र मृत प्रमाण पत्र वह आवास का मास्टर रोल नहीं निकल रहा है जिससे यहां की जनता काफी परेशान है और हर बात पर पैसा मांगता है ग्राम प्रशासक से 30% कमीशन मांग रहा है कभी काम में व्यवधान डाल रहा है जो आवास दिया गया है आज तक मजदूरी नहीं दी गई लोग परेशान हैं ब्लॉक से लेकर जिले तक अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है वह कहता है कि हमारे रिश्तेदार यहां पर डी0पी0आर0 ओ0 है। हमारा कोई स्थानांतरण नहीं करवा सकता है जिससे ग्राम प्रधानों ने उपमुख्यमंत्री ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को ज्ञापन देकर सचिव को स्थानांतरण करवाने की किया मांग।

## शिकायतकर्ता विभाग के द्वारा किए गए समाधान से असंतुष्ट है फर्जी रिपोर्ट लगाई गई है शिकायतकर्ता पुनः जांच करवाने का किया मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के सुइयां कला निवासी केवला धरकार पुत्र स्वर्गीय तेरसू धरकार ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र द्वारा एफ आई आर नंबर में गलत एफ आई आर दर्ज करने के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर कहा कि प्रार्थी उपरोक्त नाम और पते का स्थाई निवासी है न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मिर्जापुर के न्यायालय में केवला बनाम शेखई राम उर्फ शेखर विश्वकर्मा वगैरह के धारा 1754 में हलिया थाने की आख्या के अनुसार प्रार्थी के पुरानी खाता संख्या 70 व आराजी नंबर 1656 मि रकबा 0. 014 हे0 से सटी हुई आराजी नंबर 301 रकबा 0.0090 हे0 अनिल कुमार सिंह पटेल पुत्र छेदीलाल सिंह पटेल व छेदीलाल सिंह पटेल पुत्र राम हाकर सिंह पटेल व पारसनाथ सिंह पटेल पुत्र राम हाकर सिंह पटेल निवासी 11 18 संख्या 3. गायत्री धर्म बस्ती छतरीपुर भोजपुर जिला वाराणसी द्वारा प्रार्थी की पुश्तैनी जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम दर्ज करके दिखाई राम उर्फ शेखर विश्वकर्मा को बिक्री करके अवैध कब्जा थे वर्तमान नंबर 301 ख रकबा 0.0014 हे0 आराजी नंबर 241 रखबा 0.2140 हे0 तथा आराजी नंबर 279 रखबा 0.1170 हे0 पर सिविल कोर्ट से दिनांक 18/11/2025 को स्टे आर्डर पारित है उक्त जमीन पर जबरन गुंडई के साथ अवैध रूप से खेती किया जा रहा है। उसी को लेकर कहां सुनी हुई थी जिसमें प्रार्थी के भाई राज नारायण को दौड़ा लिए प्रार्थी का भाई अपनी बकरियों को लेकर भाग वापस जाते समय रिश्तेदारी से वापस घर आ रहे।

प्रार्थी के भाई राम लल्लू को पकड़ कर थाने ले जाया गया 28 घंटे थाने पर प्रताड़ित करने के बाद एसडीएम कोर्ट में रात 8:00 बजे दूसरे दिन पेश किया गया इस प्रकार प्रार्थी व प्रार्थी के अन्य परिवारजन को परेशान किया जा रहा है। पुलिस बार-बार छेदीलाल सिंह पटेल और दया शंकर विश्वकर्मा का पक्ष लेकर प्रार्थी के परिवार का उत्पीड़न कर रही है।

सत्ता पक्ष के दबाव में भूमाफिया किस्म के छेदीलाल सिंह पटेल और दया शंकर विश्वकर्मा के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है जो मानवाधिकारों के सर्वथा विपरीत है प्रार्थी ने स्पीड पोस्ट से प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक महानिदेशक जिला अधिकारी मिर्जापुर पुलिस अधीक्षक उप जिला अधिकारी थाना अध्यक्ष हलिया को भेजने के बाद धारा 482 सीआरपीसी में एक रिट याचिका केवलि प्रसाद धरकार वगैरह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व 6 अन्य के विरुद्ध प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में योजित किया की फर्जी मुकदमा अपराध संख्या 0033 सन 2026 की जांच करवा कर उसे समाप्त किया जाए प्राथमिक गरीब व्यक्ति है और सिविल कोर्ट से इसके आर्डर पारित है उसका अनुपालन करवाया जाए कृपा होगी।

## जनपद में सर्वाधिक रक्तदान कराने वाली विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट विश्व रक्तदाता दिवस पर सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

8 वर्षों से रक्तदान सेवा में अग्रणी संस्था, वर्ष 2026 के मात्र 5 महीनों में 300 से अधिक रक्तदान एवं एसडीपी दान। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सर सुंदरलाल चिकित्सालय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के रक्त केंद्र द्वारा आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में जनपद मिर्जापुर की अग्रणी सामाजिक संस्था विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट को रक्तदान एवं रक्तदान जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह में विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी एवं सचिव अभिषेक साहू उपस्थित रहे तथा संस्था की ओर से सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा वर्षों से किए जा रहे मानव सेवा के कार्यों, आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने तथा रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के प्रयासों की विशेष सराहना की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी ने कहा कि यह सम्मान विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रत्येक रक्तदाता, स्वयंसेवक एवं सहयोगी के समर्पण का सम्मान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। संस्था का प्रयास है कि कोई भी मरीज केवल रक्त की कमी के कारण उपचार से वंचित न रहे।

वहीं संस्था के सचिव अभिषेक साहू ने कहा कि विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट पिछले 8 वर्षों से जनपद मिर्जापुर में रक्तदान सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। संस्था ने कोरोना महामारी, डेंगू जैसी आपात परिस्थितियों और अन्य विपरीत समय में भी जरूरतमंद मरीजों तक रक्त एवं एसडीपी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल रक्तदान कराना नहीं, बल्कि समाज में स्वैच्छिक रक्तदान की मजबूत संस्कृति विकसित करना है। विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट आज जनपद मिर्जापुर में सर्वाधिक रक्तदान कराने वाली संस्था के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। संस्था के माध्यम से हजारों जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त एवं प्लेटलेट्स उपलब्ध कराए गए हैं। संस्था के सैकड़ों नियमित रक्तदाता मानव सेवा के इस अभियान से जुड़े हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति में तत्परता के साथ रक्तदान करते हैं।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2026 के अभी मात्र पांच महीने ही पूर्ण हुए हैं और इस अवधि में विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के रक्तदाताओं द्वारा 300 से अधिक रक्तदान एवं एसडीपी (Single Donor Platelet) दान किया जा चुका है। यह उपलब्धि संस्था की सक्रियता, रक्तदाताओं की प्रतिबद्धता और मानव सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त एवं एसडीपी



दान की व्यवस्था कराई जाती है। संस्था के सहयोग से मिर्जापुर जिला रक्त केंद्र, सर सुंदरलाल चिकित्सालय (बीएचयू), वाराणसी, होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, वाराणसी, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र, वाराणसी तथा कृष्णा ब्लड सेंटर, मिर्जापुर में नियमित रूप से रक्तदान एवं एसडीपी दान कराया जाता है। समारोह में उपस्थित चिकित्सकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था रक्तदान सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी है। संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयास समाज में मानवता, सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।विश्व रक्तदाता दिवस पर प्राप्त यह सम्मान विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के लिए गौरव का विषय है तथा आने वाले समय में संस्था को और अधिक उत्साह एवं ऊर्जा के साथ मानव सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान करेगा।

## दलित चौपाल में जुटे ग्रामीण, लोजपा (रामविलास) ने चलाया सदस्यता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 'लोजपा चली गाँव की ओर' अभियान के तहत ग्राम अईनक्ष (ठकुरैनी का तारा) में सोमवार को सर्व समाज सदस्यता ग्रहण एवं दलित चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश महासचिव (पूर्वी उत्तर प्रदेश) एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे, जिलाध्यक्ष विकास दुबे, जिला उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला सचिव संतोष दुबे तथा अजय पासी शामिल रहे। अपने संबोधन में कमल तिवारी ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) गरीबों, दलितों, पिछड़ों, किसानों और युवाओं के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी अथवा समर्थित उम्मीदवार को विजयी बनाने के लिए जुटने की अपील की।

प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे ने



पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के राजनीतिक जीवन और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान ग्राम प्रधान कमलेश कुमार सरोज सहित अजय पासी, सुजीत पासी, ओम प्रकाश सरोज, रमेश भारती, मोनू पासवान, सनी पासी, विनोद तिवारी, शेषधर सरोज, बब्बन सरोज, आदित्य कुमार बिंद, अजीत कुमार बिंद, सोनू बिंद, गोविंदा सरोज, दिनेश कुमार पासी समेत दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का आयोजन सुजीत पासी ने किया। अंत में जिलाध्यक्ष विकास दुबे ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी सामाजिक न्याय, संगठन विस्तार और जनसमस्याओं के समाधान के लिए गांव-गांव तक पहुंचकर कार्य करती रहेगी।

## पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही द्वारा की गई जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु दिए आवश्यक निर्देश



**भदोही** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय भदोही में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों का अवलोकन करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में पूर्ण संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बरती जाए। पुलिस अधीक्षक भदोही ने कहा कि भदोही पुलिस जनता की समस्याओं के समाधान, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनविश्वास को और अधिक मजबूत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## पुश्तैनी भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास का आरोप, पूर्व विधायक समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** पुश्तैनी भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने के प्रयास के आरोप में थाना गोपीगंज पुलिस ने पूर्व विधायक डॉ. सिंह उर्फ उदयभान सिंह समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वादी ने शिकायत दी थी कि कुछ लोगों द्वारा संबंधित भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्रीवाल का निर्माण करा लिया गया है। शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग से आख्या मांगी गई। राजस्व विभाग की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि जिस पक्ष ने बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया है, उसे उक्त भूमि पर निर्माण कराने का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं था।

राजस्व विभाग की आख्या के आधार पर थाना गोपीगंज में मु0अ0सं0 0240/2026 के तहत धारा 329(3) एवं 351(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया है। वादी का आरोप है कि उसकी पुश्तैनी भूमि पर डॉ. सिंह उर्फ उदयभान सिंह निवासी सेमरा, थाना चील्ह, जनपद मिर्जापुर तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा संगठित रूप से अवैध निर्माण कर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण की विवेचना जारी है तथा जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## काशीराज इंटर कॉलेज प्रबंधन को लेकर फिर उठा विवाद, निष्पक्ष जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** श्री काशीराज महाविद्यालय इंटर कॉलेज, औराई के प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने शिक्षा विभाग एवं कुछ पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए शासन और जिला प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

धर्मेंद्र कुमार मिश्र का दावा है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर वर्ष 1994 में नियत प्राधिकारी/परगना अधिकारी ज्ञानपुर द्वारा सोसाइटी एक्ट की धारा-25 के तहत श्री काशीराज महाविद्यालय सोसाइटी को वैध माना गया था तथा तत्कालीन प्रबंधन को मान्यता प्रदान की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रबंधन संबंधी विवाद को लेकर विभिन्न न्यायालयों में मुकदमे चले, जिनमें एक मामले में वर्ष 2015 में उनके पक्ष में निर्णय भी आया। वर्तमान में प्रबंधन से जुड़ा मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय सहित अन्य न्यायालयों में विचाराधीन है। प्रबंधक ने आरोप लगाया कि न्यायालय में विवाद लंबित होने के बावजूद कुछ लोगों द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से समानांतर प्रबंधन समिति संचालित की जा रही है। उनका कहना है कि वरिष्ठता की अनदेखी करते हुए एक कनिष्ठ शिक्षिका को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया है, जबकि प्रधानाचार्य पद की नियमित नियुक्ति के लिए अभी तक अधियाचन नहीं भेजा गया है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संस्था में नियुक्तियों एवं प्रशासनिक निर्णयों में नियमों की अनदेखी की गई है। साथ ही पूर्व में दर्ज वित्तीय अनियमितताओं एवं धोखाधड़ी से संबंधित मामलों का भी उल्लेख करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने अपर शिक्षा सचिव, जिलाधिकारी, शिक्षा विभाग एवं आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा संस्था में अधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने की मांग की है।

## अधिशासी अधिकारी सुरियावा सुजीत कुमार ने किया ताजिया मार्ग का निरीक्षण



**सुरियावां** सोमवार 15 जून 2026 को नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर बारह शाहिद नगर मुहल्ले से होकर गुजरने वाली ताजिया मार्ग का निरीक्षण किया इस दौरान मार्ग कई जगह मार्ग टूटा नजर आया जिसे उन्होंने ने तुरंत सम्बन्धित कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिया आगामी पच्चीस तारीख को मुहर्रम का त्यौहार हैं कई ताजिया के कमेटी वालें ने मांग किया कि उस मार्ग से ताजिया गुजरती है समय से पहले मार्ग की मरम्मत किया जाय जिससे ताजिया दारों को ताज़िया ले जाने में कोई दिक्कत न आए इस दौरान बाबू विजय उपाध्य, लिपिक आलोक कुमार मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बहरिया थाना परिसर में ताजियादारों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न



**बहरिया, प्रयागराज।** आगामी मुहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बहरिया थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मानवेन्द्र कुमार सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के ताजियादारों, संभ्रांत नागरिकों तथा पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मानवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बहरिया थाना क्षेत्र में कुल लगभग 21 ताजियादार हैं। उन्होंने कहा कि सभी ताजियादार शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए ताजिया स्थापित एवं विसर्जित करें। विशेष रूप से ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए गए, ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की संभावना न रहे।

### जानलेवा गड्ढों के विरोध में सड़क पर किया सांकेतिक वृक्षारोपण



**नैनी,प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र के महेवा स्थित खान चौराहा से एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के एसबीआई गेट तक सड़क पर बने गहरे और जानलेवा गड्ढों को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लंबे समय से समस्या का समाधान न होने पर रविवार को लोगों ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए गड्ढों में मिट्टी से भरी बोरियां रखकर उनमें पौधे लगा दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त मार्ग पर चार से पांच बड़े और गहरे गड्ढे बने हुए हैं,जिनके कारण आए दिन बाइक सवार दुर्घटना का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर गड्ढों को भरवाने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।स्थानीय लोगों ने कहा की इन गड्ढों को 'मौत का गड्ढा' कहा जाए तो गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से क्षेत्रीय विधायक, सांसद, महापौर और कई वरिष्ठ अधिकारियों का नियमित आवागमन होता है, लेकिन इसके बावजूद किसी का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर नहीं गया।स्थानीय लोगों ने जिला अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सड़क के गड्ढों को तत्काल भरवाया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।

### प्रयागराज में कोर्ट ने बुजुर्ग पिता का खर्च देने को कहा, छोटे बेटे ने मार दी गोली

प्रयागराज। जिसे बुढ़ापे की लाठी बनना था, वही जिंदगी छीनने वाला जल्लाद बन गया। सिर्फ चंद रुपयों का गुजारा भत्ता न देना पड़े, इसके लिए पिता के सीने में गोली दाग दी। प्रयागराज में दिल दहला देने वाली यह वारदात शनिवार सुबह बीच सड़क सरेआम अंजाम दी गई। छोटे बेटे की करतूत का पता तब चला, जब पुलिस ने घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में बुजुर्ग को गोली मारता हुआ छोटा बेटा दिखा। आठ सौ-आठ सौ रुपये खर्चा देने के आदेश का पालन नहीं करने पर कोर्ट ने तीन दिन पहले ही बुजुर्ग के छह बेटों पर 2.40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। 68 वर्षीय राम दुलारे भरा-पूरा परिवार होने के बावजूद बुढ़ापे में वह दाने-दाने को मोहताज थे। बेटों की बेरुखी से तंग आकर करीब ढाई साल पहले उन्होंने घर छोड़ दिया था और एक वृद्धाश्रम में रहने लगे थे। भरण-पोषण के लिए राम दुलारे ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने सभी बेटों को प्रति माह 800-800 रुपये देने का आदेश जारी किया था। बेटों ने जब कोर्ट के आदेश को हवा में उड़ा दिया, तो पिता ने अवमानना का केस कर दिया। अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी छह बेटों पर 40-40 हजार रुपये का जुर्माना ठोक दिया। इसी बात को लेकर शुक्रवार को शिवकुटी थाने में भी पंचायत हुई थी। शुक्रवार रात राम दुलारे अपने घर आए थे, जहां उनके एक बेटे जितेंद्र ने उन्हें भोजन कराया और 13 हजार रुपये दिए। शनिवार सुबह राम दुलारे वापस वृद्धाश्रम जाने के लिए निकले थे। रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, बाइक के पीछे बैठे छोटे बेटे अखिलेश ने बेहद करीब से उनके सीने में गोली मार दी। स्थानीय लोग स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी सांसें थम चुकी थीं। डीसीपी सिटी मनीष शांडिल्य ने बताया कि शुरुआती जांच और सीसीटीवी फुटेज से साफ हो चुका है कि छोटे बेटे ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया। वारदात के बाद जब पुलिस आरोपी के घर पहुंची तो वहां ताला लटका मिला। अखिलेश के साथ-साथ राम दुलारे की पत्नी और चार अन्य बेटे भी गायब हैं।

# तृणमूल के बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी में विलय का किया ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में चल रही बगावत रविवार को अपने चरम पर पहुंच गई, जब पार्टी के असंतुष्ट सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी में अपने विलय की घोषणा कर दी.इन सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर सदन में अपने लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने दावा किया कि टीएमसी के दो-तिहाई लोकसभा सदस्यों ने एक अलग समूह के रूप में मान्यता देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा है.उन्होंने कहा, 'टीएमसी के दो-तिहाई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को अलग बैठने की व्यवस्था के लिए पत्र दिया है. हम नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी में विलय करेंगे और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का समर्थन करेंगे।' टीएमसी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सदस्य सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि असंतुष्ट खेमे ने पहले ही नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी में अपना विलय कर लिया है, जिसे उन्होंने एक क्षेत्रीय दल बताया. 'नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी' त्रिपुरा की एक कम प्रसिद्ध पंजीकृत, लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त पार्टी है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले धड़े के दावों के बारे में पूछे जाने पर बंदोपाध्याय ने कहा कि 'असली टीएमसी' कौन है, इसका फैसला अदालतें करेंगी.उन्होंने यह भी कहा कि वे पार्टी के चुनाव चिह्न 'दो फूल' (जोड़ा फूल) पर भी अपना दावा ठोकेंगे. बंदोपाध्याय ने कहा, 'अदालत बाद में फैसला करेगी कि असली टीएमसी कौन है. हमने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर उनके समक्ष अपनी मांग रख दी है।' यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब टीएमसी नेता कीर्ति आजाद और सागरिका घोष ने भी रविवार को अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की.उन्होंने टीएमसी लोकसभा संसदीय दल के नेता अभिषेक बनर्जी द्वारा लिखा गया एक पत्र लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा, जिसमें उनसे किसी भी कथित अलग गुट को मान्यता न देने का आग्रह किया गया है. इस पत्र में तर्क दिया गया है कि संविधान किसी मौजूदा राजनीतिक दल के भीतर एक अलग समूह बनाने की अनुमति नहीं देता है। दस जून की तारीख वाले इस पत्र को पहले ईमेल के जरिए भी भेजा गया था, जिसमें कहा गया है कि दलबदल विरोधी कानून इस तरह के विभाजन की इजाजत नहीं देता।

# प्रयागराज में 'योग सप्ताह' का भव्य शुभारंभ

**● कंपनी बाग में उमड़ा जनसैलाब, स्वस्थ आयु के लिए योग का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ब्यूरो प्रयागराज।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज ऐतिहासिक कंपनी बाग में 'योग सप्ताह' का भव्य और गरिमामयी शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक (फाफामऊ) गुरु प्रसाद मौर्य एवं माननीय महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर शहर के सैकड़ों नागरिकों, अधिकारियों और योग साधकों ने एक साथ सामूहिक योग अभ्यास किया। योग को वैश्विक पहचान दिलाने में प्रधानमंत्री का नेतृत्व अतुलनीय । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा कि इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' (Yoga for Healthy Ageing) हमें जीवन के प्रत्येक चरण में योग को अपनाकर निरोग, ऊर्जावान एवं स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देती है। योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी प्रयासों के कारण ही आज योग वैश्विक स्तर पर स्थापित हो चुका है। दुनिया का हर कोना आज भारतीय संस्कृति की इस अद्भुत जीवन शैली को अपना रहा है। योग मात्र व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है। इस अवसर पर विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति और शारीरिक आरोग्यता के लिए योग नितांत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से अपील की कि वे योग को केवल एक दिन या एक सप्ताह के उत्सव तक सीमित न रखकर नियमित अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. नवीन सोनी ने इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस योग सप्ताह (15 जून से 21 जून) के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान, कार्यशालाएं और योग शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के हर वर्ग को दीर्घायु और निरोगी जीवन का मंत्र मिल सके। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अवनीश पाण्डेय ने किया। आयोजन के समापन पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष) डॉ. हरे कृष्ण मिश्र ने मुख्य अतिथियों, विभागीय टीम, मीडिया बंधुओं और नगर वासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सुरिया भीट और देवरख को मिली दो मिनी ट्यूबवेल की सौगात

**● भूमि पूजन के साथ हुआ कार्य का शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी एवं करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद की विशेष पहल तथा वार्ड-47 के निवर्तमान भाजपा पार्षद प्रत्याशी के निरंतर प्रयासों से सुरिया भीट और देवरख में दो मिनी ट्यूबवेल स्थापित किए जाने की सौगात मिली है।सुरिया भीट में भाजपा जिला मंत्री राम लखन विश्वकर्मा ने विधिवत भूमि पूजन कर बोरिंग कार्य का शुभारंभ किया।

क्षेत्र के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि वे कई वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे थे और पानी की समस्या के समाधान के लिए लंबे समय से मांग कर रहे थे। अब मिनी ट्यूबवेल की स्थापना से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।इस जनहितकारी कार्य के लिए स्थानीय जनता ने माननीय महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी का आभार व्यक्त किया। साथ ही भाजपा जिला मंत्री राम लखन विश्वकर्मा के अथक प्रयासों की भी सराहना की, जिनके निरंतर सका।इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें राम जी श्रीवास्तव, जय सिंह, जय श्रीवास्तव, नवसाद अहमद, वकार अहमद, सुभाष कुशवाहा, कृष्ण कुमार शुक्ला, दीपक पांडेय, दिनेश विश्वकर्मा, कमला शंकर विश्वकर्मा, राजकुमार तिवारी, आशीष मिश्रा, अंजनी विश्वकर्मा, मूलचंद्र जायसवाल, जावेद अहमद सहित अन्य लोग शामिल रहे।

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

## लखनऊ के पटाखा गोदाम में विस्फोट से एक महिला की मौत

**लखनऊ।** नगराम के देवती गांव में सोमवार सुबह पटाखा गोदाम में विस्फोट होने से खलबली मच गई। घटना से बाद आसपास के गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई और सूचना पुलिस को दी गई। नगराम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। विस्फोट में एक महिला की मौत हुई है। नगराम के देवती गांव के बाहर स्थित एक लाइसेंसी पटाखा गोदाम में सोमवार सुबह करीब 11 बजे अचानक भीषण विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि गोदाम की कोठरी की छत और दीवारें उड़ गईं। मलबे के नीचे खड़ी दो मोटरसाइकिलें भी दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं और आग की चपेट में आकर जल गईं। घटना के समय गोदाम के पास बैठी 22 वर्षीय मारिया और युवक मोहित घायल हो गए। हादसे के बाद मारिया के परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं मोहित को भी चोटें आई हैं। गोदाम के लाइसेंस धारक शफीक ने बताया कि सहालग को देखते हुए गोला-पटाखा बनाने की तैयारी चल रही थी। अधिकांश सामान तैयार था तथा गोदाम में बारूद और निर्मित सामग्री भी रखी हुई थी। घटना के समय वह मौके पर मौजूद नहीं थे, इसलिए विस्फोट के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी।

# नैनी सब्जी मंडी में दलित व्यापारी से मारपीट

**● दुकान खाली कराने और जान से मारने की धमकी का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी ,प्रयागराज।** दबंगों पर दुकान में घुसकर सामान फेंकने, नकदी गायब करने और कब्जा करने की कोशिश का आरोप, पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की।14 जून नैनी सब्जी मंडी में एक दलित व्यापारी ने स्थानीय दबंगों पर दुकान पर कब्जा करने की नीयत से मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली नैनी में देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।जानकारी के अनुसार, पश्चिम कृषि संस्थान, नैनी निवासी राजूलाल पुत्र स्वर्गीय हरीलाल, जो अनुसूचित जाति समुदाय से हैं, वर्ष 2010 से नैनी सब्जी मंडी स्थित एक चबूतरे पर स्वर्गीय गुलाब चंद्र के साथ साझेदारी में सब्जी का व्यवसाय कर रहे थे। वर्ष 2012 में गुलाब चंद्र की मृत्यु के बाद भी वह उनकी पत्नी माधुरी देवी के साथ दुकान का संचालन करते रहे और नियमित रूप से दुकान का किराया तथा अन्य बिल जमा करते रहे।पीड़ित का आरोप है कि उनकी दुकान के सामने दुकान आवंटी ओमकार पटेल पुत्र बंशीलाल पटेल, जो क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्ति हैं, लंबे समय से अपने परिजनों अमित कुमार पटेल और टिंकू पटेल के माध्यम से उनकी दुकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं और लगातार विवाद उत्पन्न करते रहते हैं।राजूलाल के अनुसार, शनिवार 14 जून 2026 को लगभग दोपहर 2:30 बजे ओमकार पटेल अपने 10 से 12 अज्ञात साथियों के साथ उनकी दुकान में घुस आया। आरोप है कि उन्होंने जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग करते हुए दुकान खाली कराने का प्रयास किया और पीड़ित को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। इस दौरान दुकान में रखी सब्जियां भी फेंक दी गई।पीड़ित ने बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह तत्काल सब्जी मंडी पुलिस चौकी पहुंचे और पुलिसकर्मियों को साथ लेकर वापस आए। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से जाते समय दोबारा धमकी देकर फरार हो गए।राजूलाल का यह भी आरोप है कि दुकान में रखी बिक्री की लगभग 7 से 8 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। उन्होंने बताया कि दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, जिसकी फुटेज जांच के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है।पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने, दुकान की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की मांग की है।

## सर्विलांस सेल गंगानगर पुलिस टीम द्वारा 210 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद

**● अनुमानित कीमत 63 लाख 24 हजार रूपये/ को वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** जन-सामान्य के खोए हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करते हुए सर्विलांस-सेल गंगानगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-15.06.2026 को 210 खोए हुए मोबाइल फोन को रिकवर कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया । इन मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत 63 लाख 24 हजार रूपये/- है। सर्विलांस-सेल गंगानगर पुलिस टीम ने मोबाइल फोनों की बरामदगी के लिए तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया और कई स्थानों पर भौतिक जांच भी की, कॉल रिकॉर्ड्स, सी0 सी0 टी0 वी0 फुटेज, www.ceir.gov.in पोर्टल और लोकेशन ट्रैकिंग आदि जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए उक्त मोबाइल फोनों का पता लगाया । खोए हुए मोबाइल फोन रिकवर कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाने के इस अभियान ने न केवल नागरिकों को उनकी बहुमूल्य वस्तुएं लौटाई है, बल्कि उनके महत्वपूर्ण डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित की है । खोए हुए मोबाइल को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। सर्विलांस टीम द्वारा जनता से अपील की गयी कि भविष्य में गुम/ खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बंध में अपने स्थानीय थाने पर प्रचलित सी0ई0आई0आर0 पोर्टल पर मोबाइल रशीद, पहचान पत्र के साथ उपस्थित होकर अपलोड कराये, अपलोड होने के बाद आपके द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर रिक्वेस्ट नम्बर प्राप्त होगा और भविष्य में कभी भी किसी के द्वारा आपका मोबाइल फोन प्रयोग किया जायेगा तो मैसेज के माध्यम से नोटिफिकेशन प्राप्त होगा, जिसे सम्बंधित थाने के माध्यम से रिकवर कर आपको सुपुर्द किया जायेगा।

## फैमिली एंटरटेनर 'दुल्हनिया ले आएगी' दिल छू लेने वाली फिल्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** भारतीय सिनेमा के दिग्गज फिल्मकार प्रियदर्शन ने अपने लंबे समय के सहयोगी और निर्देशक आकाशादित्य लामा की आगामी फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' के लिए अपनी शुभकामनाएँ और समर्थन व्यक्त किया है। महेश मांजरेकर, पियूष मिश्रा और खुशाली कुमार अभिनीत यह फिल्म एक पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर कहानी है, जिसमें हास्य, भावनाएँ और एक दिलचस्प कथानक का अनूठा मेल देखने को मिलेगा। प्रियदर्शन और आकाशादित्य लामा का रचनात्मक संबंध कई वर्षों पुराना है। ऐसे में, अपने शिष्य को एक महत्वाकांक्षी फीचर फिल्म का निर्देशन करते देख प्रियदर्शन ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए इसके पारिवारिक मनोरंजन और दिल को छू लेने वाली कहानी की सराहना की तथा इसकी सफलता की कामना की। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने संदेश में प्रियदर्शन ने लिखा, 'आकाशादित्य लामा और 'दुल्हनिया ले आएगी' की पूरी टीम को हार्दिक बधाई। वर्षों तक आकाशादित्य के साथ काम करने के बाद उन्हें इस अनोखी फैमिली एंटरटेनर को साकार करते हुए देखना बेहद खुशी की बात है। एक शानदार कहानी और ढेर सारी भावनाओं से भरपूर यह फिल्म निश्चित रूप से दर्शकों का दिल जीतेगी। मैं फिल्म की सफलता की कामना करता हूँ और इसके सफर को देखने के लिए उत्सुक हूँ।'

## नैनी में आवारा कुत्तों का आतंक

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम की लापरवाही के कारण आए दिन लोग इनका शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।क्षेत्र के यमुनानगर गली, चक भटाई चौराहा, कसाई मोहल्ला, मेवा लाल बगिया, मलहरा फाटक और हनुमान नगर सहित कई इलाकों में आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते रहते हैं। इन कुत्तों के कारण राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं, लेकिन नगर निगम की ओर से समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है।क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## चोरी के जेवर, नकदी, इंजन, सिलाई मशीन और बाइक समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**बहरिया/प्रयागराज।** बहरिया थाना पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, दो इंजन, एक सिलाई मशीन, चोरी में प्रयुक्त औजार, एक मोटरसाइकिल तथा 10,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। थाना बहरिया में दर्ज मुकदमा संख्या 108/2026 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस में चोरी गए माल की बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी। इसी दौरान 14 जून को मुखबिर की सूचना पर चमरूपुर प्राइमरी स्कूल के पास से दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान समीर पुत्र इमाम अली निवासी तुलापुर, सिकंदरा थाना बहरिया तथा उज्ज्वल साहू उर्फ गोलू उर्फ लंटा तेली पुत्र अरविंद कुमार साहू निवासी सिकंदरा थाना बहरिया के रूप में हुई। तलाशी के दौरान समीर के पास से पीली धातु का एक लॉकेट, एक जोड़ी पायल, 5,800 रुपये नकद तथा चोरी की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। वहीं उज्ज्वल के कब्जे से दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी चूड़ा, एक जोड़ी बिछिया, एक सिक्का, एक जोड़ी अन्य आभूषण एवं 4,700 रुपये नकद बरामद किए गए।

## आप मेरे गुरु भाई हो...अविमुक्तेश्वरानंद पर मुकदमा करवाओ, आशुतोष महाराज और रामचंद्र दास की चैट वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** धार्मिक जगत से जुड़े दो प्रमुख पक्षों के बीच चल रहा विवाद अब सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित व्हाट्सएप चैट के बाद और गहरा गया है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी ने एक कथित चैट सार्वजनिक करते हुए तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं रामचंद्र दास ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए चैट को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत बताया है। सोशल मीडिया पर वायरल स्क्रीनशॉट में कथित तौर पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने की बात लिखी दिखाई दे रही है। चैट में यह भी उल्लेख है कि शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर देने और प्रभावशाली लोगों से फोन करवाने की व्यवस्था की जाएगी। हालांकि इस चैट की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। आशुतोष ब्रह्मचारी का दावा है कि वायरल चैट से यह संकेत मिलता है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले में कार्रवाई किसी सुनियोजित रणनीति के तहत कराई गई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी जान को खतरा है और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। दूसरी ओर, आरोपों के जवाब में आचार्य रामचंद्र दास ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है। उन्होंने कहा कि वायरल चैट पूरी तरह फर्जी है और इसकी किसी भी एजेंसी से जांच कराई जा सकती है। उन्होंने यहां तक कहा कि जांच के लिए उनका मोबाइल फोन तत्काल जब्त कर लिया जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। रामचंद्र दास ने बिना नाम लिए आशुतोष ब्रह्मचारी पर भी पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ अभियान चला रहा व्यक्ति कई गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपी रह चुका है और कुछ समय से निजी कारणों से उनसे नाराज है।

उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। गौरतलब है कि यह विवाद पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में है। इससे पहले आशुतोष ब्रह्मचारी ने एक वीडियो जारी कर दावा किया था कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य की सुरक्षा को उनके ही उत्तराधिकारी से खतरा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए रामभद्राचार्य ने भी एक वीडियो संदेश जारी कर इसे सुनियोजित साजिश बताया था। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक वातावरण को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# महिला और नाबालिग से मारपीट, घर में जबरन घुसने के आरोप

**● अदालत ने चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ FIR दर्ज करने का दिया आदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के दतिया में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश देते हुए कहा कि बिना वारंट किसी के घर में घुसना, महिलाओं और एक नाबालिग बच्चे के साथ मारपीट करना तथा निजी स्वतंत्रता का हनन करना किसी भी स्थिति में सरकारी कर्तव्य का हिस्सा नहीं माना जा सकता। अदालत ने इसे संविधान के अनुच्छेद 21 और 22 के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विजिताश्व पुष्कर ने दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 156(3) के तहत दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 452, 323 और 34 के तहत FIR दर्ज कर निष्पक्ष और गहन जांच करने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार 27 मार्च 2026 को कुछ पुलिसकर्मी बिना किसी वारंट या लिखित अनुमति के उसके किराए के मकान में घुस गए। आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता, उसकी मां, चाची, बहनों और एक नाबालिग बच्चे के साथ लात-घूंसों और लाठियों से मारपीट की। शिकायत में कहा गया कि शिकायतकर्ता की मां के सिर पर लाठी से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं। इसके बाद परिवार के सदस्यों को थाने ले जाया गया, जहां कथित रूप से मारपीट जारी रही। यह भी आरोप लगाया गया कि बाद में शिकायतकर्ता और उसके परिवार के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया तथा घटना के वीडियो, जो मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किए गए, पुलिस ने मिटा दिए। अदालत ने माना कि मामले में पुलिस जांच केवल आवश्यक ही नहीं बल्कि 'पूर्णतः अपरिहार्य' है। अदालत ने कहा कि संबंधित थाने के सीसीटीवी फुटेज तत्काल सुरक्षित और जब्त किए जाने चाहिए, क्योंकि उनमें घटना से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य हो सकते हैं। साथ ही मोबाइल फोन से कथित रूप से मिटाए गए वीडियो साइबर विशेषज्ञों की सहायता से पुनः प्राप्त किए जा सकते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि कथित रूप से इस्तेमाल की गई लाठियों और अन्य वस्तुओं की बरामदगी, घायलों के बयान और घटनास्थल का निरीक्षण भी जरूरी है। पुलिसकर्मियों की ओर से यह तर्क दिए जाने की संभावना पर कि उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक है, अदालत ने स्पष्ट कहा कि ऐसे कृत्यों को किसी भी तरह से सरकारी कर्तव्य के निर्वहन का हिस्सा नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि कथित अभद्र भाषा निजी आवास के भीतर प्रयोग की गई, जबकि संबंधित अपराध के लिए सार्वजनिक स्थान पर घटना होना आवश्यक है। मामले में अगली सुनवाई 16 जून को होगी, जब अदालत के समक्ष FIR की प्रति प्रस्तुत की जाएगी।

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

## संक्षिप्त खबरें

### रफ्तार पकड़ेगी पटना मेट्रो: पेंडिंग मामलों को सुलझाने और काम में तेजी लाने का कड़ा निर्देश



**पटना।** पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए सोमवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में परियोजना कार्यों में और तेजी लाने तथा लंबित मुद्दों के त्वरित समाधान का निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) के संयुक्त सचिव बलदेव पुरुषार्था ने की। समीक्षा बैठक में मेट्रो परियोजना की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति, निर्धारित लक्ष्यों और कार्यान्वयन की स्थिति का विस्तृत आकलन किया गया। इस दौरान परियोजना के समक्ष मौजूद विभिन्न बाधाओं और चुनौतियों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। बैठक में संयुक्त सचिव बलदेव पुरुषार्था ने परियोजना से जुड़े सभी हितधारकों और कार्यान्वयन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और निरंतर संवाद बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच प्रभावी तालमेल से ही परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जा सकेगा। साथ ही संसाधनों के बेहतर उपयोग और निर्माण गतिविधियों में गति लाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के ओएसडी (अर्बन ट्रांसपोर्ट) सह पीएमआरसीएल के अध्यक्ष जयदीप, पीएमआरसीएल के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार आर. पुडकालकट्टी, जेआइसीए के प्रतिनिधि तथा पीएमआरसीएल एवं डीएमआरसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान जेआइसीए प्रतिनिधियों ने भी परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से पटना मेट्रो निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ रही है। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि परियोजना के पूरा होने के बाद राजधानी पटना को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### हंगामे की आशंका पर हाई अलर्ट पर पटना पुलिस, इंटेलिजेंस की इन छात्रों पर नजर



**पटना।** खान ग्लोबल स्टडीज और ज्ञान बिंदु जीएस एकेडमी के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दोनों के समर्थक व छात्राओं के बीच माहौल गरम है। सोमवार को रौशन आनंद की जमानत के बाद जुटी आक्रोशितों की भीड़ को देखते हुए पटना पुलिस हंगामा की आशंका पर हाई अलर्ट पर है। कदमकुआं, पीरबहोर और बहादुरपुर थाना की पुलिस को एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने निर्देश दिया है कि माहौल पर नजर रखें। वहीं, सूत्र ने बताया कि इंटेलिजेंस भी उपद्रवी छात्रों पर नजर बनाए हुए है। दोनों ही संस्थानों के समर्थक व छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक है और अगर कुछ भी होता है तो मामला बढ़ सकता है। टाउन डीएसपी-1 ने बताया कि दोनों संस्थानों के पास पुलिस बल तैनात है। लगातार गश्ती भी की जा रही है कि कहीं भी माहौल न बने।

**भड़काऊ पोस्ट पर सोशल मीडिया सेल कर रही जांच**

इस वर्चस्व की लड़ाई को लेकर सोशल मीडिया पर सैकड़ों पोस्ट हर दिन वायरल हो रहे हैं। दोनों संस्थानों के समर्थक अलग-अलग दावा पेश कर रहे हैं और एक-दूसरे गलत ठहरा रहे है। इन सभी पोस्ट पर सोशल मीडिया सेल नजर बनाए हुए है, ताकि कोई भड़काऊ पोस्ट न करें। अगर ऐसी कोई पोस्ट मिले तो उस पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

**सादे लिबास में भी पुलिस कर रही गश्त**

पुलिस सूत्र के अनुसार, माहौल पर नजर रखने के लिए कुछ पुलिसकर्मियों को इलाके में सादे लिबास में घूमने के लिए भी कहा गया है। अगर कहीं पर असमाजिकतत्व किसी तरह की साजिश रच रहें है तो उसे समय रहते रोका जा सके। इसके अलावा, हॉस्टल व लॉज पर भी पुलिस की विशेष नजर है। एसएसपी ने बताया कि फिलहाल पूरा माहौल सामान्य है। सभी जगह सामान्य रूप से बच्चों को पढ़ाया जा रहा है।

# सुपौल में कानून शर्मसार छातापुर सीओ की सरपरस्ती में सोहटा बना रणक्षेत्र, भू-माफिया ने पुलिस के सामने दागीं गोलियां, कई घायल

**● डीसीएलआर कोर्ट के आदेश को रौंदकर सीओ राकेश कुमार ने चलाया अपना 'गुंडा राज', गुपचुप रची मापी की साजिश**

**वर्दी मूकदर्शक,अपराधियों की अंधाधुंध फायरिंग से दहला इलाका, ग्रामीणों ने खदेड़कर दो शूटर, स्कॉर्पियो और खोखा दबोचा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना** – बिहार में सुशासन के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए सुपौल जिले के छातापुर अंचल में कानून का इकबाल को जिम्मेदार अधिकारी ने ही चंद सिक्के के खनक के आगे नतमस्तक होते हुए पूरी तरह जमींदोज हो चुका है। यहाँ तैनात अंचल अधिकारी (सीओ) राकेश कुमार के लिए न तो वरीय अधिकारियों के आदेश का कोई मोल है और न ही उन्हें न्यायपालिका का कोई खौफ है। ताजा मामला छातापुर के सोहटा मौजा से जुड़ा है, जहाँ सीओ राकेश कुमार ने डीसीएलआर (ष्ठष्टरुक्र) कोर्ट के आदेश को रद्दी की टोकरी में फेंकते हुए खुलेआम अपनी मर्जी का 'समानांतर कानून' चलाना शुरू कर दिया है। आरोप है कि सीओ ने अपने सजातीय भू-माफिया पवन झा के रसूख और प्रभाव के आगे घुटने टेक दिए और पूरी व्यवस्था को ही गिरवी रख दिया। इसी शह का नतीजा रहा कि 15 जून को सोहटा में खुलेआम एक पक्षीय मापी कराने के नाम पर अपराधियों ने खूनी खेल खेला और ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके को दहला दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

सोहटा की एक बेशकीमती विवादास्पद जमीन को लेकर डीसीएलआर कोर्ट ने बेहद स्पष्ट और कड़ा आदेश जारी किया था। कोर्ट के निर्देशानुसार, सीओ को खुद विवादित जमीन का स्थल निरीक्षण करना था, वर्तमान दखलकार की भौतिक पहचान करनी थी और दोनों पक्षों के दस्तावेजों का निष्पक्ष अवलोकन करना था। इसके बाद, पक्ष-विपक्ष और चौहद्दीदारों की सदेह (भौतिक) उपस्थिति सुनिश्चित कर ही जमीन की मापी और सीमांकन का कार्य किया जाना था। लेकिन, सीओ राकेश कुमार पर आरोप है कि उन्होंने कोर्ट के इस न्यायसंगत आदेश को पैरों तले रौंद दिया। भू-माफिया पवन झा को फायदा पहुँचाने की नीयत से 15 जून को मापी की तारीख बिल्कुल गुप्त तरीके से तय कर दी गई। नियमों को ताक पर रखकर इस मापी की सूचना जमीन पर काबिज असली मालिकों और चौहद्दीदारों से छिपाकर रखी गई, ताकि भू-माफिया आसानी से जमीन पर कब्जा कर सके।

भ्रष्टाचार के दलदल में धंसे सीओ राकेश कुमार ने नियमों को ठेंगा दिखाने में अपनी सारी हदें पार कर दीं। कानूनन, यदि किसी जमीन मापी के दौरान शांति भंग होने या बड़े विवाद की आशंका होती है, तो सीओ को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) को पत्र लिखकर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की मांग करनी होती है। लेकिन यहाँ सीओ ने खुद को ही 'सुप्रीम कोर्ट' समझ लिया और अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर सीधे छातापुर थानाध्यक्ष को मापी के समय पुलिस बल के साथ उपस्थित रहने का तुगलकी और गैर-कानूनी आदेश जारी कर दिया।

पीड़ित रघुनंदन मेहता और अन्य जमीन मालिकों ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए बताया कि उन्होंने यह जमीन साल 1974 में वैध केवाला के जरिए खरीदी थी। पिछले 50-55 सालों से वे लोग इस जमीन पर शांतिपूर्ण तरीके से काबिज हैं और सरकार को नियमित लगान (रसीद) दे रहे हैं। डीसीएलआर के एकतरफा रुख के खिलाफ पीड़ित पक्ष सहरसा कमिश्नर के कोर्ट में अपील भी दर्ज करा चुका है। जब पीड़ित इस मामले से जुड़े वैध कानूनी दस्तावेज और कमिश्नर कोर्ट की अर्जी लेकर सीओ के पास पहुंचे, तो सीओ राकेश कुमार ने आवेदन पत्र लेने से साफ इनकार कर दिया और उन्हें दुत्कार कर भगा दिया, जो साफ दर्शाता है कि अंचल अधिकारी पूरी तरह भू-माफिया के एजेंडे पर काम कर रहे थे।

पूर्व नियोजित साजिश के तहत, तय तारीख (15 जून) को सोहटा स्थित विवादित स्थल पर सीओ राकेश कुमार खुद तो नहीं पहुंचे, लेकिन उनकी शह पर भू-माफिया पवन झा दर्जनों खूंखार अपराधियों के साथ लाठी-डंडे और अत्याधुनिक अवैध हथियारों से लैस होकर वहां आ धमका। शर्मनाक बात यह रही कि मौके पर मौजूद पुलिस तमाशबीन बनी रही और अपराधियों ने जमीन मालिकों और स्थानीय लोगों को डराने के लिए अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस खूनी तांडव में कई लोग गोलियों के छर्रे और हमले से घायल हो गए। अपराधियों के इस दुस्साहस और पुलिस की कायरता को देखकर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। पूरा गांव गोलियों की तड़तड़ाहट के बीच लाठियां लेकर एकजुट हो गया और अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों के भारी आक्रोश, तीखे प्रतिरोध और अदम्य साहस के आगे वर्दी की आड़ में आए अपराधी दुम दबाकर भागने पर मजबूर हो गए। इस दौरान जांबाज ग्रामीणों ने दो शूटरों को रंगेहाथ अवैध हथियारों के साथ दबोच लिया। साथ ही, मौके से अपराधियों की एक चमचमाती नई स्कॉर्पियो गाड़ी और जमीन पर बिखरे जिंदा कारतूस व खोखे को भी जब्त कर जनता की अदालत में पुलिसिया तंत्र को बेनकाब कर दिया।

इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पूरे सोहटा और छातापुर इलाके में भयंकर आक्रोश और तनाव व्याप्त है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि अगर सीओ ने भू-माफिया से मोटी रकम लेकर गुप्त तरीके से यह खूनी खेल न रचा होता, तो आज सोहटा की धरती लहूलुहान नहीं होती। पीड़ित पक्ष और स्थानीय जनता ने सुपौल के जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) से मांग की है कि इस पूरे खूनी खेल के मुख्य सूत्रधार छातापुर सीओ राकेश कुमार और भू-माफिया पवन झा पर तत्काल हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए।

## महारानी जानकी कुँअर की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए होगा सत्याग्रह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** महारानी जानकी कुँअर बेतिया राज की अंतिम महारानी थी। वह पूरे चंपारण वासियों के लिए मातृतुल्य थीं। उन्होंने स्वयं के प्रयास से शिक्षा, चिकित्सा तथा लोककल्याण के क्षेत्र में चंपारण के भविष्य के लिए अद्भुत काम किया। राज हाई स्कूल, एमजेके कॉलेज, एमजेके अस्पताल, मीना बाजार, मंदिर, पोखरा तथा बागों का निर्माण व उनकी देखरेख सुनिश्चित करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रयागराज में रहते हुए भी वे हर पल बेतिया की चिंता करती रहती थी। अगर धोखा से उन्हें बेतिया राज की उत्तराधिकारी से हटाया नहीं गया होता तो आज बेतिया की तस्वीर कुछ और होती। इसलिए महारानी की पुनर्प्रतिष्ठा को कायम करने के लिए तथा बेतिया मेडिकल कॉलेज का नामकरण फिर से महारानी जानकी कुँअर के नाम पर करने के लिए बड़े स्तर पर सत्याग्रह किया जायेगा। यह प्रस्ताव अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित महारानी जानकी कुँअर स्मृति बचाओ मंच की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पारित प्रस्ताव की जानकारी देते हुए मंच के संयोजक डॉ दिवाकर राय ने बताया कि हमलोगों ने समाज के हर वर्ग का सुझाव लिया है। सबका मानना है कि बेतिया मेडिकल कॉलेज से महारानी का नाम हटाना चंपारण वासियों के साथ घोर अन्याय है। जीएमसीएच का नाम फिर से महारानी के नाम पर करने के लिए पूरा जिला सत्याग्रह के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त कुछ कानूनी विषयों पर भी विशेषज्ञों से विमर्श किया जा रहा है और अगर आवश्यकता हुई तो इसके लिए कानूनी लड़ाई भी होगी। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया है कि इस सत्याग्रह में सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।बैठक में सोशल मीडिया समूह, कानूनी सलाह समूह और नारी जागरण समूह का भी गठन किया गया। मीडिया समूह के लिए सिद्धार्थ तिवारी तथा अम्बुज अनुपम, कानूनी सलाह समूह के लिए मृत्युंजय दुबे तथा रवि रंक और नारी जागरण समूह के लिए पूनम कुमारी यादव और मंजू सिन्हा को संयोजकत्व का दायित्व सौंपा गया। इस बैठक में डॉ अनिल कुमार मोटानी, डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, ज्ञानेन्द्र शरण, डॉ बी एन द्विवेदी, सत्येन्द्र शरण, विपिन प्रसाद, मुनीन्द्र झा, संतोष आनंद, शबा खानम, प्रभात कुमार जैसे समाजसेवी उपस्थित थे।

## निजी कोष से डेड बॉडी फ्रीजर (इलेक्ट्रिक कॉफिन बॉक्स) को आमजन के लिए रेड क्रॉस को सुपुर्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** आज के कामकाजी जीवन में लोग रोजी-रोजगार के कारण देश ही नहीं विदेशों में भी जाकर काम कर रहे हैं। जीवन का कोई भरोसा नहीं है कि कब किसकी सांसें थम जाए। अक्सर देखा जा रहा है कि किसी परिवार में किसी व्यक्ति का देहांत हो रहा है और उनके परिवार के कुछ सदस्य या करीबी व्यक्ति का उसी दिन के अंतिम संस्कार में पहुंचना संभव नहीं हो पाता है। इस परिस्थिति में शव को संरक्षित रखने की आवश्यकता पड़ती है। उक्त बातें नगर निगम, बेतिया की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने सोमवार रेड क्रॉस भवन में कही। मौका था श्रीमती सिकारिया के निजी कोष से डेड बॉडी फ्रीजर (इलेक्ट्रिक कॉफिन बॉक्स) को आमजन के लिए रेड क्रॉस को सुपुर्द करने का। रेड क्रॉस चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी, वाईस चेयरमैन विश्वनाथ झुनझुनवाला, सचिव डॉ. जगमोहन कुमार, संयुक्त सचिव जगदेव प्रसाद ने कहा कि शव को अंतिम संस्कार से पूर्व सम्मानजनक स्थिति में रखना मानवीय और नैतिक जवाबदेही है। कोई भी जरुरतमंद परिवार अपने आधार कार्ड की प्रति के साथ रेड क्रॉस भवन से डेड बॉडी फ्रीजर को प्राप्त कर सकता है। मौके पर प्रबंध समिति सदस्य सैयद शकील अहमद, अनुज कुमार, श्याम राज, आजीवन सदस्य अरुण कुमार वर्णवाल, डॉ. मदन बनिक, अर्चना कुशवाहा, अभिमन्यु कुमार, स्वयंसेवक राम कुमार, कर्मी रामरतन प्रसाद, अजय राउत आदि उपस्थित थे। रेड क्रॉस ने इस सहयोग के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया। वहीं रेड क्रॉस परिसर के बाउंड्री वाल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण हेतु पूर्व के मांग को दुहराया गया। जिसपर महापौर ने निगम की अगली बोर्ड की बैठक में इस पर निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

## 18 जून को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन

**बेतिया।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र बेतिया (डीआरसीसी) में दिनांक-18.06.2026 को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। इस दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराहून तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों का एनसीएस पोर्टल (NCS.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 18 जून को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के प्रांगण में आयोजित जॉब कैम्प में निजी नियोजक द्वारा डेवलपमेंट मैनेजर एवं इंश्योरेस एडवाईजर के पद पर कार्य करने हेतु कुल 32 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को बेहतर मानदेय प्रदान जायेगी। कार्यक्षेत्र पश्चिम चम्पारण होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी इससे संबंधित विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय के नंबर 06254-295737 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बेतिया राज और सेलिंग की जमीन पर भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन देने का वादा पूरा करे सरकार - रवीन्द्र कुमार रवि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुगौली।** भाकपा (माले) रेड फ्लैग के सुगौली अंचल कमिटी की ओर से अंचल कार्यालय के समक्ष 13 सूत्री मांगों को लेकर सैकड़ो कार्यकर्त्ताओं द्वारा साथी बैद्यनाथ सहनी की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना का संचालन संजय यादव ने किया। धरना को संबोधित करते हुये भाकपा (माले) रेड फ्लैग के राज्य सचिव कॉमरेड रवीन्द्र कुमार 'रवि' ने कहा की केन्द्र की नरेन्द्र मोदी, अमित शाह की सरकार विगत 12 वर्षो में गरीबों को और नीचा गिराने और पूरे देश को हिन्दू-मुस्लिम के भाईचारे को खत्म करने का काम किया है। आगे उन्होनें कहा कि मोदी ने अच्छे दिन लाने के नाम पर छात्र युवाओं के भविष्य को और अंधेरे में धकेल दिया है तथा पूरे देश के गरीबों को ठेंगा दिखाते हुये अडानी,अंबानी के हाथों देश के राष्ट्रीय सम्पति को बेचने का काम किया है। कामरेड भाग्यनरायण चौधरी ने कहा की मोदी, शाह द्वारा सभी सरकारी तंत्रों के बलबुते मनुवादी सोच के तहत संविधान को अपने बुट तले रौंधते हुयें लोकतंत्र का गला घोटा है।आगे उन्होने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा बिहार में बुल्डोजर का धौंस दिखाकर दशकों से बसे हुये गरीबों की झुग्गी झोपड़ी को उजाड़ कर बड़े-बड़े कॉर्पोरेट घरानों को एक रुपये की लीज पर देने के लिए उतारु है। संजय यादव ने कहा कि पटना जाने के लिए चम्पारण के बगहा और मोतिहारी से मात्र एक-एक ट्रेन है।

यात्रियों की परेशानी से निजात दिलाने के लिए 10 ट्रेनों को और चलाने की मांग की। जिला सचिव भोला साह ने कहा कि दशकों से बसे हुये बाढ़ कटाव के कारण हजारों बेघर लोग बाँध और सरकारी जमीन पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहे गरीबों को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा उनके आशियाने को बुल्डोजर से तोड़ा जा रहा है। सभा को चंदा देवी,राघव प्रसाद,सलमा खातून, भिखम राम, अवधेश राम, जितेन्द्र सहनी, दिलशाद मियां, सलमा खातून आदि नेताओं ने भी संबोधित कियें। बाद में भोला साह के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भाग्यनरायण चौधरी, सलमा खातून, अनिता देवी, प्रभा देवी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से अपनी 11 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन अंचलाधिकारी महोदय को सौपा गया।उक्त जानकारी भोला साह ने दी।

## चौथी श्री जगन्नाथ रथयात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प, तैयारियों को लेकर वृहद बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय श्री जगन्नाथ रथयात्रा के चौथे आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से शनिवार देर शाम सियरकोनी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में रथयात्रा प्रबंधन समिति की वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौपारण, इटखोरी, मयूरहंड एवं बरही क्षेत्र से लगभग 500 प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान आयोजन की तैयारियों, जिम्मेदारियों एवं जनसहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि चौपारण की रथयात्रा झारखंड के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी है। उन्होंने आयोजन समिति को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि इस आयोजन में सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिलता है। उन्होंने युवाओं द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह परंपरा आने वाले समय में स्वर्णिम इतिहास रचेगी। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि रथयात्रा की सफलता के लिए प्रत्येक घर तक पहुंचकर सहयोग लिया जाएगा तथा गांव-गांव में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। समिति सचिव राजदेव यादव ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी से सामूहिक सहयोग की अपील की। रथयात्रा संयोजक अभिषेक सिंह ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की जानकारी दी। उपाध्यक्ष संजय सिंह ने बैठक में प्राप्त सुझावों को अमल में लाने की बात कही, जबकि कोषाध्यक्ष मुनेश्वर गुप्ता ने कहा कि जनसहयोग और सामूहिक सहभागिता से ही इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया जा सकता है। आयोजक प्रमुख एवं मुखिया बिनोद सिंह ने कहा कि रथयात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहता है और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है। चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि हर वर्ष चतरा और हजारीबाग जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल होते हैं। उन्होंने इसे क्षेत्र की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए आयोजन समिति के प्रति अपना निरंतर सहयोग दोहराया। बैठक को उदय राणा, राकेश रंजन, गुरुदेव गुप्ता, रमेश ठाकुर, रामस्वरूप पासवान, सहदेव यादव, बीरेंद्र रजक सहित कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने रथयात्रा को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि सियरकोनी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से मौसीबाड़ी बिगहा तक निकलने वाली रथयात्रा में हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन झारखंड की प्रमुख रथयात्राओं में शामिल हो चुका है। इस वर्ष रथयात्रा में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना व्यक्त की गई है।



### बिहार के नए डिग्री कॉलेजों में जल्द शुरू होगी उर्दू और मैथिली की पढ़ाई

**पटना।** राज्य के नवसृजित 211 नये डिग्री महाविद्यालयों में अगले शैक्षणिक सत्र से उर्दू और मैथिली विषय की पढ़ाई प्रारंभ होगी। इस संबंध में राज्यपाल एवं कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश उच्च शिक्षा विभाग को दिया है। एक जुलाई से नये डिग्री महाविद्यालयों में जिन छह विषयों में पढ़ाई शुरू होने जा रही है उनमें हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान व समाजशास्त्र शामिल हैं। राज्यपाल सचिवालय के मुताबिक, राज्यपाल व कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने नवसृजित डिग्री महाविद्यालयों में इस सत्र से शुरू हो रही छह विषयों की पढ़ाई की सारी तैयारियां सुनिश्चित करने का आदेश कुलपतियों को दिया है। साथ ही, इन डिग्री महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) से संबंधित गतिविधियों को भी बढ़ावा देने हेतु कुलपतियों को निर्देश दिया गया है।

## जर्जर स्टोन मेटल सड़क पर आवागमन बना जोखिम भरा

**● ग्रामीणों ने विधायक से लगाई निर्माण की गुहारस्वतंत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर बनो ग्राम पंचायत के बांगाबाड़ी गांव में वर्षो पूर्व निर्मित ग्रेड-टू सड़क की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। रविवार को ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि मुखिया टोला स्थित पीसीसी सड़क से आरईओ पक्की सड़क तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर बिखरे नुकीले स्टोन मेटल के कारण पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। विशेष रूप से नंगे पांव चलने वाले ग्रामीणों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। वहीं बरसात के दिनों में लाल मोरम वाली सड़क पर कीचड़ भर जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। महिलाओं ने बताया कि गांव के स्कूल टोला तक पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, लेकिन उसके आगे का हिस्सा लंबे समय से उपेक्षित पड़ा है। इसी जर्जर मार्ग से ग्रामीण प्रतिदिन वाहन, बाइक तथा मवेशियों को चारा लाने-ले जाने के लिए आवागमन करते हैं। ग्रामीण महिलाओं ने स्थानीय विधायक प्रोफेसर Stephen Marandi से सड़क का नए सिरे से निर्माण कराने की मांग करते हुए कहा कि इस मार्ग के सुधार से गांव के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी तथा आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सकेगा।

## लायंस क्लब मधुपुर के आधिकारिक दौरे पर पहुंचे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार, सेवा कार्यों की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मधुपुर, देवघर:-** मधुपुर के एक स्थानीय होटल के सभागार में लायन्स क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 322ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन संजय कुमार का लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के द्वारा आधिकारिक दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने क्लब की वर्षभर की गतिविधियों एवं सेवा कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अपने संबोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार ने क्लब सदस्यों को समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लायंस इंटरनेशनल के उद्देश्यों, मूल्यों और सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा क्लब द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। क्लब अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मधुपुर सदैव समाज सेवा, मानव कल्याण एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के मार्गदर्शन और प्रेरणा से क्लब भविष्य में और अधिक प्रभावी एवं व्यापक सेवा कार्यों का संचालन करेगा तथा समाज के विभिन्न वर्गो तक अपनी सेवाओं का विस्तार करेगा। कार्यक्रम में पीएमजेएफ लायन डॉ. अरुण गुटगुटिया, उपाध्यक्ष लायन सुमंत गुटगुटिया, सचिव लायन विजय आनंद लच्छीरामका, सह-सचिव लायन राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, सेवा अध्यक्ष लायन महेश बथवाल, लायन सुवेंदु दा, लायन महेंद्र घोष, लायन रूपेश मोदी, लायन अटल चौरसिया, लायन विशाल चौरसिया एवं लायन गौतम कुशवाहा सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित थे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में क्लब की ओर से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन संजय कुमार का अभिनंदन करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## जहां रहते थे सम्राट-तेजस्वी; अब वहां रहेंगे निशांत, 2 देशरत्न मार्ग बंगला रामकृपाल यादव को मिला

पटना। पांच देशरत्न मार्ग बंगला अब स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को आवंटित कर दिया गया है। पांच देशरत्न मार्ग बंगला पूर्व में उपमुख्यमंत्री के लिए कर्णांकित हुआ था। बाद में जब सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बने तो कुछ दिनों के लिए इस बंगले को मुख्यमंत्री आवास यानी एक अणे मार्ग का विस्तारित हिस्सा बना दिया गया था। कुछ दिनों बाद ही इस बंगले को एक अणे मार्ग से अलग कर दिया गया। इसके बाद यह बंगला किसी को आवंटित नहीं हुआ था। मंत्रियों के लिए आवंटित होने वाले बंगले में पांच देशरत्न सबसे अधिक सुसज्जित बंगला है। एक समय उपमुख्यमंत्री के रूप में सुशील मोदी, तारकिशोर प्रसाद और तेजस्वी यादव के नाम यह बंगला आवंटित हुआ था। जब सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री बने तब उनके नाम से भी यह बंगला आवंटित हुआ था। सम्राट चौधरी इस बंगले से अपना काम-काज संपादित करते थे। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को भवन निर्माण विभाग ने पूर्व में दो देशरत्न मार्ग बंगला आवंटित किया था। अब उस बंगले को सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव को आवंटित कर दिया गया है।

## पीवीयूएनएल की पहल से बदली महिलाओं की तकदीर

**● 40 प्रशिक्षार्थियों को मिली सिलाई मशीनें और स्वरोजगार की राह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंड:-** पीवीयूएनएल बनहरदी कोयला खनन परियोजना की सामुदायिक विकास पहल के तहत आयोजित दो माह का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह में पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल ने 40 प्रशिक्षित महिलाओं के बीच सिलाई मशीनों का वितरण किया, जिससे उन्हें स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिला। कार्यक्रम में बनहरदी कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक निरोद कुमार मलिक, एजीएम (माइनिंग) असीम मिश्रा, एजीएम (एलए/आर एंड आर) आर.बी. सिंह, एजीएम (इन्फ्रा) सिद्धार्थ शंकर सहित अन्य अधिकारी, स्थानीय ग्रामीण एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। दो माह तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो बैचों के माध्यम से कुल 40 महिलाओं को सिलाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा करने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। प्रतिभागियों के कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पांच महिलाओं को स्मृति-चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल ने कहा कि पीवीयूएनएल स्थानीय समुदायों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि वे अपने परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ। क्षेत्र की महिलाओं के लिए यह पहल रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रम विभाग एवं मानव तस्करी रोधी इकाई की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया बाल श्रम उन्मूलन अभियान

**बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत 04 नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त**



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – जिलाधिकारी चर्चित गौड़, एवं , पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकार संरक्षण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में सोमवार दिनांक 15.06.2026 को श्रम विभाग एवं थाना मानव तस्करी रोधी इकाई (AHT) सोनभद्र की संयुक्त टीम द्वारा चोपन, ओबरा एवं अन्य विभिन्न स्थानों पर सघन बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं कार्यस्थलों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कार्यरत 04 नाबालिग बच्चों को चिन्हित कर बाल श्रम से मुक्त कराते हुए संबंधित नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान नियोक्ताओं एवं आमजन को बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल श्रम न कराने एवं बच्चों को शिक्षा से जोड़ने हेतु जागरूक भी किया गया।संयुक्त रेस्क्यू टीम में श्रम में मनोज शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मो0 रईश, थाना मानव तस्करी रोधी इकाई (।ड्ढ्र), सोनभद्र के निरीक्षक रामदरश राम, मुख्य आरक्षी धनंजय यादव, आरक्षी पंकज कुमार, महिला आरक्षी शालिनी वैश्य शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस एवं श्रम विभाग बाल श्रम उन्मूलन, बाल अधिकार संरक्षण एवं मानव तस्करी की रोकथाम हेतु निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

### नाबालिग की होने वाली शादी रुकवाई सीडब्ल्यूसी टीम ने

**कोंच(जालौन)**– सोमवार को नगर के एक मुहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया जब जिला मुख्यालय उरई की एक टीम स्थानीय पुलिस के साथ पहुंची और शादी वाले घर से दुल्हन को अपने साथ ले गई। शादी रुकने से हो रहीं अनेक चर्चाओं के बीच सामने आया है कि जो दुल्हन है दरअसल वो फिलवक्त नाबालिग है और इसकी शिकायत किसी ने संबंधित विभाग में कर दी। जानकारी के मुताबिक, नगर के एक मोहल्ले में स्थित एक घर में बेटी की शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। चार दिन बाद 19 जून को शादी की रस्में पूरी होनी थी। सोमवार की दोपहर अचानक एक गाड़ी घर के दरवाजे पर रुकती है, साथ में स्थानीय पुलिस भी थी। गाड़ी से आई महिला पुरुषों की उस टीम ने दुल्हन को उठाया और अपने साथ कोतवाली ले गई जहां जरूरी कागजी कार्यवाही के बाद टीम दुल्हन को अपने साथ ले गई। मामले को लेकर जानकारी करने पर पता चला कि उक्त टीम बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की थी जिसे किसी ने सूचना दी थी कि नाबालिग किशोरी की शादी रचाई जा रही है। सूचना मिलते ही टीम में शामिल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रतीक्षा सिंह, गरिमा पाठक, समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार के साथ सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडे, महिला दरोगा भारती सिंह आदि ने मौके पर पहुंचकर होने वाली शादी रुकवा दी और नाबालिग दुल्हन को अपने साथ ले गए।

### सड़क हादसों में महिला सहित तीन घायल

**कोंच(जालौन)**– सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। पहली घटना रविवार देर शाम उरई रोड स्थित मलंगा पुल के पास हुई। अंडा गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र छत्रसाल और गजराज पुत्र मुन्नी बाइक से कोंच बाजार से सामान लेकर वापस अपने गांव अंडा लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक स्कूटी व दूसरी बाइक के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन असंतुलित होकर सुरेंद्र की बाइक से टकरा गए जिससे वह सड़क पर गिर गए। हादसे में सुरेंद्र और गजराज घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल दोनों को सीएचसी कोंच पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार किया गया। दूसरी घटना तहसील के ग्राम कुंवरपुरा के पास हुई। सरावन थाना गोहन निवासी शबाना अपने पति आबिद के साथ मोटरसाइकिल से एट कस्बे में एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। रास्ते में अचानक मोटरसाइकिल का टायर पंचर हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और शबाना सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद पति आबिद और स्थानीय राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी और घायल महिला को सीएचसी कोंच पहुंचाया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की स्थायी पात्रता सूची हेतु ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का होगा आयोजन-जिलाधिकारी

**● 17 जून से 30 जून तक ग्राम पंचायतों में होगी बैठकें-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की स्थायी पात्रता सूची को अंतिम रूप देने के संबंध में खण्ड विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में 17 जून से 30 जून 2026 तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर पात्र एवं अपात्र लाभार्थियों का सत्यापन, सूची में आवश्यक संशोधन तथा प्राथमिकता क्रम का निर्धारण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्राम सभा की बैठक से पूर्व प्रत्येक मजरे में मुनादी, सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण सहभागिता कर सकें। प्रत्येक बैठक का फोटो एवं वीडियो प्रलेखन करते हुए कम से कम 10 छायाचित्रों सहित प्रस्तुतीकरण (पीपीटी) तैयार किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत सचिव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से प्राथमिकता सूची तैयार करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कार्मिक के विरुद्ध निलम्बन की कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी एवं लेखपालों की उपस्थिति सुनिश्चित कर भूमि एवं आय संबंधी मामलों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के उपरांत पात्रता सूची की वाल पेंटिंग ग्राम पंचायत सचिवालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर कराई जाएगी। 1 जुलाई से 15 जुलाई तक लाभार्थियों से आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जिनका जिला स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण कर निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर ग्राम सभा की बैठकों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पात्रता सूची को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0 एस0के0 राय, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## सोनभद्र पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय सोनभद्र द्वारा दुष्कर्म एवं आपराधिक षड्यंत्र के प्रकरण में 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन, पुलिस उपमहानिरीक्षक, विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मिर्जापुर के कुशल पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के नेतृत्व में जनपद सोनभद्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे ह्श्चद्गह्म्ड्डह्लद्बशठ्ठ ष्टशठ्ठ1द्बष्ह्लद्बशठ्ठ अभियान के क्रम में सोनभद्र पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्रभावी पैरवी एवं सशक्त पुलिस-न्याय प्रणाली के समन्वय से थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत अभियोग में माननीय न्यायालय एएसजे/एफटीसी/सीएडब्लू, सोनभद्र* द्वारा 02 अभियुक्तों को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। थाना : रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र मु0अ0सं0 : 240/2017 धारा : 376, 506, 120-बी भादवि जयदेव शर्मा पुत्र प्यारे लाल निवासी ग्राम झपरी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा पुत्र अमरनाथ शर्मा निवासी दाउदपुर, थाना चकिया, जनपद चन्दौली।न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को धारा 376/120-बी भादवि में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 01-01 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। साथ ही धारा 506 भादवि में 01-01 वर्ष के साधारण कारावास* एवं 500-500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में अभियुक्तों को 6 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। न्यायालय के आदेशानुसार सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी तथा जेल में बितायी गयी अवधि सजा में समायोजित की जायेगी। इस प्रकरण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस, अभियोजन अधिकारी, कोर्ट मोहर्रिर एवं जनपद मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी एवं सतत समन्वय स्थापित करते हुए न्यायालय में सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किये गये, जिसके फलस्वरूप अभियुक्तगण को दोषसिद्ध कराते हुए आजीवन कारावास की सजा दिलायी गयी। सोनभद्र पुलिस अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं दोषसिद्धि सुनिश्चित कराने हेतु सतत प्रतिबद्ध है।

# पिसनारी धाम में श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुआ शांति देवी साध का हंस चलावा एवं चौका आरती कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीश्री 108 श्री सदगुरु कबीर साहेब आश्रम, पिसनारी धाम में स्व.उदयचंद साध की धर्मपत्नी तथा देवेन्द्र मालवीय साध एवं द्वारिका प्रसाद मालवीय साध की पूज्य माताजी शांति देवी साध के हंस चलावा एवं चौका आरती कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। संचालन एवं धार्मिक अनुष्ठान परम पूज्य महंत श्रीरघुवीरानंद साहेब के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में बांधवगढ़ कबीर मठ से पधारी संगीत मंडली ने भजन-कीर्तन एवं कबीर वाणी की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। संगीत एवं सत्संग के वातावरण में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कबीर साहेब की शिक्षाओं का स्मरण करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महंत रघुवीरानंद साहेब ने कहा कि कबीर पंथ में मानव जन्म अत्यंत दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण है। यदि जीवात्मा सद्गुरु कबीर साहेब के ज्ञान, विवेक एवं रहनी को अपने जीवन में धारण कर ले तो उसे इस लोक में सफलता प्राप्त होती है तथा शरीर त्यागने के बाद जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति अर्थात मोक्ष की प्राप्ति संभव हो जाती है। उन्होंने समाज के लोगों से सदाचार, सेवा, सत्संग और आध्यात्मिक जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल, धनी धर्मदास आश्रम बांधवगढ़ (जिला उमरिया, मध्यप्रदेश) से पधारे रामाधार, पुष्पेंद्र, शिवलाल, दरवारी लाल, शोभानाथ, सुरेश एवं डा.खेमचंद वर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा महंत लक्ष्मण प्रसाद मालवीय, जमुना प्रसाद, मोहनदास, पुरुषोत्तम साध, रामसहाय पंथ, संतोष कुमार, हरनारायण तथा कबीर सैनिक सेवार्थी समिति (पंजीकृत) के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मनीष साध, महेन्द्र कुमार, मुकेश साध, देवेन्द्र साध, अंकित साध, अरविंद साध, अमित साध, धर्मेन्द्र साध, विजय साध, सुदर्शन, ध्रुव पंथ, लक्ष्मी नारायण, नरेन्द्र साध, रामनारायण साध, रामसेवक साध सहित अनेक समाजबंधुओं ने सहभागिता की। महिला श्रद्धालुओं में शकुंतला, चन्द्रप्रभा, सीमा, ममता कबीर पंथी, नीतू, भारती, शशि, हेमा, अनीता एवं ऊषा साध प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। चंदेरी से पधारे अशोक साध, शरद साध, रामगुलाम, संतोष, घनश्याम, गोपाल, धर्मदास, जगदीश, दीपू एवं कल्लू सहित हरिराम बाबूजी, बिहारी लाल, साहेब पंथ एवं बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लेकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## वर्षा ऋतु से पूर्व आपदा प्रबंधन टीम ने चलाया जनजागरूकता अभियान

**● वज्रपात, अतिवृष्टि, सर्पदंश, अग्निकांड एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव की दी जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा नागरिक सुरक्षा टीम द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व आमजन को आपदाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक जनसंपर्क एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लोगों को वज्रपात, अतिवृष्टि, सर्पदंश, अग्निकांड तथा अन्य प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। आमजन को बताया गया कि आपदा की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संपर्क सूत्रों एवं समन्वय व्यवस्था के बारे में भी जानकारी साझा की गई। टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया कि किसी भी दुर्घटना अथवा आपदा की सूचना तत्काल संबंधित विभागों एवं आपदा नियंत्रण कक्ष को दें, जिससे समय पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं नागरिक सुरक्षा टीम के सदस्यों ने नगर पालिका क्षेत्र के बड़े नालों, जलभराव संभावित क्षेत्रों तथा संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान संभावित जोखिमों को देखते हुए आपदा मित्रों एवं नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा लगातार जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, युवाओं में बढ़ती अवसाद (डिप्रेशन) की समस्या तथा आत्महत्या की प्रवृत्तियों को रोकने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने समाज के विभिन्न वर्गों से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्श एवं सहायता लेने का आह्वान किया। इस दौरान आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह ने उपस्थित जनसमुदाय को आपदा नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली एवं आपदा के समय समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर सूचना एवं समन्वय से आपदाओं के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रमोद सक्सेना, राजेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, जुबेर आलम, सुरेंद्र सेन, पवन कुमार, अमन साहू, मधु वंदना तिवारी, विजय, पुष्पेंद्र, रामगोपाल, अनिकेत पटेल सहित जिला आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा टीम सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**● भ्रामक सूचना देने पर अधिशासी अभियंता पिपरी के वेतन भुगतान पर रोक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं विद्यालयों में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन विद्यालयों में अभी तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें शीघ्र संतृप्त किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, रैंप, यूरिनल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनुपलब्ध हैं अथवा खराब स्थिति में हैं, उनकी मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता पिपरी द्वारा प्रस्तुत जानकारी का सत्यापन दूरभाष के माध्यम से कराया। सत्यापन में जानकारी असत्य पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता पिपरी के वेतन भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी देने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई, फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता, शत-प्रतिशत विद्युतीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण मिड-डे मील व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय खुलने के बाद जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन नियमितीकरण समेत 10 सूत्रीय मांगें उठाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संगठन के बैनर तले ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के लगभग 36 हजार संविदा ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की प्रमुख मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले लगभग 17 वर्षों से ग्राम पंचायतों में मनरेगा सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। संगठन का कहना है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों का कार्यभार ग्राम रोजगार सेवकों के माध्यम से संचालित हो रहा है, इसलिए उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाना आवश्यक है। ग्राम रोजगार सेवकों ने मांग की कि उन्हें राज्य कर्मचारियों के समान वेतनमान, भत्ते एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएं। साथ ही श्रमिकों एवं कर्मचारियों की तरह ईपीएफ, बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा दुर्घटना बीमा (पॉलिसी) का लाभ भी उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन में न्यूनतम मानदेय बढ़ाने तथा समय से भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। संगठन ने आरोप लगाया कि कई जिलों में ग्राम रोजगार सेवकों का 2 से 4 माह का मानदेय बकाया चल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए मासिक मानदेय भुगतान हेतु पृथक बजट की व्यवस्था किए जाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने, ग्राम रोजगार सेवकों के सेवा संबंधी अधिकारों को स्पष्ट करने तथा उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी मांगें भी शामिल हैं। संगठन ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं होने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह बुन्देला, महामंत्री धर्मेंद्र तिवारी, अजित कुमार, हरीराम कुशवाहा, विनोद कुमार, बृजवेन्द्र कुमार, आजम खान, निर्बल, सुरेन्द्र सिंह, अखिलेन्द्र कुमार नायक, रामसेवक, अजीत सिंह परमार, धर्मेंद्र तिवारी, भागीरथ राठौर, अर्जुन सिंह, मोहनलाल, राकेश कुमार, घनश्याम, रामस्वरूप, हरीशंकर, दीपचंद्र, रामभरोसे, संतोष कुमार, सुखदेव, मोहनलाल, सुन्दरलाल, मनोज साहू, सुखलाल, मकुन्दसिंह, रामस्वरूप, रमन सिंह, मेघराज सिंह, शैलेन्द्र, लक्ष्मी प्रसाद, परशुराम तिवारी, तुलसीराम, भागीरथ, संतोष, कन्हैयालाल, कृष्णपाल सिंह, रामनरेश, अजय कुमार, इन्द्रभान सिंह, वीरन कुमार, रामप्रताप सिंह, छोटेलाल के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## जनभागीदारी से होगा क्षय रोग का उन्मूलन मरीजों को वितरित की गई पोषण पोटलियां

**● राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रेडक्रॉस सोसायटी ने बढ़ाया सहयोग का हाथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र में रेडक्रॉस सोसायटी की जनपद शाखा के सहयोग से टीबी मरीजों को पोषण पोटलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षय रोगियों के पोषण स्तर में सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना और उपचार को अधिक प्रभावी बनाना है। सचिव डा.एस.पी. पाठक ने कहा कि टीबी रोगियों के लिए उचित पोषण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मरीजों को गोद लेने की योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत आमजन, अधिकारी एवं सामाजिक संगठन टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार एवं पोषण में सहयोग कर सकते हैं। गोद लिए गए मरीजों को नियमित रूप से पोषण किट उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। क्षय रोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने बताया कि टीबी एक पूर्ण रूप से उपचार योग्य बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवाओं का सेवन करें और पर्याप्त पोषण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पोषण पोटली जैसी पहल मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विभाग का लक्ष्य प्रत्येक मरीज को दवा के साथ-साथ पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराना है, ताकि वह जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सके। बताया कि जनपद में टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान का दूसरा चरण संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली आबादी की विशेष स्क्रीनिंग और जांच की जा रही है। इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित लोग, टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले लोग, मधुमेह एवं एचआईवी से ग्रसित मरीज तथा धूम्रपान एवं शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों को शामिल किया गया है। अभियान अंतर्गत चिन्हित ग्रामों में शिविर लगाकर एक्स-रे जांच और उपचार की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, वजन कम होना, लगातार बुखार, सीने में दर्द, शरीर में गांठ, रात में पसीना आना, अत्यधिक थकान, बलगम में खून आना और लगातार बलगम वाली खांसी टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच करानी चाहिए। जिला क्षय रोग अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि टीबी की जांच एवं उपचार जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किए निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच अवश्य कराएं। इस दौरान जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदर्श श्रीवास्तव, डीपीसी शिवराम सिंह, डीपीटीसी मनोज गुप्ता सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बबूल की लकड़ी के बंटवारे को लेकर भाइयों में खूनी संघर्ष, तीन घायल


**● बड़े भाई व तीन बेटों पर मारपीट का आरोप, मड़ावरा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम गिदवाहा में बबूल के पेड़ की लकड़ी के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि बड़े भाई ने अपने तीन बेटों के साथ मिलकर छोटे भाइयों और एक महिला पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गिदवाहा निवासी बारेलाल पुत्र लूले कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खेत पर लगे साझे के एक बबूल के पेड़ को तीनों भाइयों ने मिलकर काटा था। लकड़ी के बंटवारे के दौरान बारेलाल ने अपने हिस्से में से एक डाल छोटे भाई मान सिंह को दे दी। इसी बात को लेकर बड़े भाई फुलुआ नाराज हो गया और दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि 13 जून की रात करीब 8 बजे फुलुआ अपने पुत्रों रवि, छोटू और नारायण के साथ एकराय होकर आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में बारेलाल, उनके छोटे भाई मान सिंह तथा पत्नी लीला बाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। घटना के दौरान मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शिकायत पर मड़ावरा पुलिस ने फुलुआ, रवि, छोटू और नारायण के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांगो की समस्याओं के समाधान के लिए विधायक ने की अधिकारियों से बात



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर दिव्यांगो की समस्याओं के समाधान के लिए विधायक सुरेंद्र मैथानी ने आज अधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं, आपको बताते चलें कि राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने विधायक सुरेंद्र मैथानी के कार्यालय का घेराव किया था , जिसके बाद विधायक ने आज अधिकारियों से वार्ता कर मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया था,आज विधायक सुरेंद्र मैथानी ने सभी मामलों में अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का जल्द समाधान करवाने का निर्देश दिया है,, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने विधायक सुरेंद्र मैथानी से कहा कि दिव्यांग जनों के लिए बने कानून दिव्यांग जन अधिनियम 2016 का अनुपालन कराने, नौकरी रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोटी कपड़ा और मकान की सौ फीसदी गारंटी के लिए सामाजिक समानता कानून बनाने नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरा करने चलन क्रिया के दिव्यांग जन को सभी विभागों में नौकरियों के अवसर देने, आरक्षण कोटा बढ़ाने, दिव्यांग पेंशन 5000करने की मांग रखी, वीरेंद्र कुमार ने कहा कि मांग पूरी नहीं हुई तों, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी नींद हराम करो आंदोलन की शुरुआत करेगी, आज विधायक से मिलने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राहुल कुमार अल्पना कुमारी गौरव सिंह वैभव दीक्षित गुड्डी दीक्षित आदि लोग शामिल रहे।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध चला यातायात पुलिस का अभियान, 95 के विरुद्ध हुई कार्यवाही



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में दिनांकः 13.6.2026 व दिनांक 14.6.2026 को कानपुर यातायात पुलिस एवं सिविल पुलिस द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सजेती टोल प्लाजा व शिवराजपुर टोल प्लाजा पर ब्रीथ एनालाइज़र उपकरण के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई। इस प्रकार की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है, जो वाहन चालक व निर्दोष नागरिकों की जान के लिये गंभीर संकट है। चेकिंग के दौरान शराब पीकर नशे की हालत में वाहन चलाने वालो के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कुल 95 वाहन चालकों पर वैधानिक कार्यवाही की गई। कानपुर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके और जनसुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### जिला कारागार में बंदी की मौत की होगी मजिस्ट्रियल जांच, एसडीएम सदर को सौंपी गई जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार में निरुद्ध एक बंदी की मृत्यु के मामले में जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक पाण्डेय ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में उप जिला मजिस्ट्रेट सदर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जिला कारागार में निरुद्ध सिद्धदोष बंदी राधेश्याम पुत्र राम खेलावन (लगभग 72 वर्ष), निवासी गोगौर थाना बाघराय प्रतापगढ़ की 4 जून को 6.56 बजे प्रातःकाल जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। बंदी एक पुराने आपराधिक मुकदमे में सजा काट रहा था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों, महानिदेशक कारागार के परिपत्र तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएन एसएस) की धारा 194(4) के तहत कारागार में बंदी की मृत्यु के प्रत्येक मामले में स्वतंत्र जांच कराए जाने का प्रावधान है। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट ने मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराने का निर्णय लिया है। नामित जांच अधिकारी घटना से संबंधित सभी परिस्थितियों, उपलब्ध साक्ष्यों, अभिलेखों तथा संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज कर मामले के प्रत्येक पहलू की गहन पड़ताल करेंगे। जांच पूरी कर निर्धारित दिवस में विस्तृत आख्या प्रस्तुत की जाएगी।

# निर्माण के नाम पर 1. 25 करोड़ खाते से निकालने में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** शहरों और गांव के विकास के लिए मिलने वाले सरकारी धन को जालसाजी, धोखाधड़ी और कूट रचना के माध्यम से एक राय होकर हड़प करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे ही एक मामले में आरोपियों के खिलाफ भादसं की धारा 409 ,419 ,420 ,467,468 ,471,504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जाने के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना जांच शुरू कर दी है। डीआईजी के आदेश पर दर्ज हुई एफ आई आर में लगाए गए आरोपों के मुताबिक 1.25 करोड़ की यह सरकारी धनराशि पूर्व सांसद की अनुशंसा पर 10 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई थी ,जिसे विभिन्न व्यक्तियों के नामों से खातों से निकाल लिया गया।

भारतीय को आपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड लालबाग लखनऊ के अध्यक्ष एवं निदेशक पद के लिए भी निर्वाचित रहे जीतेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा कोतवाली बस्ती में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक़ वर्ष 2018 में पूर्व सासंद हरीश द्विवेदी की अनुशंसा पर वर्ष 2018 में नार्दन कोल्ड फील्ड सिंगरौली से निगमित सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत 10 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 1.25 करोड रूपये प्राप्त हुए थे ,जिसे भारतीय को-आपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड बस्ती की बैंक आफ इन्डिया शाखा बस्ती में एकाउन्ट खोलकर जमा किये गए थे।

एफ आई आर के अनुसार पवन कुमार पाण्डेय पुत्र गिरीश दत्त पाण्डेय बेलसर जिला गोण्डा, आशीष कुमार पाठक पुत्र मथुरा प्रसाद इस्माइलगंज इण्डस्ट्रीयल एरिया लखनऊ के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित इसी खाते से पवन कुमार पाण्डेय पुत्र गिरीश दत्त पाण्डेय, आशीष कुमार पाठक, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, मो0 आमिर आदि द्वारा एक राय होकर मिली भगत करते हुए खाते से भिन्न भिन्न व्यक्तियों के नाम से सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 1.25 करोड रूपये प्राप्त धनराशि खाते से निकाल ली।

आरोपों के मुताबिक इसके उपरान्त नार्दन कोल्ड फील्ड सिंगरौली के सभी कार्य पूर्ण नहीं होने के बाद भी कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र जमा कर दिया गया। जबकि निर्माण कार्यों के पूरा नहीं होने से संबंधित कई शिकायती पत्र ग्राम प्रधान द्वारा पहले ही भेजे जा चुके थे। जान से मारने की धमकी और गाली गलौज करने का भी आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराने वाले अध्यक्ष और निर्वाचित निदेशक भी रहे दहिलामऊ सिविल लाइन प्रतापगढ़ निवासी जीतेन्द्र कुमार अग्रवाल के मुताबिक उपरोक्त सभी ने भारतीय को-आपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड लिमिटेड लालबाग लखनऊ की छवि खराब करने के साथ-साथ जालसाजी कर कूटरचित अभिलेख तैयार करते हुए धनराशि का गबन धोखाधड़ी, अवैध लेनदेन और हेरा फेरी की है। अवगत कराते चलें कि संबंधित मामले में इसके पहले भी दो और मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। फिलहाल पुलिस अग्रिम कार्रवाई के लिए मामले की गहन विवेचना में लगातार जुटी हुई है।

## मारकान्डेय ऋषि आश्रम सिधौल मे कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ का आयोजन



**कानपुर ग्रामीण।** सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत सिधौल गांव में शतचंडी महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ, 15/6/2026 , से 24/6/2026 को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा, महंत 1008 अनूप दास महाराज के द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, यज्ञ में भक्तों के आने के लिए हमीरपुर रोड़ रेलवे स्टेशन से दक्षिण दूरी चार किलोमीटर, नियवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड, एनयूपीपीएल, से दूरी दो किलोमीटर है बरीपाल कस्बे की दूरी पांच किलोमीटर दक्षिण में है, आपको बताते चलें कि ज्येष्ठ मास की पावन सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर मारकान्डेय ऋषि आश्रम में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है,कलश यात्रा के मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, कार्यकताओं में प्रेमचंद प्रजापति, छोटेलाल परिहार,राम आसरे सचान, लालू प्रजापति,राम औतार प्रजापति, बेटा बाबू प्रजापति, आदि लोग श्रद्धालुओं की सेवा सुरक्षा की देखभाल करेंगे।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश

● 6 साइबर अपराधी गिरफ्तार, शिवराजपुर पुलिस व साईबर क्राइम सेल ने की बड़ी कार्यवाही, 15 करोड़ की ठगी कर चुके थे अभियुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना शिवराजपुर पुलिस एवं साइबर क्राइम सेल, कमिश्नरेट कानपुर नगर की संयुक्त कार्रवाई में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों को भयभीत कर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का सफल अनावरण करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरोह के सदस्य स्वयं को पुलिस, सीबीआई एवं अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर फर्जी मामलों में गिरफ्तारी का भय दिखाते थे तथा पीड़ितों से धनराशि ठगते थे। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम को पी2पी ट्रेडिंग के माध्यम से यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) में परिवर्तित किया जाता था। एनसीआरपी एवं प्रतिबिंब पोर्टल के अनुसार गिरोह पिछले लगभग 03 वर्षों से सक्रिय था तथा देशभर में लगभग 2,500 लोगों से 15 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी कर चुका है। ठगी की धनराशि के लेनदेन हेतु 450 से अधिक फर्जी एवं किराए के बैंक खातों का उपयोग किया गया।

अभियुक्तों के कब्जे से 05 मोबाइल फोन, 01 टैबलेट, 10 बैंक पासबुक, 02 चेकबुक एवं 12 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। गिरोह के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तराखंड एवं मध्य प्रदेश में भी शिकायतें दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तः अशरफ खान, सूरज कुमार, राजन कटियार, राजदीप, भीमरतन कुमार एवं कमल हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 308(2), 318(4) एवं आईटी एक्ट की धारा 66ष्ठ के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को ?25,000 के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

## यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान

● मौके पर 467 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही, स्टंट बाजों और मोडीफाइड साइलेंसर से शांति भंग करने वालों पर भी होगी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दिनांक 13.06.2026 से दिनांक 14.06.2026 तक एक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों/तिराहों पर वाहनों की सघन जांच की।

अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 467 वाहनों का चालान किया गया। अभियान की मुख्य विशेषताएंः दोपहिया वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध कार्रवाई। ट्रकों एवं भारी वाहनों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न पर नियंत्रण। निजी वाहनों पर अनधिकृत रूप से लगी नीली/लाल बत्ती एवं हूटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई 7 नियम विरुद्ध पाए गए वाहनों का मौके पर चालान किया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करने वाले एवं मॉडिफाइड उपकरणों से शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करें।

## धोविन पुरवा में विशाल जनसभा का आयोजन, इसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल हुए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर जनपद के पिपर गांव के पास स्थित धोविन पुरवा गांव में देर शाम एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया,इस सभा का उद्देश्य समाज को एकजुट होने और अपने अधिकारों के लिए संपर्क करने का आव्हान करना था, इसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल हुए, रविवार देर शाम करीब सात साढ़े सात बजे शुरू हुई इस जनसभा की शुरुआत महापुरुषों को नमन करके की गई, वक्ताओं ने महापुरुषों के विचारों और उनके जीवन संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला, घाटमपुर शेर अरविंद कुमार बौद्ध,जैन यादव, रमईपुर, डॉ पंकज गौतम,और रजत भाई,इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ताओं के रूप में उपस्थित रहे, सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज में एकता, भाईचारे, और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की असली ताकत उसकी एकजुटता में निहित होती है,सभी वर्गों को मिल कर सामाजिक विकास, शिक्षा और अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी तभी समाज का वास्तविक कल्याण संभव हैं, इस जनसभा में सोमेंद्र कुमार, कप्तान सिंह घाटमपुर, अभिषेक पासवान,सूरज पासवान,जय वर्मा, शिवा गौतम, सुनील गौतम, संतोष गौतम, और बीरू यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे, इसके अलावा ग्राम वासी एवं क्षेत्र वासी भी कार्यक्रम का हिस्सा बने।

## पुरुषोत्तम मास की अमावस्या पर शंकर जी का भक्तों ने किया जलाभिषेक



**प्रतापगढ़।** हनुमान मंदिर चिलबिला में पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन सोमवारी अमावस्या पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए भक्त जुटे रहे। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी भक्तों के साथ जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर आरती उतारी और प्रसाद का वितरण किया गया। प्रभु से सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई।इस अवसर पर छोटेलाल, शनि महाराज, सोनू महाराज, सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, प्रमोद कुमार, आदर्श, रामगोपाल, बजरंग लाल, सचिन, सुरेश, मनीष आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में संचालित पेयजल योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सूचीबद्ध फर्म मेसर्स जेएमसी फर्म एवं मेसर्स पावरमेक द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि परियोजनाओं का कार्य विधानसभावार किया जा रहा है, 185 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिस पर डीएम ने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधियों को पूर्ण हुये परियोजनाओ की सूची उपलब्ध करने का निर्देश दिया।डीएम ने 590 परियोजनाओ की समीक्षा की जिसमें 47 कार्य अनारम्भ पाये गये और अन्य परियोजनाओ के कार्यो के बारे में विस्तृत समीक्षा करते हुये अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया खारे पानी के स्थलों को चिन्हित कर बगल की ग्राम पंचायतों में जोड़ा जाय। जिन परियोजनाओं में विद्युत कनेक्शन नहीं है वहां एक सप्ताह के अन्दर विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, अधिशासी अभियंता जल निगम तौसीफ अहमद सहित समिति के सदस्य व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंचायत सहायकों ने मोबाइल की मांग को लेकर विधायक विनय वर्मा को सौंप ज्ञापन



**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड जोगिया में पंचायत सहायकों ने मोबाइल संबंधी मांग को लेकर खण्ड विकास अधिकारी और विधानसभा शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा को ज्ञापन सौंप। जिलाध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा ने ज्ञापन देते हुए कहा कि पंचायत सहायकों को मोबाइल की अत्यंत आवश्यकता है। कुछ पंचायत सहायकों के पास ऐसा मोबाइल है जिस मोबाइल से काम करना मुश्किल होता है। कोई कोई ऐप खुलता ही नहीं है।जिस कारण काम करना मुश्किल है। शासन स्तर से अगर मोबाइल मिल जाता तो काम करने में सहूलियत मिलती। 6000 मानदेय मिलता है। इस अल्प मानदेय में काम करना मुश्किल हो जाता है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष काजल, अभिषेक, राजेश,ओमकार साहनी, चन्द्रेश, अजय, फरहाद, लवकुश, अजय कुमार, किरण, सुमन आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने जिला पुस्तकालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय व 100 बेडेड चिकित्सालय शिवसत का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने जिला पुस्तकालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय तथा शिवसत स्थित 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा लापरवाही मिलने पर नाराजगी भी व्यक्त की। निरीक्षण की शुरुआत जिला पुस्तकालय से हुई, जहां जिलाधिकारी ने अध्ययनरत अभ्यर्थियों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। अभ्यर्थियों ने पुस्तकालय में बैठने के लिए पर्याप्त स्थान न होने की समस्या बताई। इस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से पुस्तकालय विस्तार की योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि पुस्तकालय भवन के ऊपर एवं बगल की खाली भूमि पर अतिरिक्त अध्ययन कक्षों का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विनियमित क्षेत्र कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के लिपिक अमन दूबे अनुपस्थित पाए गए। साथ ही कार्यालय में अभिलेखों और पत्रावलियों का रख-रखाव भी संतोषजनक नहीं मिला।जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लिपिक अमन दूबे के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा अगले दिन पूर्वान्ह 10 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यों में अनुशासनहीनता और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा डीएम ने 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय शिवसत का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का परखा और मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद को निर्देशित किया कि इसके संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें तथा सम्बन्धित व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर करा लें जिससे संयुक्त चिकित्सालय को प्रारम्भ कराया जा सके और आम नागरिकों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं का लाभ मिल सके।

## योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ, स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का किया गया आवाहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहीद उद्यान जनपद प्रतापगढ़ में सोमवार को योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर सुमन कुशवाहा, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुशील कुमार भारतीय, डॉ जयप्रकाश कुशवाहा, डॉ त्रिभुवन राम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष कृष्ण कुमार मौर्य, डॉ ब्रह्मानंद, डॉ एलएन कुशवाहा, डॉ संजय सिंह, डॉ प्रज्ञा सिंह, डॉ रंजन कुमार भारती , अम्बुज मिश्रा,अमित त्रिपाठी, सुशील तिवारी, योग प्रशिक्षक राकेश कुशवाहा एवं समस्त कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। योग सप्ताह का आयोजन ''योगा फॉर हेल्दी एजिंग'' थीम के तहत 15 जून से 21 जून तक किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करना एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने योग को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विधायक सदर एवं मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जनपदवासियों से योग सप्ताह तथा 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़- चढ़कर भाग लेने की अपील की। योग सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास, संगोष्ठी, जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ रंगनाथ शुक्ल ने किया।

## सपा का महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शनः तहसील तक नारेबाजी करते हुए पहुंचे

● बोले- छात्र घर नहीं पहुंच पाते और पेपर लीक हो जाता है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र 302 शोहरतगढ़ द्वारा पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी के नेतृत्व में तथा सपा जिलाध्यक्ष लाल जी यादव की अध्यक्षता में शोहरतगढ़ तहसील पर महंगाई, बेरोजगारी, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली के दामों में बड़े पैमाने पर मूल्य वृद्धि तथा डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की भारी किल्लत, अघोषित बिजली कटौती, किसानों को खाद बीज तथा डीजल का ना मिल पाना, नीट परीक्षा पेपर लीक, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ,ध्वस्त कानून व्यवस्था, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के परिवार पर नीच मानसिकता व अराजक तत्वों के द्वारा परिवार पर अभद्र व अशोभनीय टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग तथा भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ अपने हजारों समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ शोहरतगढ़ तहसील पर उप जिलाधिकारी के माध्यम से राजपाल के नाम ज्ञापन देकर जन समस्याओं के समाधान की मांग किया।

पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है अपराधियों का बोलबाला है भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए, अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है डीजल पेट्रोल रसोई गैस और बिजली के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर प्रदेश की जनता पर महंगाई का बोझ लाद दिया गया पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है यह सरकार किसानों को खाद बीज और डीजल तक उपलब्ध नहीं कर पा रही है हमारी मांग है कि डीजल पेट्रोल और रसोई गैस बिजली की मूल्य वृद्धि वापस लिया जाए और इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, धान के बेहन डालने का समय चल रहा है किसानों को समय से खाद और डीजल उपलब्ध कराया जाए, नीट परीक्षा का पेपर लीक हो जाता है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है और इस सरकार में पी डी ए आरक्षण का सबसे ज्यादा घोटाला हुआ है प्रदेश की जनता इस जन विरोधी सरकार को हटाने का मन बना चुकी है यह सरकार जनहित के हर मुद्दे पर विफल है 2027 का चुनाव देश और संविधान को बचाने का चुनाव है।

धरना प्रदर्शन में प्रदेश सचिव बेचई, अफसर हुसैन रिजवी, राममिलन भारती, मुरलीधर मिश्रा, घिसियावन यादव, कमरूज्जमा खान, खलकुल्लाह खान, बहराइची प्रसाद प्रेमी, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, हरिराम यादव, पारसनाथ विश्वकर्मा, रिंदु पासवान ,रामसेवक लोधी, शकील शाह, चंद्रभान पहलवान, घनश्याम जायसवाल, सुनीता गोस्वामी, मोहम्मद जावेद, चंद्रभूषण आर्य, सत्येंद्र यादव, मोहम्मद यूनुस, नौशाद मलिक, हरिशंकर मौर्य, राम शंकर मौर्य, जलालुद्दीन खान, मनोज मिश्रा, चंचल रावत, राजकुमार चौधरी, देव प्रकाश चौधरी, विंध्याचल चौधरी, नुरुल हुदा, रमेश लोधी, लाल जी चौधरी, रामचरण चौधरी, संजय रस्तोगी, अंगद यादव आदि उपस्थित रहे।

## सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिले- विधायक श्यामधनी राही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोटन ( सिद्धार्थनगर)।** विकास खण्ड लोटन के परिसर में आयोजित जन कल्याण एवं स्वास्थ्य अभियान शिविर के द्वितीय दिवस सोमवार को सदर विधायक श्यामधनी राही ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित किया एंव सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान सदर विधायक श्यामधनी ने सरकार की एक,एक योजनाएं उपस्थित लोगों को बताते हुए उसका लाभ लेने को कहा। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक ने परिसर में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वन विभाग एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिला का सदर विधायक,आंगनबाड़ी सुपरवाइजर साधना, बीडीओ सर्वेश मोहन,,ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह ने स्वास्थ्य मेले मे गोदभराई कराई गई। जन कल्याण शिविर मे आजिविका मिशन की लखपति दीदी को सम्मानित किया गया।विधायक ब्लाक प्रमुख,बीडीओ व प्रधान संघ अध्यक्ष ने एक एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष संजय शुक्ला, नौगढ़ पूर्ति निरीक्षक माला गुप्ता, रवीन्द्र कुमार जाटव प्रियंका गोस्वामी, दिलीप पटेल, ममता, रेखा, प्रमिला आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्तार मंत्री मावन-धीया सत्कार योजना के लिए जिले के पांच ब्लॉक में रजिस्ट्रेशन शुरू



**होशियारपुर-** पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक सुरक्षा के लिए शुरू की गई मुख्तार मंत्री मावन-धीया सत्कार योजना के तहत होशियारपुर जिले के माहिलपुर, भुंगा, टांडा, दसूहा, मुकेरियां और हाजीपुर ब्लॉक में आज से रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू हो गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर गगनदीप सिंह ने बताया कि महिलाओं के रजिस्ट्रेशन के लिए अलग-अलग जगहों पर कैंप लगाए गए हैं। स्कीम का फायदा पाने के लिए महिलाओं को अपने जरूरी डॉक्यूमेंट्स जैसे आधार कार्ड, जाति सर्टिफिकेट, बैंक अकाउंट की जानकारी और दूसरे जरूरी डॉक्यूमेंट्स लाने के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया कि स्कीम के तहत 18 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं और लड़कियों को सीधी फाइनेंशियल मदद दी जा रही है, जिसके तहत शेड्यूल्ड कास्ट (SC) कैटेगरी की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये और जनरल कैटेगरी की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये की फाइनेंशियल मदद सीधे उनके बैंक अकाउंट में जमा की जाएगी। उन सभी महिलाओं से अपील की गई है कि वे तय कैंप में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं और पंजाब सरकार की इस जनकल्याण योजना का ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को आसानी से पूरा करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

### तुगलकाबाद अग्निकांड के आरोपित निरंजन ने फैला रखा था नशा तस्करी का 'जाल', दर्ज हैं हत्या समेत 4 मुकदमे

**दिल्ली।** तुगलकाबाद एक्सटेंशन के गली नंबर-एक में आग लगवाने के मामले में पुलिस ने रविवार को जिस निरंजन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वह गोविंदपुरी और तुगलकाबाद एक्सटेंशन समेत अन्य इलाकों में नशा तस्करी का मास्टरमाइंड है। पूरे इलाके में नींद की गोली के साथ 100 रुपये में मिलने वाले एविल इंजेक्शन को 200 रुपये में बिकवाता है। उसके ज्यादातर खरीदार ई-रिक्शा चालक और नाबालिग हैं।

**एविल इंजेक्शन का कार्टन सौंपा**

एविल इंजेक्शन एक एंटी-एलर्जिक दवा है, जिसकी सामान्य बिक्री प्रतिबंधित है। जिस इमारत में आग लगी थी, उसी में पांचवें तल पर रहने वाले दीपक को निरंजन की प्रेमिका सरिता ने कुछ दिन पहले एविल इंजेक्शन से भरा कार्टन दिया था, जिसमें 400 वायल थे। इसकी कीमत तो 40,000 हजार थी, पर यह 80,000 में बिकनी थी।

**दीपक नहीं करना चाहता था यह काम**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक ओला बाइक चालक दीपक यह काम नहीं करना चाहता था, जिसे लेकर उसकी सरिता से कई बार बहस भी हुई। इसी खुन्नस में बदला लेने के लिए उसकी बाइक में आग लगाने की साजिश रची गई थी।

**निरंजन पर चार आपराधिक मामले दर्ज**

नवजीवन कैंप में रहने वाले निरंजन पर कुल चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। गोविंदपुरी थाने में सबसे पहले 2020 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 61 व 85 में एफआइआर हुई। वहीं 2021 में आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य मिटाना) व 34 (सामान्य आशय) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में वह जेल भी गया। पिछले महीने ही वह बेल पर बाहर आया था। उस पर लूट, आगजनी व आर्म्स एक्ट मामले में 2023 में कालकाजी व 2024 में गोविंदपुरी थाने में भी एफआइआर दर्ज है। वहीं उसके छोटे भाई राजकुमार पर भी नशा तस्करी समेत अन्य मामलों में केस दर्ज हैं।

**इंटरनेट पर काल करके नाबालिग को बुलाया**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सरिता व नाबालिग किशोरी हाल ही में हरिद्वार गए थे। सारा खर्च सरिता ने ही उठाया था। तब नाबालिग ने बाद में पैसे देने की बात कही थी। इस पैसे को माफ कर देने की बात कहते हुए उसे स्कूटी में आग लगाने के लिए तैयार किया गया था। घटना वाली रात सरिता ने उसे इंटरनेट काल करके गिरि नगर बुलाया था।

**पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंपे गए शव**

घटना में मृत पंकज, सुशीला देवी व सोनी कुमारी का रविवार को पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव स्वजन को सौंप दिए। घटना में मामूली रूप से घायल सीमा व करीना को एम्स ट्रामा सेंटर से छुट्टी दे गई। वहीं, सफदरजंग में भर्ती गुड्डी देवी व मोनी कुमारी की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि मुमताज खतरे से बाहर बताई जा रही हैं।

# 'कुमकुम भाग्य' एक्ट्रेस संचिता उगले ने किया सुसाइड

● प्रशासन से त्वरित व स्थायी सहायता की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य से मशहूर हुई एक्ट्रेस संचिता उगले ने रविवार रात को सुसाइड कर लिया। वे 22 साल की थीं। पुलिस ने बताया कि एक्ट्रेस का शव घर में सीलिंग फैन से लटका मिला। उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई। मुंबई पुलिस मीडिया को बताया, 'हमारी टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। घटना के समय वे घर में अकेली थीं। उनके पिता ने बेटी की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया।' संचिता अपने माता-पिता के साथ महाराष्ट्र के पालघर में रहती थीं। रविवार शाम करीब 5:30 बजे उनकी बहन अंजली घर से बाहर गई थी। इसी दौरान संचिता ने अपने बेडरूम के सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। परिवार संचिता को महानगरपालिका के तुलिंज अस्पताल लेकर गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे टीवी सीरियल 'कुमकुम भाग्य' के अलावा 'वागले की दुनिया' में भी नजर आई थीं। मौत से कुछ घंटों पहले वीडियो पोस्ट किया संचिता के निधन से ठीक कुछ घंटों पहले ही उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक रील पोस्ट की गई थी। वीडियो में एक्ट्रेस 'डफली वाले, डफली बजा' गाने पर लिपसिंक करती दिखी थीं। इस वीडियो के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा था, 'मैं नाचूं, तू नचा।' कमेंट सेक्शन में एक्ट्रेस के फैंस उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव थीं और लगातार पोस्ट करती रहती थीं। उनके इंस्टाग्राम पर 1 लाख 39 हजार फॉलोअर्स हैं।

**चचेरा भाई बोला- सुशांत की तरह इंडस्ट्री ने दबाया**

संचिता के चचेरा भाई आकाश उगले ने मीडिया से बातचीत में दावा किया है कि संचिता को फिल्म इंडस्ट्री द्वारा दबाया जा रहा था। उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत से जुड़ा सोशल मीडिया का एक वीडियो दिखाते हुए दावा किया है कि ये संचिता की फर्जी आईडी से पोस्ट किया गया है, जिसमें लिखा था, 'आज फिर 14 जून है'।

भाई ने मीडिया से बातचीत में कहा, मेरी बहन बहुत डर गई थी। इंडस्ट्री दबा देती है, धमकी देती है। जैसा सुशांत के साथ किया, उसे अंदर से खोखला कर दिया। इसमें बड़े-बड़े लोगों का हाथ होता है। यहां पावर गेम होता है। हमारे जैसे मिडिल क्लास के लोग आगे जाते हैं, तो उसे दबा दिया जाता है। चचेरे भाई द्वारा बताए गया इंस्टाग्राम अकाउंट संचिता उगले के फैन पेज की तरह दिखता है। हालांकि भाई ने दावा किया है कि ये अकाउंट संचिता खुद चलाती थीं। ये अकाउंट 2 जून को बनाया गया है। पेज के सभी वीडियो संचिता के थे, हालांकि 14 जून को पोस्ट किया गया आखिरी वीडियो सुशांत सिंह राजपूत का था। कथित तौर पर इस वीडियो के पोस्ट किए जाने के बाद संचिता ने आत्महत्या की है।

**को-स्टार ने रिलेशन कि अफवाह को नकारा**


संचिता की मौत के बाद सोशल मीडिया पर उनके 'साजन घर' के को-स्टार उज्ज्वल शर्मा के साथ नाम जुड़ने की अफवाहें चल रही हैं, लेकिन उज्ज्वल ने इन खबरों को गलत बताया है। टेलीचक्कर से बातचीत में उज्ज्वल ने साफ किया कि वे दोनों कभी रिलेशनशिप में नहीं थे। उज्ज्वल ने बताया कि संचिता किसी और को डेट कर रही थीं और उसके साथ लिव-इन में रह रही थीं। वे पिछले दो से ढाई महीने से अपने होमटाउन में हैं और संचिता से उनका कोई संपर्क नहीं था।

उज्ज्वल के मुताबिक, संचिता अपने एक्स-बॉयफ्रेंड से ब्रेकअप के बाद काफी मुश्किल समय का सामना कर रही थीं और मानसिक तनाव के लिए डॉक्टरी मदद भी ले रही थीं। संचिता की सेहत को ठीक रखने के लिए प्रोडक्शन हाउस ने भी सपोर्ट किया था और इलाज में मदद की थी।

## असम के प्रांतीयकृत कॉलेजों में शिक्षकों- ग्रंथपालों की म्यूचुअल ट्रांसफर की मांग तेज

● गृह जिलों से दूर तैनाती से बढ़ीं समस्याएं, शिक्षा मंत्री से शीघ्र निर्णय की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




असम के विभिन्न प्रांतीयकृत महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और ग्रंथपालों ने राज्य सरकार से पारस्परिक स्थानांतरण (म्यूचुअल ट्रांसफर) व्यवस्था लागू करने की मांग तेज कर दी है। उनका कहना है कि बड़ी संख्या में शिक्षक एवं ग्रंथपाल अपने गृह जिलों से दूर स्थित संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं, जिसके कारण उन्हें पारिवारिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत स्तर पर अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक एवं ग्रंथपाल समुदाय का मानना है कि इच्छुक कर्मचारियों के बीच म्यूचुअल ट्रांसफर की व्यवस्था लागू होने से इस समस्या का प्रभावी समाधान संभव है। उनका तर्क है कि इस व्यवस्था से सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा और न ही नए पदों के सृजन की आवश्यकता होगी। मांगकर्ताओं के अनुसार, पारस्परिक स्थानांतरण की सुविधा मिलने से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, कार्यकुशलता में सुधार होगा तथा वे अपने शैक्षणिक एवं पुस्तकालय संबंधी दायित्वों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के कई अन्य सरकारी विभागों में इस प्रकार की व्यवस्था पहले से लागू है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। शिक्षकों और ग्रंथपालों ने राज्य के शिक्षा मंत्री से इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध करते हुए कहा है कि यह एक व्यावहारिक, न्यायसंगत और कर्मचारी हितैषी पहल होगी, जिससे न केवल कर्मचारियों को लाभ मिलेगा बल्कि उच्च शिक्षा संस्थानों की कार्यप्रणाली और शैक्षणिक वातावरण भी सुदृढ़ होगा।

## खन्ना में आंगनवाड़ी वर्कर्स और सखियों को 'मावां-ध्यान सत्कार योजना' के लिए दो दिन की ट्रेनिंग दी गई

● स्ठरूस्वाति तिवाना ने योग्य महिलाओं के समय पर रजिस्ट्रेशन पर ज़ोर दिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** पंजाब सरकार की चलाई जा रही 'मावां-ध्यान सत्कार योजना' के तहत, सब-डिवीजन खन्ना की आंगनवाड़ी वर्कर्स और सखियों के लिए शनिवार और रविवार को किशोरी लाल जेठी (गर्ल्स) स्कूल ऑफ़ एमिनेंस, खन्ना में स्कीम के योग्य लाभार्थियों को रजिस्टर करने के लिए दो दिन की ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की गई। ट्रेनिंग वर्कशॉप की अध्यक्षता सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट खन्ना श्रीमती स्वाति टिवाना ने की। उन्होंने कहा कि 'माँ-बेटी सत्कार योजना' का फ़ायदा हर योग्य माँ-बेटी तक पहुँचाने के लिए सही और समय पर रजिस्ट्रेशन बहुत ज़रूरी है। इस काम में आंगनवाड़ी वर्कर और सखियों की भूमिका सबसे अहम है। सब डिवीज़नल मजिस्ट्रेट खन्ना स्वाति टिवाना ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को मज़बूत करने के लिए चलाई जा रही 'मुख्यमंत्री माँ-बेटी सत्कार योजना' के तहत रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू किया जाना है। इस स्कीम का मुख्य मकसद राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से मज़बूत करना है। इस कैंपेन के तहत अलग-अलग गाँवों और शहरों में कैंप लगाकर योग्य महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इस बारे में और जानकारी देते हुए स्ठरू स्वाति टिवाना ने कहा कि स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को आसान बनाया गया है ताकि ज़्यादा से ज़्यादा महिलाएँ इसका फ़ायदा उठा सकें। रजिस्ट्रेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप में महिलाओं को स्कीम का फ़ायदा पहुँचाने के लिए उनसे ज़रूरी डॉक्यूमेंट लेने के बारे में भी जानकारी दी गई है। सरकार का मकसद यह पक्का करना है कि हर योग्य महिला को इस स्कीम का फ़ायदा मिले और कोई भी छूट न जाए। उन्होंने कहा कि इस स्कीम से जुड़ी महिलाओं में बहुत उत्साह है। सरकार की इस पहल की तारीफ़ करते हुए उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ़ उनकी आर्थिक हालत सुधरेगी, बल्कि उन्हें अपने परिवार और समाज में ज़्यादा आत्मविश्वास के साथ जीने का मौका भी मिलेगा। सरकार ने आने वाले समय में ऐसी जनहितैषी स्कीमें जारी रखने का भरोसा दिया है, जिससे महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को और मज़बूती मिलेगी।

### हौजरानी अग्निकांडः केसर सिंह नेगी मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, उत्तराखंड संगठनों ने दिया धरना



**दिल्ली।** हौजरानी अग्निकांड मामले में गिरफ्तार उत्तराखंड निवासी केसर सिंह नेगी मामले में निष्पक्ष जांच व विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। उत्तराखंड लोक मंच के अध्यक्ष बृजमोहन उप्रेती के नेतृत्व में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील एवं गंभीर प्रकृति का है। ऐसे में यह आवश्यक है कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संपादित की जाए। किसी भी व्यक्ति को दोषी अथवा निर्दोष ठहराने का अधिकार केवल न्यायालय को है, इसलिए जांच एजेंसियों द्वारा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पूर्ण पालन किया जाना चाहिए। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से गृह मंत्री अमित शाह को भी ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस मामले में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भी निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

## कर्नाटकः मैसूर के रेस्तरां-बार में लगी भीषण आग, 2 लोगों की मौत; सात झुलसे

● मैसूर के दत्तागल्ली स्थित 'फॉक्स डेन लिकर गैराज बार एंड रेस्टोरेंट' में भीषण आग लगने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई और सात लोग बुरी तरह से झुलस गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मैसूर।** कर्नाटक के मैसूर में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक रेस्तरां-बार में भीषण आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई, वहीं 7 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। घटना ऋक्ष नगर इलाके में दत्तागल्ली के पास स्थित बार 'फॉक्स डेन लिकर गैराज बार एंड रेस्टोरेंट' में हुई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

आग तेजी से पूरे रेस्तरां में फैल गई, जिसने कुछ ही मिनटों में रेस्तरां के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। तेजी से फैलाती आग का चलते अंदर मौजूद लोगों और कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

**मरने वालों की हुई पहचान**

मरने वालों की पहचान दार्जिलिंग के रहने वाले साहिन (26) और नेपाल के रहने वाले प्रकाश (24) के तौर पर हुई है। दोनों इसी रेस्तरां में काम करते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार आग के तेज होने पर वे इमारत के अंदर ही फंस गए थे। मौके पर ही जलने से उनकी मौत हो गई।

**25 लोग रेस्तरां में थे मौजूद**

इस घटना में सात अन्य लोग घायल हो गए, फिलहाल उन्हें इलाज के लिए करीबी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोग बुरी तारह झुलस गये हैं, जबकि कुछ लोग धुएं से भरी इमारत से बाहर निकलने की कोशिश में घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब आग लगी तो रेस्तरां के अंदर 25 से ज्यादा लोग मौजूद थे। जैसे ही इमारत में धुआं फैला, तो कई लोग अंदर ही फंस गए। फायर और इमरजेंसी सर्विस के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया।

**बाहर निकलने का नहीं मिला रास्ता**

फायर ब्रिगेड ने जलती हुई इमारत से सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। चश्मदीदों ने बताया कि घने धुएं के चलते कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था और बाहर निकलने के रास्ते बंद हो गए थे, जिससे अंदर मौजूद लोगों में घबराहट फैल गई। खुद को बचाने की हताशा में, कुछ लोगों ने इमारत की ऊपरी मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे उन्हें और चोटें आईं।

## मैत्री फुटबॉल मैच के जरिए युवाओं को नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





यूथक्रिया ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी 'यूथक्रिया फिट वर्ल्ड रिवोल्यूशन' पहल के तहत दार्जिलिंग जिले के रूपंदिगी क्षेत्र में एक मैत्री फुटबॉल मैच एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशे से दूर रहने तथा पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में संगठन के संस्थापक एवं गवर्निंग बॉडी अध्यक्ष राघब चंद्र नाथ ने युवाओं को संबोधित करते हुए 'यूथक्रिया ड्रग फ्री रिवोल्यूशन', 'यूथक्रिया ग्रीन रिवोल्यूशन' और 'यूथक्रिया ट्रैश क्लीन रिवोल्यूशन' अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। संगठन की गवर्निंग बॉडी सचिव मानसी शर्मा ने बताया कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा, 'फिट युवा ही एक स्वस्थ और बेहतर विश्व के निर्माण की आधारशिला हैं। खेल के मैदान से ही फिट युवा की शुरुआत होती है।' मैत्री फुटबॉल मैच में स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने यूथक्रिया के विभिन्न सामाजिक अभियानों से जुड़कर अपने गांवों और मोहल्लों में जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। आयोजकों के अनुसार, इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने और सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दिल्ली के अस्पताल में बिजली के जंक्शन बॉक्स में लगी आग, दमकल की 5 गाड़ियों ने पाया काबू

**दिल्ली।** जनकपुरी क्षेत्र के विजय एन्क्लेव स्थित एक अस्पताल में रविवार देर रात बिजली के जंक्शन बॉक्स में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के अनुसार, रात करीब 10:25 बजे विजय एन्क्लेव स्थित अस्पताल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही तीन वाटर टेंडर, एक वाटर बाउजर और एक ब्रेथिंग सपोर्ट वाहन को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन अधिकारी रामजी लाल, स्टेशन अधिकारी राजेंद्र और एडीओ रविनाथ के नेतृत्व में राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। जांच में पता चला कि अस्पताल के भूतल पर स्थित इलेक्ट्रिक जंक्शन बॉक्स में आग लगी थी। दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया। रात 10:40 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाने का संदेश जारी कर दिया गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। समय रहते आग बुझा दिए जाने से अस्पताल में भर्ती मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित रही तथा कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

## शिलचर-आसाम विश्वविद्यालय सड़क के पुनर्निर्माण को मंजूरी

● विधायक ने जल्द अस्थायी मरम्मत का दिया आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि-** लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी असम के शिलचर-आसाम विश्वविद्यालय सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर आसाम विश्वविद्यालय गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ (एंटिया) के एक प्रतिनिधिमंडल ने 15 जून (सोमवार) को स्थानीय लोकप्रिय विधायक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को सड़क की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बारिकनगर क्षेत्र में सड़क की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक किशोर नाथ ने बताया कि शिलचर-आसाम विश्वविद्यालय सड़क के व्यापक पुनर्निर्माण के लिए लगभग 80 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होने में तीन से चार महीने का समय लग सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस दौरान आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों में तत्काल पैचवर्क और अस्थायी मरम्मत का कार्य शुरू कराने की पहल की जाएगी। साथ ही संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कदम शीघ्र उठाने का भरोसा भी दिया। एंटिया ने बैठक को सकारात्मक और सार्थक बताते हुए उम्मीद जताई कि विधायक के आश्वासन के अनुरूप जल्द ही आपातकालीन मरम्मत कार्य शुरू होगा तथा प्रस्तावित पुनर्निर्माण परियोजना के पूरा होने पर वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष देबाशीष चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष लालोन प्रसाद यादव, सहायक महासचिव किंकर पुरकायस्थ, कोषाध्यक्ष अनुपम चौधरी, सहायक कोषाध्यक्ष कानू धर तथा सदस्य रंजीत दास और जॉयदीप चक्रवर्ती शामिल थे। संघ के महासचिव उत्पल दास के अनुसार, सड़क मरम्मत की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों से संपर्क करने का प्रस्ताव हाल ही में आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में सदस्य देबाशीं डे द्वारा रखा गया था।

## असिस्टेंट कमिश्नर जनरल रमनजीत ने सेवा केंद्र, फर्द केंद्र और सब रजिस्ट्रार ऑफिस का सरप्राइज चेक किया

● काम करवाने आए आम लोगों से बातचीत करके दी जा रही सुविधाओं का रिव्यू किया

कर्मचारियों को स्कीमों का फायदा तय समय में देने के निर्देश दिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नवांशहर-** सरकारी ऑफिसों में लोगों को दी जाने वाली सर्विसेज़ की क्वालिटी और समय पर डिलीवरी पक्का करने के लिए, असिस्टेंट कमिश्नर जनरल रमनजीत ने आज डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलख के निर्देशों पर सेवा केंद्र, फर्द केंद्र और सब रजिस्ट्रार ऑफिस का सरप्राइज चेक किया। चेक के दौरान, असिस्टेंट कमिश्नर जनरल ने अटेंडेंस रजिस्टर, सर्विस देने का टाइम फ्रेम, स्टाफ की मौजूदगी और ऑफिस के रिकॉर्ड को ध्यान से चेक किया। उन्होंने कंप्यूटर, बायोमेट्रिक सिस्टम और कंप्लेंट बॉक्स के काम करने के तरीके को भी टेस्ट किया। सेवा केंद्र में अलग-अलग सर्टिफिकेट और स्कीमों के लिए अप्लाई करने के प्रोसेस का रिव्यू किया गया। इस मौके पर, असिस्टेंट कमिश्नर जनरल ने काम करवाने आए आम लोगों से बातचीत की और सर्विसेज़ मिलने के उनके अनुभव के बारे में जाना। लोगों ने असिस्टेंट कमिश्नर को बताया कि उन्हें अपना काम करवाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी ब्रोकर के जाल में न फंसें और सर्विस के लिए तय फीस ही जमा करें। असिस्टेंट कमिश्नर जनरल रमनजीत ने संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आने वाले हर व्यक्ति के साथ सम्मान से पेश आया जाए और सर्विस तय समय में दी जाए। उन्होंने कहा कि ऑफिस में सर्विस चार्ट और फीस लिस्ट साफ-साफ दिखाई जानी चाहिए। इस मौके पर संबंधित डिपार्टमेंट के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। फोटो कैप्शनः असिस्टेंट कमिश्नर जनरल रमनजीत सेवा केंद्र, फर्द केंद्र की चेकिंग के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए।

### नीट पेपर लीक केस में सीबीआई को जेल में कैद तीन आरोपितों से पूछताछ की मंजूरी




**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में जेल में बंद तीन आरोपितों से पूछताछ करने संबंधी सीबीआई की अर्जी को राउज एवेन्यू की मजिस्ट्रेट अदालत ने स्वीकार कर लिया। सोमवार को ड्यूटी जज सुरेंद्र मोहित सिंह ने आरोपित मनीषा संजय वाघमारे, धनंजय निवृत्ति लोखंडे और शुभम मधुकर खैरनार से न्यायिक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दे दी। सीबीआई ने अर्जी दाखिल कर न्यायिक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति देने की मांग की थी। सीबीआई ने अर्जी ने कहा कि यह तीनों आरोपित मुख्य साजिशकर्ता हैं और इन्होंने तीन मई को हुई नीट परीक्षा-2026 के प्रश्नपत्र पैसे के बदले लीक करने और उन्हें फैलाने में मदद की थी। अर्जी में जांच के सिलसिले में जरूरी जानकारी पाने के लिए आरोपितों से पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई थी। सीबीआई ने इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। नीट पेपर लीक के बाद परीक्षा को रद कर दिया गया था और अब यह परीक्षा दोबारा 21 जून को होगी।

## तीक्षण सूद की जन सभा में ने कहा भगवंत मान सरकार ने पंजाब को काले दौर में धकेला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**होशियारपुर-** पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद ने बताया है कि वार्ड न. 28 भाजपा के संभावित उमीदवार ठाकुर केवल सिंह द्वार आयोजित एक विशाल जन सभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद विशेष तौर पर पहुँचे। श्री सूद के अतिरिक्त अमरजीत सिंह लाड्डी ,यशपाल शर्मा , संदीप तिवाड़ी ,हरभजन पाल , कमल वर्मा , दर्शन सिंह सिद्धू ,मनजीत ,कमला रानी ,भगत सिंह ,कुलदीप सिंह सैनी ,अशोक ठाकुर ,गोरी ,परमजीत सिंह असमा ,वैशाली शर्मा आदि भी उपस्थित थे। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सूद ने कहा कि ठाकुर केवल सिंह बेदाग तथा ईमानदार व्यक्ति है। ना वह दल बदलू है ,ना ही उनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम तौर पर लोग सेवा के बल पर आज तक केंद्र में 3 बार सरकार बना चुकी है तथा 22 राज्यों की सरकार भी बना चुकी है। ऐसा तभी संभव हो सकता है अगर भाजपा ने बढ़िया कारगुजारी दिखाई है। पंजाब में भाजपा के कार्यकाल में नगर निगमों में बहुत अच्छे-अच्छे काम हुए है। पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस की कारगुजारी को नकार चुकी है। कांग्रेस के कुसाशन से दुखी होकर लोगो ने बदलाव लाने के लिए आम आदमी पार्टी को चुना। परंतु उस बदलाव को मुख्यामंत्री पंजाब की अगवाई में पंजाब को काले दौर में धकेल दिया। पंजाब को गैंगस्टरमुक्त करने वाली सरकार के संरक्षण में आज गैंगस्टर जेलों से लोगो तक अपनी बात पहुंचा रहे है तथा व्यापारी वर्ग को फ़िरोतियो की धमकी देकर परेशान किया जा रहा है।

नशा पहले से बढ़ गया है ,वेअदवियों की सज़ा नहीं हुई। जनता कानून व्यवस्था की बिगड़ी हालत से त्राहि -त्राहि कर रही है। केवल भारतीय जनता पार्टी ही पंजाब को इस काले दौर से निकाल सकती है।भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर दर्जनों युवाओं ने इस मौके पर अरुण कुमार के नेतृत्व में भाजपा ज्वाइन की तथा उनके पटके पहना कर स्वागत किया गया।